# नेशनल प्रेस टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

नई दिल्ली, मंगलवार
13 मई 2025

नई दिल्ली। (राष्ट्रीय संस्करण) वर्ष : 11, अंक : 74 www.nationalpresstimes.com पृष्ठ : 10 मूल्य : 05 रुपया RNI No : UPHIN/2015/64579


## हमें भारत ने नहीं भिड़ना है! चीन ने किया साफ

### पाकिस्तान को नहीं भेज रहा कोई हथियार



**नई दिल्ली।** पीएलएएफ ने गलत जानकारी साझा करने वाली तस्वीरों और शब्दों के कई स्क्रीनशॉट भी पोस्ट किए, जिनमें से प्रत्येक पर लाल रंग में अफवाह लिखा हुआ था।

चीनी सेना ने सोमवार को उन रिपोर्टों का खंडन किया कि उसके सबसे बड़े सैन्य मालवाहक विमान ने पाकिस्तान को हथियारों की आपूर्ति की है और ऐसी अफवाहें फैलाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है। पीपुल्स लिबरेशन आर्मी एयर फोर्स (पीएलएएफ) ने इस बात से इनकार किया है कि उसके शीआन वाई-20 सैन्य परिवहन विमान ने पाकिस्तान को आपूर्ति की है। चीनी रक्षा मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट पर सोमवार को एक रिपोर्ट में कहा गया कि इंटरनेट पर वाई-20 द्वारा पाकिस्तान को राहत सामग्री ले जाने के बारे में बड़ी मात्रा में जानकारी देखने के बाद, वायु सेना ने एक बयान में कहा कि ऐसे दावे झूठे हैं।

पीएलएएफ ने गलत जानकारी साझा करने वाली तस्वीरों और शब्दों के कई स्क्रीनशॉट भी पोस्ट किए, जिनमें से प्रत्येक पर लाल रंग में अफवाह लिखा हुआ था। रिपोर्ट में कहा गया कि इंटरनेट कानून से परे नहीं है!

जो लोग सैन्य-संबंधी अफवाहें बनाते और फैलाते हैं, उन्हें कानूनी रूप से ज़िम्मेदार ठहराया जाएगा! अपने पाकिस्तानी समकक्ष के साथ घनिष्ठ संबंध साझा करता है,

शेष पेज 2 पर

## ऑपरेशन सिंदूर भारत की हर बेटी, बहन, मां के नाम, PM Modi बोले-

# पाकिस्तान में भारत के हमले से आतंक की इमारतें ही नहीं, उनका हौसला भी थर्रा गया'



**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकवादियों ने जो बर्बरता दिखाई, उसने देश और दुनिया को हिलाकर रख दिया है। जो निर्दोष लोग छुट्टी मना रहे थे, उन्हें उनके परिवारों के सामने, उनका धर्म पूछकर मार दिया गया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऑपरेशन सिंदूर को लेकर राष्ट्र को संबोधित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि हम सभी ने पिछले कुछ दिनों में देश की क्षमता और धैर्य को देखा है। मैं सशस्त्र बलों, सेना, खुफिया एजेंसी और वैज्ञानिकों को सलाम करता हूं। उन्होंने कहा कि हमारे वीर सैनिकों ने ऑपरेशन सिंदूर के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए असीम शौर्य का प्रदर्शन किया है। मैं उनकी वीरता, उनके साहस, उनके पराक्रम को आज हमारे देश की हर माता, बहन और बेटी को समर्पित करता हूं।

पीएम मोदी ने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकवादियों ने जो बर्बरता दिखाई, उसने देश और दुनिया को हिलाकर रख दिया है। जो निर्दोष लोग छुट्टी मना रहे थे, उन्हें उनके परिवारों के सामने, उनका धर्म पूछकर मार दिया गया। उन्होंने कहा कि हमने आतंकवादियों का सफाया करने के लिए भारतीय सेना को पूरी आजादी दी है और आज हर आतंकवादी, हर आतंकवादी संगठन जानता है कि 'हमारी बहनें, बेटियों के माथे से सिन्दूर हटाने का अंजाम क्या होता है'। उन्होंने कहा कि पहलगाम हमला आतंकवाद का सबसे बर्बर चेहरा था; यह मेरे लिए व्यक्तिगत पीड़ा थी। हमने सशस्त्र बलों को आतंकवादियों को मिट्टी मिलाने की पूरी छूट दी।

मोदी ने कहा कि इस आतंकी हमले के बाद सारा राष्ट्र, हर नागरिक, हर समाज, हर वर्ग, हर राजनीतिक दल एक स्वर में आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के लिए उठ खड़ा हुआ।

शेष पेज 2 पर

## महाराष्ट्र सरकार सशस्त्र बलों के साथ प्रभावी समन्वय करेगी : फडणवीस

मुबंई। बैठक में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजीत पवार, महाराष्ट्र की पुलिस महानिदेशक रश्मि शुक्ला, मुंबई पुलिस आयुक्त देवेन भारती और अन्य संबंधित लोग भी शामिल हुए।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने सोमवार को कहा कि राज्य सरकार सशस्त्र बलों के साथ प्रभावी समन्वय सुनिश्चित करेगी और उनके साथ मिलकर काम करेगी। वह भारत-पाकिस्तान संघर्ष के मद्देनजर सशस्त्र बलों के वरिष्ठ अधिकारियों और अन्य प्रमुख एजेंसियों के प्रतिनिधियों की राज्य सरकार के साथ आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। एक बयान में कहा गया कि यह बैठक खुफिया आंकड़ों के आदान-प्रदान, प्रौद्योगिकी के प्रभावी उपयोग और एहतियाती कदम उठाने से संबंधित थी।

शेष पेज 2 पर

## निवेश आकर्षित करने, मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में तेलंगाना सबसे आगे : मुख्यमंत्री



**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री ने कहा, वृद्धि निवेश, नौकरियों का सृजन, बेहतरीन बुनियादी ढांचे का निर्माण और सभी वर्गों के लिए कल्याण का यह संतुलन ही हमारा दृष्टिकोण है ...जिसे तेलंगाना राइजिंग कहा जाता है।

तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने सोमवार को कहा कि निवेश आकर्षित करने, मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने और कानून व्यवस्था बनाए रखने में राज्य देश में सबसे आगे है।

सोनाटा सॉफ्टवेयर की यहां नई सुविधा का उद्घाटन करने के बाद उन्होंने कहा कि कांग्रेस के दिसंबर, 2023 में सत्ता में आने के बाद से राज्य ने लगभग तीन लाख करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित किया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने निजी क्षेत्र में एक लाख से अधिक नौकरियां सृजित की हैं।

दावोस में विश्व आर्थिक मंच और अमेरिका, दक्षिण कोरिया, जापान एवं सिंगापुर में निवेशक सम्मेलनों के दौरान सरकार ने दुनिया को यह विश्वास दिलाया है कि तेलंगाना का मतलब व्यापार है। तलेंगाना इस साल दावोस में सर्वाधिक करीब 1.78 लाख करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित करने वाला राज्य था।

शेष पेज 2 पर

## भारतीय सेना ने पाकिस्तान के परमाणु ठिकाने को बनाया निशाना?

**नई दिल्ली।** सरगोधा जिले में आने वाले एयरबेस पर हमले से पाकिस्तान में खतरे की घंटी क्यों बजने लगी? यहां मौजूद जिन किराना हिल्स को निशाना बनाए जाने की बात चल रही है, आखिर वह क्या हैं? भारत की तरफ से पाकिस्तान के एयरबेस तबाह किए जाने के बाद अमेरिका को ऐसा क्या खतरा महसूस हुआ, जिससे उसे संघर्ष को रोकने के लिए आगे आना पड़ा? आइये जानते हैं...

भारत के ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान को भारी नुकसान पहुंचाया है। भारत के सशस्त्र बल लगातार इससे जुड़े सबूत भी पेश कर रहे हैं। भारतीय सेनाओं की तरफ से किए गए हमले कितने सटीक थे, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अपने एयरबेसेज को हुए नुकसान के बाद पाकिस्तान ने दर्जनों देशों से संपर्क किया




और आखिर में अमेरिका के सामने आकर संघर्ष विराम की मांग उठा दी। चूंकि भारत का आतंकी ठिकानों को निशाना बनाने का लक्ष्य पूरा हो चुका था, इसलिए संघर्ष विराम पर सहमति भी बन गई। हालांकि, भारत की कार्रवाई और पाकिस्तान के घुटनों पर आने को लेकर अब नए खुलासे हुए हैं।

इनमें सबसे बड़ा खुलासा हुआ है पाकिस्तान के सरगोधा में स्थित एयरबेस को निशाना बनाने का। कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि इस एयरबेस पर भारत के हमले के बाद पाकिस्तान के साथ-साथ अमेरिका तक की नींद उड़ गई। सीएनएन से लेकर न्यूयॉर्क टाइम्स तक की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि शुरूआत में संघर्ष को नियंत्रण में रखने की बात कर रहा ट्रंप प्रशासन एकाएक परमाणु आपदा के खतरे को देखते हुए एक्शन में आया और लगातार बढ़ते संघर्ष को रुकवाने में बड़ी भूमिका निभाई।

ऐसे में यह जानना अहम है कि आखिर सरगोधा एयरबेस पर हमले से पाकिस्तान में खतरे की घंटी क्यों बजने लगी? यहां मौजूद जिन किराना हिल्स को निशाना बनाए जाने की बात चल रही है, आखिर वह क्या हैं? भारत की तरफ से पाकिस्तान के एयरबेस तबाह किए जाने के बाद अमेरिका को ऐसा क्या खतरा महसूस हुआ, जिससे उसे संघर्ष को रोकने के लिए आगे आना पड़ा? आइये जानते हैं...

पहले जानें- भारत ने पाकिस्तान में किन-किन एयरबेस को निशाना बनाया?

पाकिस्तान को सबसे बड़ा झटका 10 मई की सुबह लगा, जब भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के आठ सैन्य ठिकानों पर हवाई हमले किए, जिनमें हवाई अड्डे, रडार इकाइयां और गोला-बारूद के भंडार शामिल थे।

शेष पेज 2 पर

## युद्ध कोई रोमांटिक हिंदी फिल्म नहीं है, यह विनाश है', सीजफायर से नाराज लोगों को पूर्व सेनाध्यक्ष मनोज मुकुंद नरवणे का जवाब

**नई दिल्ली।** पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे ने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष रोकने के फैसले पर उठ रहे सवालों की आलोचना करते हुए कहा कि ह्ययुद्ध न तो रोमांटिक होता है और न ही यह कोई बॉलीवुड फिल्म है।

पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे ने भारत और पाकिस्तान के बीच शत्रुता के निलंबन पर सवाल उठाने वालों की आलोचना करते हुए कहा कि युद्ध न तो रोमांटिक है और न ही सिनेमाई। शहर में इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (पुणे चैप्टर) के हीरक जयंती समारोह में एक सभा को संबोधित करते हुए जनरल नरवणे ने कहा, ह्जब वास्तव में युद्ध छिड़ता है, तो मौत और विनाश होता है। इसकी अपनी लागत होती है,



पुनर्निर्माण की लागत के साथ-साथ खोए गए उपकरणों की लागत भी होती है।


पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे ने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष रोकने के फैसले पर उठ रहे सवालों की आलोचना करते हुए कहा कि युद्ध न तो रोमांटिक होता है और न ही यह कोई बॉलीवुड फिल्म है। शेष पेज 2 पर

### राजस्व व्यवस्था में बड़ा बदलाव

## अब लेखपाल से लेकर कमिश्नर तक की एकीकृत डैशबोर्ड से होगी निगरानी

लखनऊ ।उत्तर प्रदेश सरकार राजस्व विभाग में एकीकृत प्रणाली लागू करने जा रही है। इससे लेखपाल से आयुक्त तक सभी अधिकारी एक डैशबोर्ड पर जानकारी साझा कर सकेंगे। इससे राजस्व संबंधी समस्याओं का त्वरित समाधान होगा। साथ ही विभागीय कार्यों में पारदर्शिता आएगी।

उत्तर प्रदेश सरकार जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान और राजस्व विभाग के कामकाज में पारदर्शिता लाने के लिए बड़ी पहल करने जा रही है। इसके तहत लेखपाल से लेकर आयुक्त स्तर तक के अधिकारियों को एकीकृत



डैशबोर्ड से जोड़ने की योजना है। इससे राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली में सुधार आएगा और जवाबदेही भी तय होगी।

डैशबोर्ड के जरिये राजस्व विभाग के सभी अधिकारी जैसे लेखपाल, नायब तहसीलदार, तहसीलदार, एसडीएम और आयुक्त अब एक ही डिजिटल मंच पर जानकारी साझा कर सकेंगे। इससे न सिर्फ कार्यों की निगरानी आसान होगी, बल्कि जनता की शिकायतों का समयबद्ध समाधान भी सुनिश्चित होगा।

डैशबोर्ड से अधिकारियों की गतिविधियों की मॉनिटरिंग भी की जा सकेगी। इससे हर स्तर के अधिकारी की जवाबदेही तय की जा सकेगी। जनता के साथ शासन को भी यह जानकारी मिल सकेगी कि कौन अधिकारी किस स्तर पर कितना सक्रिय है।

शेष पेज 2 पर

### प्रेस वार्ता ▪ वायुसेना ने कहा-

## हमारी वायु रक्षा प्रणाली देश के लिए दीवार की तरह खड़ी थी

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान के साथ सीजफायर समझौता लागू के बाद दोनों देशों की सीमाओं पर हालात कैसे हैं? सीजफायर के बाद फिलहाल पाकिस्तान का रुख कैसा है?




सैनिकों को क्या दिशा-निर्देश दिए गए हैं? आतंकियों के पनाहगाह पाकिस्तान को कितना नुकसान हुआ है? ऐसे तमाम सवालों पर भारतीय सेना के तीन वरिष्ठ अधिकारियों ने विस्तार से जानकारी दी।

भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर के बाद आज भारतीय सेना के तीनों विंग के महानिदेशक स्तर के अधिकारियों ने लगातार दूसरे दिन प्रेस वार्ता की। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के बारे में विस्तार से जानकारी दी। ब्रीफिंग की शुरूआत करते हुए एयरमार्शल एके भारती ने बताया कि पाकिस्तानी सेना ने आतंकियों का साथ देना जारी रखा, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना की लड़ाई केवल आतंकवादियों के खिलाफ है।

आतंकियों के खिलाफ थी भारतीय सेना की कार्रवाई- एयर मार्शल एके भारती ने कहा कि रविवार को हमने विस्तार से बताया था कि भारत ने किस तरह पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में कार्रवाई की थी। हमने स्पष्ट किया था कि हमने आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था, पाकिस्तान के सैन्य प्रतिष्ठानों को नहीं। हालांकि, पाकिस्तान ने हमारे सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। हमारी लड़ाई आतंकवाद और आतंकियों के खिलाफ थी। 7 मई को हमने आतंकी ठिकानों पर ही हमला किया था, लेकिन पाकिस्तान ने आतंकवाद का साथ देने का फैसला किया। उनका जो भी नुकसान हुआ, इसके लिए वे खुद जिम्मेदार हैं। हमारी तरफ से एयर डिफेंस सिस्टम देश के लिए दीवार की तरह खड़ा था। इसे भेदना दुश्मन के लिए नामुमकिन था।

पाकिस्तान की पीएल-15 मिसाइल, चीनी ड्रोन्स किए गए ढेर

इस दौरान एके भारती ने बताया कि, हमारे पुराने हथियारों ने भी युद्ध में कमाल का काम किया और पाकिस्तान के खिलाफ लड़ाई में अहम भूमिका निभाई। आकाश सिस्टम से हमने पाकिस्तान द्वारा भेजे गए ड्रोन्स को तबाह किया। एयर मार्शल एके भारती ने बताया कि हमने पाकिस्तान की पीएल-15 मिसाइल और चीनी ड्रोन्स को सफलतापूर्वक निशाना बनाया। लेजर गन से पाकिस्तानी ड्रोन्स को निशाना बनाया गया।

शेष पेज 2 पर

# असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने भाजपा की पंचायत चुनाव जीत का श्रेय सामूहिक नेतृत्व और प्रधानमंत्री की लोकप्रियता को दिया।



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो, असम :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कल रविवार को राज्य के पंचायत चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की शानदार जीत का श्रेय पार्टी के मजबूत नेतृत्व, रणनीतिक समन्वय और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्थायी लोकप्रियता को दिया है । पंचायत चुनाव नतीजों के बाद बोलते हुए मुख्यमंत्री सरमा ने कहा कि ₹राज्य भाजपा अध्यक्ष दिलीप सैकिया ने इस चुनाव में हमारा नेतृत्व किया है । शुरू से ही हमें विश्वास था कि उम्मीदवारों के चयन से लेकर गठबंधन तक सभी चीजों को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद हम भारी जीत हासिल कर पाएंगे।₹मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि यह अभियान एक सामूहिक प्रयास था, जिसमें केंद्रीय मंत्रियों, राज्य मंत्रियों, विधायकों और पार्टी नेताओं की सक्रिय भागीदारी थी। मुख्यमंत्री सरमा ने कहा कि , ₹राज्य भाजपा अध्यक्ष के सुझाव के बाद सभी केंद्रीय मंत्रियों, राज्यमंत्रियों, विधायकों और सभी भाजपा नेताओं ने इस चुनाव में हिस्सा लिया था । मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने पूर्व असम के मुख्यमंत्री तथा वर्तमान के केंद्रीय मंत्री सबार्नंद सोनोवाल, भाजपा के राष्ट्रीय सचिव तथा सांसद कामाख्या प्रसाद तासा, पूर्व केंद्रीय मंत्री रामेश्वर तेली और केंद्रीय राज्य मंत्री पवित्र मार्घेरिटा सहित कई प्रमुख नेताओं को उनके योगदान के लिए धन्यवाद दिया। इसके अलावा मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि , ₹असम के प्रति प्रधानमंत्री का प्यार और उनकी शुभकामनाएं हमें प्रेरित करती हैं। उन्होंने इस पंचायत चुनाव में असम के लोगों से मिले भारी समर्थन का श्रेय लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोगे के ऊपर छोड़े प्रभाव को दिया ओर इस विशाल जीत का एक कारण के रूप में प्रधानमंत्री को बताया ।

# अब आसमान से बरसेगी आगः भीषण गर्मी के लिए हो जाएं तैयार, पारा

नई दिल्ली। मंगलवार को आसमान साफ रहेगा। साथ ही, आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। इस दौरान लगातार सतही हवाएं 20-30 किमी प्रति घंटा की गति से चलेंगी जो कभी-कभी 40 किमी प्रति घंटा तक बढ़ सकती है।

दिल्ली में कुछ दिनों से बारिश का दौर चल रहा था। इससे मौसम सुहावना बना रहा, लेकिन मई के मध्य से आसमान से आग बरसने वाली है। आने वाले दिनों में गर्मी का यह सितम और बढ़ने वाला है। पारा 40 से 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचेगा। ऐसे में लोगों को भीषण गर्मी का प्रकोप झेलना पड़ेगा। आने वाले दिनों में यह स्थिति और भयावह हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, 14 से पारा 40 के पार जा सकता है।

राजधानी में मंगलवार को आसमान साफ रहेगा। साथ ही, आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। इस दौरान लगातार सतही हवाएं 20-30 किमी प्रति घंटा की गति से चलेंगी



जो कभी-कभी 40 किमी प्रति घंटा तक बढ़ सकती है। ऐसे में अधिकतम व न्यूनतम तापमान क्रमशः 40 तथा 26 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा। सोमवार को आसमान साफ रहा। ऐसे में सुबह से ही सूरज अपने तेवर दिखाने लगा था। ऐसे में लोग गर्मी से बेहाल दिखे। इस दौरान अधिकतम तापमान सामान्य से 1.2 डिग्री सेल्सियस कम के साथ 38.3 डिग्री दर्ज किया गया। कुछ इलाकों में तापमान 38 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया।

**रिज रहा सबसे गर्म**

रिज में सबसे अधिक तापमान रहा। यहां अधिकतम तापमान 39.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आया नगर व लोधी रोड में 38.6 और पालम में 38.7 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान रहा। साथ ही, न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.0 डिग्री सेल्सियस कम के साथ 24.4 डिग्री दर्ज किया गया। लोधी रोड में न्यूनतम तापमान अन्य केंद्र के मुताबिक सबसे कम रहा। यहां न्यूनतम तापमान 22.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। रिज व आया नगर में 23.5 व पालम में 24.5 डिग्री दर्ज हुआ।

# पेज एक का शेष...

## पाकिस्तान में भारत के हमले से आतंक की इमारतें ही नहीं, उनका हौसला भी थर्रा गया'

हमने आतंकवादियों को मिट्टी में मिलाने के लिए देश की सेनाओं को खुली छूट दे दी। आज हर आतंकी, आतंक का हर संगठन जान चुका है कि हमारी बहनों-बेटियों के माथे से सिंदूर हटाने का अंजाम क्या होता है। उन्होंने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान में आतंकवादी स्थलों पर हमला किया। आतंकवादियों ने सपने में भी नहीं सोचा होगा कि भारत इतना बड़ा कदम उठाएगा। जब भारतीय मिसाइलों और ड्रोनों ने पाकिस्तान में उन स्थलों पर हमला किया, तो न केवल आतंकवादियों की इमारतें नष्ट हुईं, बल्कि उनके साहस को भी कुचला गया।

उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर, सिर्फ नाम नहीं है, ये देश के कोटि-कोटि लोगों की भावनाओं का प्रतिबिंब है। ऑपरेशन सिंदूर, न्याय की अखंड प्रतिज्ञा है। 6 मई की देर रात, 7 मई की सुबह पूरी दुनिया ने इस प्रतिज्ञा को परिणाम में बदलते देखा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमने पाकिस्तान के आतंकवादी और सैन्य ठिकानों पर अपने हमले रोक दिए हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की तैयारी सीमा पर वार की थी लेकिन भारत ने पाकिस्तान के सीने पर वार कर दिया।

## हमें भारत ने नहीं भिड़ना है! चीन ने किया साफ

द्वारा इनकार को महत्वपूर्ण माना जाता है, जो भारत और पाकिस्तान के बीच सभी गोलीबारी और सैन्य कार्रवाइयों को रोकने और इस्लामाबाद द्वारा तत्काल पुनःपूर्ति की आवश्यकता के लिए सहमति के दो दिन बाद आया है।

स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (एसआईपीआरआई) की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, चीन पाकिस्तान के लिए सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्ता बनकर उभरा है, जिसने 2020 से 2024 तक अपने सदाबहार सहयोगी पाकिस्तान के हथियारों की खरीद में 81 प्रतिशत हिस्सा हासिल किया है। इस खरीद में नवीनतम लड़ाकू जेट, रडार, नौसैनिक जहाज, पनडुब्बियां और मिसाइलें शामिल हैं। दोनों देश संयुक्त रूप से जे-17 विमान बनाते हैं, जो पाकिस्तान वायु सेना (पीएएफ) का मुख्य आधार है। पाकिस्तान द्वारा चीनी हथियारों की आपूर्ति के बड़े पैमाने पर उपयोग और दोनों देशों के बीच सदाबहार संबंधों को देखते हुए, चीनी आधिकारिक मीडिया ने पिछले कुछ दिनों में भारत-पाकिस्तान सैन्य टकराव में काफी रुचि दिखाई है, जिसमें विमानों को मार गिराने सहित पाकिस्तान के कुछ दावों को दोहराया गया है।

## भारतीय सेना ने पाकिस्तान के परमाणु ठिकाने को बनाया निशाना?

यह पलटवार पड़ोसी देश की ओर से लड़ाकू विमानों, मानवरहित लड़ाकू हवाई वाहनों (यूसीएवी) और मिसाइलों का इस्तेमाल कर भारत के सैन्य बुनियादी ढांचे और नागरिक क्षेत्रों पर किए गए हमलों के जवाब में किया गया था।

भारतीय वायुसेना ने रफीकी, मुरीद, चकलाला, रहीम यार खान, सुक्कुर, चुनियन, पसरूर और सियालकोट में सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। रात भर चले घटनाक्रम ने भारत द्वारा ऑपरेशन सिंदूर शुरू किए जाने के बाद से दोनों सेनाओं के बीच सबसे भीषण संघर्ष को चिह्नित किया। भारत द्वारा निशाना बनाए गए लक्ष्यों में तकनीकी अवसंरचना, कमांड और नियंत्रण केंद्र, रडार साइट और हथियार भंडारण क्षेत्र शामिल थे। संघर्ष विराम की घोषणा के बाद एक ब्रीफिंग के दौरान विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में भारतीय प्रतिष्ठानों पर अकारण हमले के बाद पाकिस्तान को बहुत भारी और असहनीय क्षति हुई है।

उन्होंने कहा, "स्कार्दू, सरगोधा, जैकोबाबाद और भोलारी जैसे महत्वपूर्ण पाकिस्तानी एयरबेसों को भारी नुकसान पहुंचा है। साथ ही, वायु रक्षा हथियारों और रडार के नुकसान ने पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र की रक्षा को अस्थिर बना दिया है। एलओसी के पार, सैन्य बुनियादी ढांचे, कमांड और नियंत्रण केंद्रों और रसद प्रतिष्ठानों को व्यापक और सटीक नुकसान ने इसकी रक्षात्मक और आक्रामक क्षमताओं को पूरी तरह से खत्म कर दिया है।

सरगोधा एयरबेस पर भारत के हमले से अमेरिका की नींद क्यों उड़ी?

किराना हिल्स पहली बार दुनिया में चर्चा में तब आई थीं, जब अमेरिकी सैटेलाइट्स ने यह पकड़ा कि पाकिस्तान 1983 से 1990 के बीच लगातार परमाणु परीक्षण की तैयारी करता रहा। बाद में अमेरिका ने पाकिस्तान के परमाणु परीक्षणों पर आपत्ति जताई और इसी के साथ इस केंद्र पर परमाणु परीक्षणों को रोक दिया गया। हालांकि, पाकिस्तान ने यहां चीन की तरफ से सप्लाई होने वाली एम-11 मिसाइलों का भंडारण जारी रखा।

दूसरे देश की सेनाओं से कितनी सुरक्षित हैं किराना हिल्स?

पाकिस्तान ने 2000 के दशक में किराना हिल्स के नीचे भूमिगत सुरंगे बनाने की शुरूआत की। सैन्य सेवाओं ने 2016 तक इन्हें अंतिम रूप देने का काम किया। इन सुरंगों में घुसने का रास्ता करीब 5 से 15 मीटर तक चौड़ा है और जमीनी सतह से काफी ऊंचाई पर है। यह सुरंगें अलग-अलग जगह पर तीन मंजिला ऊंची बनाई गई हैं और जुड़ी हुई हैं।

2009 से 2017 के दौरान इन सुरंगों के निर्माण की जो तस्वीरें सामने आईं, उनके विश्लेषण के बाद सामने आया कि पाकिस्तान ने इन सुरंगों को बम झेलने की क्षमता लायक बनाया है। हालांकि, आधुनिक समय में वायुसेनाओं के पास जमीन चीरकर धमाका करने वाले बम भी हैं, जो कि ऐसी भंडारण फैसिलिटी को पूरी तरह तबाह कर सकते हैं।

इतना ही नहीं इस भंडारण केंद्र की दीवारें करीब 2.5 से 5 मीटर तक चौड़ी बनाई गई हैं, जिनके अंदर लोहे की रॉड्स तीन लेयर्स में लगाई गई हैं। इसके अलावा इस केंद्र में दो लेयर्स में स्टील प्लेट्स भी लगाई गई हैं, ताकि किसी मिसाइल हमले को भी झेला जा सके।

तो संघर्ष विराम की मांग किसने की?

सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तानी सेना ने रविवार को माना कि अपने एयरबेसेज पर हमले के बाद उसने संघर्ष विराम की मांग की। हालांकि, उसने इसके लिए मध्यस्थों से संपर्क किया। यह साफ नहीं है कि यह मध्यस्थ देश कौन से हैं, लेकिन अनुमान लगाया जा रहा है कि अमेरिका ने इसका नेतृत्व किया। बाद में अमेरिका ने भारत में कुछ अहम फोन कॉल के जरिए संघर्ष विराम कराने का अनुरोध किया।

दूसरी तरफ चीन, सऊदी अरब समेत कुछ और देशों ने भी भारत और पाकिस्तान से संघर्ष विराम की अपील की। अमेरिकी मीडिया के मुताबिक, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने इस संघर्ष विराम के लिए भारत को मनाने में अहम भूमिका निभाई।

## युद्ध कोई रोमांटिक हिंदी फिल्म नहीं है, यह विनाश है, सीजफायर से नाराज लोगों को पूर्व सेनाध्यक्ष मनोज मुकुंद नरवणे का जवाब

उन्होंने रविवार को पुणे में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यदि आदेश मिलेगा तो वह युद्ध के लिए तैयार रहेंगे, लेकिन उनकी पहली प्राथमिकता हमेशा कूटनीति रहेगी। नरवणे ने कहा कि जब रात में गोले गिरते हैं और सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों, खासतौर पर बच्चों को शरण स्थलों की ओर भागना पड़ता है, तो वह अनुभव उनके मन में गहरी वेदना छोड़ता है।

जिन्होंने अपने परिजन खोए हैं, उनके लिए वह दर्द पीढ़ियों तक बना रहता है

उन्होंने कहा, जिन्होंने अपने परिजन खोए हैं, उनके लिए वह दर्द पीढ़ियों तक बना रहता है। इसे पोस्ट ट्रॉमैटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर (पीटीएसडी) कहते हैं। जो लोग ऐसे भयानक दृश्य देखते हैं, वे 20 साल बाद भी पसीने में भीगकर उठते हैं और उन्हें मनोचिकित्सकीय मदद की जरूरत पड़ती है। यह कार्यक्रम भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा आयोजित किया गया था। नरवणे ने कहा, युद्ध कोई रोमांटिक बात नहीं है। यह आपकी कोई बॉलीवुड फिल्म नहीं है। यह एक गंभीर विषय है।

पहला विकल्प कूटनीति होगा- युद्ध या हिंसा अंतिम विकल्प होना चाहिए। हमारे प्रधानमंत्री ने भी कहा है कि यह युद्ध का युग नहीं है। भले ही अविवेकी लोग हम पर युद्ध थोपें, हमें उसका स्वागत नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा, फिर भी लोग पूछ रहे हैं कि हमने अब तक पूरी ताकत से युद्ध क्यों नहीं किया। एक सैनिक के रूप में यदि आदेश दिया जाए तो मैं युद्ध में जाऊंगा, लेकिन वह मेरी पहली पसंद नहीं होगी। जनरल नरवणे ने कहा कि उनका पहला विकल्प कूटनीति होगी, संवाद के माध्यम से मतभेदों को सुलझाना और सशस्त्र संघर्ष की नौबत न आने देना होगा।

हम सभी राष्ट्रीय सुरक्षा के समान हिस्सेदार हैं- उन्होंने कहा, हम सभी राष्ट्रीय सुरक्षा के समान हिस्सेदार हैं। हमें सिर्फ देशों के बीच ही नहीं, बल्कि अपने बीच, अपने परिवारों, राज्यों, क्षेत्रों और समुदायों के बीच भी मतभेदों को संवाद से सुलझाने की कोशिश करनी चाहिए। हिंसा किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। भारत ने छह और सात मई की दरमियानी रात ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था, जिसके तहत पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में स्थित नौ आतंकी ढांचों को निशाना बनाया गया था। यह कार्रवाई पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में की गई थी। भारत और पाकिस्तान ने शनिवार को जमीन, समुद्र और आकाश में सभी प्रकार की सैन्य कार्रवाई और गोलीबारी को तुरंत प्रभाव से रोकने पर सहमति जताई थी।

## हमारी वायु रक्षा प्रणाली देश के लिए दीवार की तरह खड़ी थी

एयर डिफेंस ग्रिड के सामने पाकिस्तान के हमले असफल

वहीं डीजीएमओ लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने बताया कि जब जब पाकिस्तान ने हमारे एयर फील्ड में लगातार हमले किए, वो हमारे मजबूत एयर डिफेंस ग्रिड के सामने असफल हो गए। हमारा एयर डिफेंस इतना मजबूत था कि पाकिस्तान के पास कोई मौका नहीं था। जो दुर्दशा कल आपने पाकिस्तानी एयरफील्ड की देखी। वहीं हमारी सभी एयरफील्ड सही हैं। हम अपनी बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स की भी तारीफ करना चाहता हूं। इन्होंने बहुत बहादुरी से हमारा साथ दिया। उनके काउंटर अलार्म सिस्टम भी हमारे एयर डिफेंस सिस्टम का हिस्सा थे, जिन्होंने पाकिस्तान के नापाक इरादों का विनाश किया।

पहलगाम तक उनके पाप का घड़ा भर चुका था

इस दौरान डीजीएमओ लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर की एयर डिफेंस कार्रवाई को हमें एक संदर्भ में समझने की जरूरत है। पिछले कुछ सालों में आतंकी गतिविधियों के कैरेक्टर में बदलाव आ रहा था, अब हमारी सेना के साथ-साथ निर्दोष लोगों पर भी हमला हो रहा था। 2024 में शिवखोड़ी मंदिर की ओर जाने वाले तीर्थयात्री और इस साल अप्रैल में पहलगाम में मासूम पर्यटक। पहलगाम तक उनके पाप का घड़ा भर चुका था... क्योंकि आतंकियों पर हमारे सटीक हमले छडउ और क्ह को पार किए बना किए गए थे, हमें पूरा अंदेशा था कि पाकिस्तान का हमला भी सीमा पार से ही होगा, इसलिए हमने एयर डिफेंस की तैयारी की थी... जब 9-10 मई को पाकिस्तान की वायुसेना ने हमारे एयर फील्ड और लॉजिस्टिक इंस्टॉलेशन पर हमला किया, तो वे इस मजबूत एयर डिफेंस ग्रिड के सामने विफल हुए।

लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने बताया कि, जो दुर्दशा आपने पहले और कल पाकिस्तान एयरफील्ड की देखी और एयर मार्शल की प्रस्तुति आज देखी। हमारे एयरफील्ड हर प्रकार से ऑपरेशनल है। पाकिस्तान के ड्रोन हमारे ग्रिड के कारण नष्ट हुई....मैं यहां पर अपने बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स की सहराना करता हूं...जिसके कारण पाकिस्तान की नापाक हरकतों का विनाश किया गया।

इसके बाद तीनों सेनाओं के डीजी ऑपरेशन ने संवाददाताओं के सवालों के जवाब दिए।

सवाल- प्रेस कॉन्फ्रेंस से जो पहले वीडियो दिखाया गया, उसमें कल शिव ताडंव और आज राष्ट्रकवि रामधारी दिनकर की कविता कृष्ण की चेतावनी की कुछ पंक्ति दिखाई गई है। इससे किस तरह का संदेश दिया जा रहा है?

जवाब- इसके जवाब में डीजीएओ एयर मार्शल एके भारती ने रामचरित मानस की चौपाई कही- विनय न मानत जलधि जड़, गए तीनि दिन बीति। बोले राम सकोप तब, भय बिनु होइ न प्रीति। तो समझदार के लिए इशारा ही काफी है। और जहां तक तुर्किये के ड्रोन का सवाल है या आपने देखा उसके क्या हाल हुए है। चाहे तुर्किये के ड्रोन्स हो या और कहीं के ड्रोन्स हो, हमारा काउंटर यूए सिस्टम, हमारे प्रशिक्षित एयर डिफेंस ऑपरेटर पूरी तरह सक्षम हैं और हमारे देश के पास काउंटर यूए सिस्टम की स्वदेशी क्षमता है, इसने दिखाया है कि चाहे किसी भी तरह की तकनीक आए, हम उसका मुकाबला करने के लिए तैयार हैं। इसके बारे में मुझे ज्यादा बोलने की जरूरत नहीं है। आपने खुद ही अपने आखों से देख लिया है हमने इनका क्या हश्र किया है।

सवाल- कल डीजीआईएसपीआर ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की, जबकि आप लगातार सैटेलाइट इमेज के जरिए सबूत दे रहे हैं। जिसमें एयर स्ट्राइक से होने वाले नुकसान के सबूत भी दे रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ से कोई भी सबूत नहीं आ रहा है, आप क्या मानते हैं क्या वो लोग अपने लोगों को धोखा दे रहे हैं या वे कोई अलग प्रोपेगैंडा फैला रहे हैं?

जवाब- वो क्या कर रहे हैं, क्यों कर रहे हैं। वहां से सूचनाएं क्यों नहीं आ रही है। ये सब पहले से ही अपेक्षित था। वे अपने लोगों को गुमराह करने के लिए कुछ भी करेंगे। और नुकसान की सूचना को कम करने का प्रयास करेंगे। मैं आपको एक चीज साफ बताना चाहूंगा जो मैंने कल भी बताया था। हमारी लड़ाई आतंकवाद के खिलाफ हैं, हमारी लड़ाई पाकिस्तानी सेना और पाकिस्तान के लोगों के साथ नहीं है। हम अपने उद्देश्य को लेकर एकदम स्पष्ट हैं। वहीं दूसरी तरफ से मीडिया क्या चला रही है और क्या प्रोपेगैंडा फैलाया जा रहा है और क्या कहानी बता रहे हैं। इसका जबाव देना हमारा काम नहीं है। हमने अपना काम किया, जो हमें करना था, जो हमसे उम्मीद की जा रही थी।

सवाल- पाकिस्तान ने कल जो प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी उसमें एक शब्द का इस्तेमाल किया गया था दिस इज न्यू ऑर्ट ऑफ वॉर, तो हमने देखा कि आसमान में दोनों देशों की एयरफोर्स के एयरक्रॉफ्ट थे। 26 मई के बाद इस संघर्ष में ड्रोन का रोल ज्यादा देखने को मिला है। इस संघर्ष में एयरक्राफ्ट की संख्या और ड्रोन के रोल पर थोड़ा और जानकारी दें।

जवाब- जैसा कि मैंने कल कहा था, इस लड़ाई की जानकारी अभी हम साझा नहीं कर सकते हैं। क्योंकि इसमें काफी कुछ ऑपरेशनल जानकारी होगी। इस वजह से हम इस पर ज्यादा जानकारी नहीं दे पाएंगे। हां, यह एक दूसरे तरह का वॉरफेयर था और होना तय था। हम लोग पिछली लड़ाई, अगली कभी भी जो लड़ाई होगी, भगवान करे न हो, लेकिन अगर हुई तो यह पिछली लड़ाई की तरह नहीं होगी। हर एक लड़ाई जो है अलग तरीके से लड़ी जाती है और टेक्नोलॉजी एडवांस हो रही है, हम भी इसके हिस्सा है। ये एक बिल्ली-चूहे का गेम है और आपको हमेशा अपने दुश्मन को मात देने के लिए आगे रहना होगा। यही होने वाला है, यह पूरी तरह से अलग लड़ाई थी, इसमें कुछ नई चीजें देखने को मिली और हम इसके लिए पूरी तरह से तैयार, प्रशिक्षित और इससे लड़ने के लिए पूरी तरह सज्ज थे।

सवाल- सोशल मीडिया पर खबरें सामने आ रही है कि हमने किराना हिल्स को निशाना बनाया है, जो एक न्यूक्लियर स्टोरेज फैसिलिटी है। क्या है इसमें सत्यता है कि हमने किनारा हिल्स को निशाना बनाया है या हम इस तरह की खबरों से अलर्ट रहें?

जवाब- शुक्रिया, हमें ये बताने के लिए कि, किराना हिल्स हाउसेस में कोई न्यूक्लियर फैसिलिटी है, ये इसके बारे में हम नहीं जानते थे। हमने किराना हिल्स को निशाना नहीं बनाया है, वहां जो कुछ भी है। मैंने इसके बारे में कुछ भी नहीं कल कुछ भी नहीं ब्रीफ किया था।

## महाराष्ट्र सरकार सशस्त्र बलों के साथ प्रभावी समन्वय करेगी : फडणवीस

इसमें कहा गया कि बैठक में सुरक्षा एजेंसियों और सरकार के बीच सहयोग के लिए समन्वय तंत्र स्थापित करने पर चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सशस्त्र बलों ने जिस ताकत और सटीकता के साथ ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया वह बेजोड़ था। उन्होंने कहा, मैं सशस्त्र बलों को सलाम करता हूं। मुंबई अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह राज्य की वित्तीय राजधानी है। खुफिया जानकारी साझा करना अत्यंत महत्वपूर्ण होगा और साइबर सुरक्षा के मोर्चे पर पर्याप्त सावधानी बरतने की जरूरत है।

महाराष्ट्र, गुजरात और गोवा क्षेत्र के लिए भारतीय सेना के जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी) लेफ्टिनेंट जनरल पवन चड्ढा, नौसेना के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग (महाराष्ट्र नौसेना क्षेत्र-एफओएमए) रियर एडमिरल अनिल जग्गी, भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के एयर वाइस मार्शल रजत मोहन, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई), जवाहरलाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट (जेएनपीटी),बीएसई, आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस), होम गाड्र्स के प्रतिनिधि इस बैठक में उपस्थित थे।

बैठक में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजीत पवार, महाराष्ट्र की पुलिस महानिदेशक रश्मि शुक्ला, मुंबई पुलिस आयुक्त देवेन भारती और अन्य संबंधित लोग भी शामिल हुए।

## निवेश आकर्षित करने, मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में तेलंगाना सबसे आगे : मुख्यमंत्री

उन्होंने कहा, हम घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों तरह के निवेश के मामले में भारत में नंबर एक राज्य हैं। रेड्डी ने कहा कि हैदराबाद अब सॉफ्टवेयर और जीवन विज्ञान दोनों में जीसीसी (वैश्विक क्षमता केंद्र) केंद्र है और यह शहर एआई-तैयार डेटा केंद्रों, जीवन विज्ञान व विनिर्माण क्षेत्रों के लिए एक अग्रणी केंद्र के रूप में भी उभरा है।

माइक्रोसॉफ्ट, कॉग्निजेंट, एचसीएल टेक, इन्फोसिस और विप्रो जैसी दिग्गज आईटी कंपनियों ने हैदराबाद में नए परिसर खोले हैं और विस्तार कर रही हैं। उन्होंने साथ ही कहा कि मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता अभी हैदराबाद में हो रही है और सरकार आने वाले दिनों में और अधिक वैश्विक कार्यक्रम सुनिश्चित करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा, वृद्धि निवेश, नौकरियों का सृजन, बेहतरीन बुनियादी ढांचे का निर्माण और सभी वर्गों के लिए कल्याण का यह संतुलन ही हमारा दृष्टिकोण है ...जिसे तेलंगाना राइजिंग कहा जाता है।

रेड्डी ने तेलंगाना को 1,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने या हैदराबाद को दुनिया के सबसे आश्चर्यजनक शहर में बदलने के सरकार के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सोनाटा सॉफ्टवेयर जैसी कंपनियों से सहयोग का आह्वान किया।

## अब लेखपाल से लेकर कमिश्नर तक की एकीकृत डैशबोर्ड से होगी निगरानी

यह योजना सरकार की व्यापक डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन पहल का हिस्सा है। सरकार चाहती है कि तकनीक के जरिये प्रशासन को और जवाबदेह और संवेदनशील बनाया जाए। भूमि विवादों के समाधान में अक्सर समय लगता है, लेकिन इस डैशबोर्ड की मदद से अधिकारी संबंधित दस्तावेजों को डिजिटल रूप में तत्काल देख सकेंगे। इससे समस्या का जल्द निस्तारण संभव होगा और गांवों में होने वाले विवादों पर भी अंकुश लगेगा।

डैशबोर्ड से होंगे ये फायदे

डैशबोर्ड पर भूमि रिकॉर्ड, भू-माप, राजस्व संग्रह और अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध होंगी। अधिकारी इन आंकड़ों का विश्लेषण कर तेजी से निर्णय ले सकेंगे। इससे विभागीय कार्यों में पारदर्शिता आएगी।

# बामनोली गांव में जैन समाज के नये स्थानक का भव्य शिलान्यास समारोह आयोजित

एनपीटी ब्यूरो

बामनोली/बागपत-त्याग और तपस्या की प्रेरणा स्वरूप, त्याग शिरोमणि राजश्री राजेंद्र मुनि महाराज साहब की पावन प्रेरणा से बामनोली गांव में श्री श्वेतांबर जैन स्थानक का शिलान्यास समारोह अत्यंत श्रद्धा और भव्यता के साथ संपन्न हुआ। शिलान्यास का सौभाग्य बाबा लाल परिवार को प्राप्त हुआ। यह आयोजन न केवल स्थानीय स्तर पर, बल्कि दिल्ली, पानीपत, मेरठ, बड़ौत आदि स्थानों से पधारे धर्मप्रेमियों की विशाल उपस्थिति के कारण ऐतिहासिक बन गया।



कार्यक्रम की अध्यक्षता डी.के. जैन (रेडीमेड प्रतिष्ठान) ने की, जबकि मंच संचालन का उत्तरदायित्व कार्यकारिणी अध्यक्ष वरदान जैन ने कुशलतापूर्वक निभाया। महामंत्री सुखमल चंद जैन ने मंच से स्वागत भाषण देते हुए शिलान्यास में योगदान देने वाले सभी धर्मानुरागियों का अभिनंदन किया और उनके सहयोग की सराहना की।

शिलान्यास विधि का शुभारंभ श्रेयांश पंडित एवं कोषाध्यक्ष अशोक जैन (फर्नीचर प्रतिष्ठान) द्वारा किया गया। दोनों ने णमोकार मंत्र के सामूहिक उच्चारण के साथ शुद्ध भावना से ईंट रखकर स्थानक निर्माण की शुरूआत कराई।

इस शुभ अवसर पर विपिन जैन, वीरेंद्र जैन (एडवोकेट), विनोद जैन, सर्वी जैन, इंद्राणी जैन, घसीटूमल जैन, शरद जैन, नवनीत जैन, मुदित जैन, संजय जैन, विजय जैन सहित समाज के अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे और अपने सत्संग तथा सेवा से कार्यक्रम को गरिमा प्रदान की।

कार्यक्रम के अंत में समवेत स्वर में भगवान महावीर स्वामी के सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया गया एवं स्थानक निर्माण की प्रक्रिया में सहयोग हेतु सभी श्रद्धालुओं से अपील की गई।

# आदर्श पब्लिक स्कूल में मनाई गई बुद्ध पूर्णिमा

नेशनल प्रेस टाइम्स ,ब्यूरो।



बागपत। कस्बा खेकड़ा के आदर्श पब्लिक स्कूल में बुद्ध पूर्णिमा मनाई गई। इस मौके पर स्कूल की प्रधानाचार्य कोमल शर्मा ने बताया कि भगवान बुद्ध का मूल नाम सिद्धार्थ था। उनका जन्म लुंबिनी नामक स्थान पर हुआ था। 29 वर्ष की आयु में वैराग्य होने के उपरांत उन्होंने सांसारिक जीवन का त्याग कर दिया था। तपस्या व ध्यान के माध्यम से उन्हें ज्ञान की प्राप्ति हुई और तब से उन्हें संसार, महात्मा बुद्ध के नाम से जानने लगा। बताया कि महात्मा बुद्ध एक महान संत, दार्शनिक, और विचारक थे जिन्होंने पूरी दुनिया को सत्य, अहिंसा, शांति, ज्ञान और करुणा का मार्ग दिखाया। उनकी शिक्षाएं आज भी हमें शांति और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं।

इस अवसर पर बच्चों ने भगवान बुद्ध की शिक्षा और उपदेशों का बखान किया। उनके उपदेशों ने पूरी दुनिया को शांति और ज्ञान का मार्ग दिखाया।

## संक्षिप्त समाचार

### साइबर ठगी का नया पैंतरा-पुलिस बनकर वीडियो कॉल 25 हजार की ठगी

नेशनल प्रेस टाइम्स ,ब्यूरो।

मोदीनगर के गांव बिसोखर में साइबर ठगों का एक नया तरीका सामने आया है, जहां ठगों ने पुलिस अधिकारी बनकर एक व्यक्ति से आधार कार्ड दिखवाया और खाते से 25 हजार रुपए उड़ा लिए।

पीड़ित रविन्द्र कुमार को एक वीडियो कॉल आई, जिसमें कॉल करने वाला व्यक्ति पुलिस वर्दी में था और खुद को उच्च अधिकारी बताकर रविन्द्र को धोखाधड़ी के आरोप में गिरफ्तार करने की धमकी दी।

ठगों ने पहचान सत्यापन के नाम पर रविन्द्र से आधार कार्ड मांगा, जैसे ही उन्होंने अपना आधार कार्ड दिखाया, उनके खाते से 25 हजार रुपए कट गए। ठगों ने करीब 20 मिनट तक रविन्द्र को वीडियो कॉल पर उलझाए रखा।

घटना के तुरंत बाद रविन्द्र ने मोदीनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मदर्स-डे पर बच्चों ने किया माताओं के प्रति प्रेम का इजहार



बागपत। जिलेभर में मदर्स-डे धूमधाम के साथ मनाया गया। बच्चों ने अपनी माताओं को गिफ्ट भेंट कर उनके प्रति प्यार का इजहार किया और मदर्स-डे की बधाईयां दी।

माताओं ने भी बच्चों के प्यार, दुलार को देखते हुए उन्हें टॉफी व चॉकलेट देकर अपना आशीर्वाद दिया। सुप्रसिद्ध समाज सेविका कुसुम चौहान को उनकी बेटी ने गिफ्ट देकर उनके प्रति अपना प्यार जताया। मदर्स-डे को लेकर गिफ्ट गैलरियों पर एक से बढ़कर एक गिफ्ट आइटम आए हुए थे, जिन्हें खरीदने के लिए बच्चों में खासा उत्साह देखा जा रहा था। उन्होंने गिफ्ट गैलरियों से गिफ्ट खरीदे और उसके बाद उन गिफ्टों को अपनी माताओं को भेंट किये। इस दिन को यादगार बनाने के लिए काफी बच्चों ने अपने माता- पिता के साथ होटल व रेस्तरां पर पार्टियां की तो काफी बच्चों ने इस दिन लॉन्ग ड्राइव पर जाकर मदर्स-डे का खूब एन्जॉय किया।

# अंबेडकर धर्मशाला ट्रस्ट और सुखपाल सिंह के बीच जमीन विवाद खत्म

## भूमि दान कर दिया सौहार्द का संदेश

नेशनल प्रेस टाइम्स ,ब्यूरो।

मोदीनगर के इंद्रापुरी क्षेत्र में डॉ. बी. आर. अंबेडकर धर्मशाला सेवा ट्रस्ट और सुखपाल सिंह के बीच चल रहा जमीन विवाद सौहार्दपूर्वक सुलझ गया है। सुखपाल सिंह ने तहसील में जाकर विवादित भूमि को धर्मशाला ट्रस्ट के नाम दान कर दिया, जिससे क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

इस मौके पर धर्मशाला परिसर में एक कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें नगर पालिका परिषद मोदीनगर के चेयरमैन विनोद वैशाली मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। ट्रस्ट के अध्यक्ष तेजवीर सिंह,



उपाध्यक्ष सतेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष हेम सिंह और महासचिव मास्टर धर्मवीर सिंह कर्दम भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

समारोह में सांस्कृतिक सचिव नवनीत कुमार, सचिव राजकुमार गौतम, बिजेंद्र भारती, डॉ. जीत सिंह भारती, डॉ. लोकेंद्र कुमार, दिलीप कुमार गौतम, डॉ. दीपक कुमार, लेखराज भाटिया और होशियार सिंह सहित सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन मास्टर धर्मवीर सिंह कर्दम ने किया।

समारोह में उपस्थित लोगों ने सुखपाल सिंह और चेयरमैन विनोद वैशाली का माला पहनाकर अभिनंदन किया। इस सामूहिक सहयोग और सौहार्द की भावना को क्षेत्रवासियों ने सराहनीय कदम बताया।

# संस्कृति, ज़िम्मेदारी और जुड़ाव का संगमः उड़ान यूथ क्लब ने शुरू किया चलो म्यूज़ियम चलें अभियान

नेशनल प्रेस टाइम्स ,ब्यूरो।

बागपत, 12 मई 2025 झ युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार की इकाई माय भारत से संबद्ध उड़ान यूथ क्लब ने विश्व म्यूज़ियम दिवस के अवसर पर ह्यचलो म्यूज़ियम चलें झ जिम्मेदार नागरिकता अभियानह्व की शुरुआत की है। यह पहल नागरिकों को अपनी सांस्कृतिक धरोहरों से जोड़ने और जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में एक सशक्त प्रयास है।

इस अभियान के तहत देशभर के युवाओं और नागरिकों को प्रोत्साहित किया जा रहा है कि वे अपने नजदीकी संग्रहालय या विरासत स्थल का भ्रमण करें, अपने अनुभव को लिखकर साझा करें, और इस प्रक्रिया में भारत की विविध सांस्कृतिक विरासत को और निकटता से समझें।अभियान में प्रतिभाग करने वालों को डिजिटल प्रमाण पत्र और जिम्मेदार नागरिकता का डिजिटल बैज प्रदान किया जाएगा।

उड़ान यूथ क्लब के अध्यक्ष एवं राज्य युवा पुरस्कार से सम्मानित सामाजिक कार्यकर्ता अमन कुमार ने बताया कि आज के दौर में संग्रहालयों में आगंतुकों की संख्या में गिरावट देखी जा रही है, जो हमारी सांस्कृतिक चेतना के लिए एक गंभीर संकेत है। संग्रहालय केवल अतीत की वस्तुएं नहीं होते, बल्कि यह जिम्मेदार और जागरूक नागरिकों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

अभियान के प्रथम चरण का लक्ष्य लगभग 2000 नागरिकों को जोड़ना है। इच्छुक प्रतिभागी भारत सरकार के माय भारत पोर्टल के माध्यम से 18 मई 2025 तक अपनी सहभागिता दर्ज करा सकते हैं।

# थाने में रोते हुए दिखा पाकिस्तान के समर्थन में पोस्ट करने वाला आरोपी

बरेली । पाकिस्तान के समर्थन में पोस्ट करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी का नाम मोहम्मद साजिद है। उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। इसके बाद देवरनियां थाना पुलिस ने दबिश देकर उसे घर से दबोचा। आरोपी युवक का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें वह पाकिस्तान मुदाबार्द का नारा लगा रहा है। पुलिस को जांच में पता लगा कि साजिद दर्जी का काम करता है। उसके मोबाइल में कई भड़काऊ वीडियो मिले हैं। जानकारी के मुताबिक देवरनियां थाना क्षेत्र के गांव गिरधरपुर निवासी मोहम्मद साजिद ने फेसबुक पर वीडियो पोस्ट किया था, जिसमें कुछ युवक झंडा लहराते हुए पाकिस्तान के समर्थन में नारेबाजी करते दिख रहे हैं। यह वीडियो पाकिस्तान का बताया गया है। इस पोस्ट से हिंदू संगठनों में आक्रोश फैल गया। हिमांशु पटेल नाम के युवक ने मामले की शिकायत एक्स पर पुलिस से की। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया। थाने के एसएसआई नवदीप कुमार ने साजिद के खिलाफ सामाजिक वैमनस्यता फैलाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने रविवार रात उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी का एक वीडियो सामने आया है। जिसमें वह रोते दिख रहा है। पाकिस्तान मुदाबार्द के नारे लगा रहा है। थाना पुलिस का कहना है कि विधिक कार्रवाई कर आरोपी को जेल भेजा जाएगा। उधर, शीशगढ़ थाना क्षेत्र ग्राम गुलड़िया निवासी गुलाम रसूल ने सोशल मीडिया प्लेट फॉर्म पर भी आपत्तिजनक पोस्ट की। उसकी पोस्ट वायरल होने पर जिला पंचायत सदस्य निरंजन यदुवंशी ने एक्स पर इसकी शिकायत पुलिस से की।

# भूड़ासी में दलित व्यक्ति की बेटी की बारात पर हमला करने वाले आठ व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

## ड्यूटी पर लापरवाही बरतने में दो दरोगाओं पर गिरी गाज




रामपुर शाहबाद। थाना क्षेत्र के भूड़ासी गांव में दलित व्यक्ति की पुत्री की बारात में विघ्न डालने पर गांव के प्रधान समेत 8 लोगों पर केस दर्ज किया गया है जबकि मामले में लापरवाही के चलते 2 दरोगाओं पर भी कार्यवाही की गई है। एसपी ने दोनों को लाइन हाजिर किया है।शनिवार को शाहबाद के भूड़ासी गांव में दलित व्यक्ति धर्मवीर की पुत्री की बारात आई थी, आरोप है कि गांव के कई लोगों ने बारात में विघ्न डालते हुए बारात चढ़ने से रोकी वहीं बारात में उपद्रव किया और बारात के लिए बनाया खाना भी खराब किया। पुलिस ने पिता की तहरीर के आधार पर विकास, राकेश, नेमपाल, कमल, अनिल, अरविंद, मासे और राकेश के विरुद्ध संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर तीन लोगों को हिरासत में ले लिया। शाहबाद। बारात में उपद्रव करने के आरोपों के बीच एसपी ने थाने पर तैनात दो दरोगाओं पर कार्यवाही करते हुए उन्हें लाइन हाजिर कर दिया। एसपी ने बताया कि दारोगा बारात के दौरान गांव में मौजूद थे, उनको कार्य में लापरवाही बरतने के चलते लाइन हाजिर किया गया है। बारात के दौरान गांव में मौजूद दो विरुद्ध सीओ को जांच सौंपी गई है।

### डीजे संचालकों की बैठक कर आपत्तिजन गाने पर रोक लगवाएं थाना प्रभारी

शाहबाद। एसपी विद्यासागर मिश्रा ने थाना प्रभारी को निर्देशित करते हुए कहा कि क्षेत्र के सभी डीजे संचालकों के साथ बैठक कर उन्हें स्पष्ट निर्देशित कर दिया जाए कि शादी, बारात या किसी कार्यक्रम में जिन गानों से लोगों को आपत्ति हो उनको न बजाया जाए। अगर उसके बाद भी कोई इस तरह के गाने बजाने की जिद करें तो पुलिस को सूचित किया जाए ताकि समय रहते कार्यवाही की जा सके।

# एसआरएमएस में केक काट कर मनाया अंतरराष्ट्रीय नर्स डे

एनपीटी ब्यूरो

बरेली। श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ नर्सिंग में आधुनिक नर्सिंग की संस्थापक फ्लोरेंस नाइटिंगेल की जयंती पर 12 मई को केक काट कर धूमधाम से अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया गया। एसआरएमएस ट्रस्ट के अध्यक्ष देव मूर्ति जी और सचिव आदित्य मूर्ति जी ने नर्सिंग छात्रों और शिक्षकों को आशीर्वाद देने के साथ उन्हें प्रोत्साहित किया। उन्होंने नर्सों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया और स्वास्थ्य सेवा के साथ समाज और अर्थव्यवस्थाओं के विकास और स्थिरता में भी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए भी जरूरी बताया। समारोह में नर्सों को सम्मानित भी किया गया। दीप प्रज्वलन, सरस्वती वंदना और संस्थान गीत के बाद कार्यक्रम शुरू हुआ। अतिथियों के संबोधन और नर्सों के सम्मान के बाद ह्रकेयरिंग हैंड्स क्लबह्व की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम आरंभ हुआ। गायन, फैशन शो, एकल नृत्य, युगल नृत्य में नर्सिंग छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में नर्सों के वास्तविक जीवन के संघर्ष, समर्पण और करुणा को दर्शाती हुई स्किट का भी मंचन हुआ। अंत में सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट के साथ पुरस्कार वितरित किया गया। इससे पहले एसआरएमएस के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. (कर्नल) आरपी सिंह ने नर्सिंग पेशेवरों के साहस और समर्पण की प्रशंसा की। एसआरएमएस कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्रिंसिपल डा.मुथू महेश्वरी ने कार्यक्रम की थीम ह्रहमारी नर्सें, हमारा भविष्य- नर्सों की देखभाल अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाती हैह्व की जानकारी दी। डिप्टी मेट्रन नीतू ने सभी का स्वागत किया। नर्सिंग की भूमिका पर विद्यार्थियों ने विभिन्न पोस्टर बनाए। इनका मूल्यांकन मुख्य अतिथि मेट्रन मैडम ने किया। अंत में नर्सिंग के एसोसिएट प्रोफेसर मयंक कुमार ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया एवं अतिथियों, शिक्षकों और छात्रों का आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन तान्या चौहान और सिमरनजीत कौर ने किया। इस अवसर पर प्रोफेसर पारसराम सहित कॉलेज के सभी फैकेल्टी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# वेदांतम ग्लोबल स्कूल इंदिरापुरम में उत्तराखण्डी भाषा की कक्षाओं का शुभारंभ

एनपीटी ब्यूरो

गाजियाबाद। उत्तराखण्डी लोक-भाषा साहित्य मंच, दिल्ली द्वारा पूरे दिल्ली एनसीआर में लगभग 150 भाषा कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। डीपीएमआई के के संरक्षक डॉ. विनोद बछेती के संरक्षण में भाषाओं की यह मुहिम कई वर्षों से चल रही है।

रविवार को वेदांतम ग्लोबल स्कूल के ललित त्यागी ने दीप प्रज्वलित कर इस वर्ष की कार्यशाला का विधिवत शुभारंभ किया। उनके साथ धरोहर के बालादत्त पाण्डेय, आनंद पांडेय, संजय चौहान, संगीता बिष्ट, अनिता भंडारी, लता बवाड़ी व गीता राणा व ललित त्यागी ने बच्चों को अपनी - माँ, मातृ भूमि एवं मातृ भाषा से जुड़ने की अनुपम सीख दी। इस अवसर पर बच्चों से आह्वान किया गया कि वे अपने मूल को पहचानने की कोशिश करें क्योंकि यही अपनी असल पहचान है। कार्यशाला बच्चों के मध्य परिचय से शुरूआत की गई, अपनी सम्पूर्ण पहचान, अपने मूल निवास से अपना साक्षात्कार आज का मुख्य विषय रहा।

11 मई से आरंभ हुई यह कार्यशाला हर रविवार को 10 से 12 बजे के मध्य इंदिरापुरम के न्याय खण्ड एक स्थित वेदांतम ग्लोबल स्कूल में होगी, जिसमें क्षेत्र के नौनिहालों को उत्तराखण्ड की बोली भाषा और संस्कृति से रूबरू करवाया जायेगा। इस कार्यशाला के प्रथम दिवस में लगभग 25 छात्रों ने अपना नामांकन करवाया।

# लूंब गांव में गुरु गोरक्षनाथ महापर्व मनाया गया

एनपीटी ब्यूरो

बागपत। गांव लूंब में स्थित उपाध्याय ध्यान केंद्र में उपाध्याय समाज द्वारा श्री गुरु गोरक्षनाथ महापर्व उत्सव यज्ञ से हुआ।

उत्सव में नाथ संप्रदाय के इतिहास, योग, नाथ पंथ की शिक्षा-दिशा एवं श्री गुरु गोरक्षनाथ के जीवन पर प्रकाश डाला गया। उत्सव में उत्सव को फूल-मालाएं और पगड़ी वस्त्रकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित केटी विंग के संस्थापक कपिल त्यागी ने कहा कि बटोगे तो कटोगे का उद्घोष करने वाले नाथ संप्रदाय के महंत मुख्यमन्त्री योगी आदित्य नाथ की दृढ़ता नाथ पंथ के हठ योग का प्रमाण है। गोरखधंधे श्री गुरु गोरक्षनाथ की रहस्यमयी विद्या है, लेकिन कुछ अज्ञानी व्यक्ति इस पर



विचार और चोर बाजारी के लिए प्रयोग कर रहे हैं जो निंदनीय है। विशिष्ट अतिथि संजोग उपाध्याय ने कहा कि श्री गुरु गोरक्षनाथ महापर्व में हम नाथ संप्रदाय के संवादों में एक आलोकित ऊर्जा का संचार करते हैं। नाथ संप्रदाय सनातन धर्म की एकता और अखंडता का प्रतीक है। महापर्व उत्सव की प्रेरणा स्रोत पुरातत्वविद् आर. नाथ संप्रदाय के संन्यासियों को शास्त्र के साथ शस्त्र शिक्षा अनिवार्य है। श्री गुरु गोरक्षनाथ का हठ योग लक्ष्य प्राप्त करने का मूल मंत्र है। उत्सव के अध्यक्ष संसार सिंह उपाध्याय एवं संचालन रविकुमार एडवोकेट ने किया। इस अवसर पर रक्षिता, मधु, प्रिया उपाध्याय, कौशल, रोहन, सोमपाल, प्रदीप कुमार उपाध्याय, राहुल कुमार, हरेन्द्र, डॉक्टर राजीव उपाध्याय, योगेन्द्र सरोहा, रजत कुमार बाली, अमित कुमार बली, लक्ष्मी चौहान, उत्सव, अरविन्द कुमार, जय कुमार, सुरेश, चन्द्रपाल, माल, राजीव, नरेश आदि उपस्थित रहे।

# संपादकीय

## अपनी शर्तों पर ही शांति की पहल

पहलगाम आंतकी हमले के बाद तेजी से बदले घटनाक्रम के चलते ह्यऑपरेशन सिंदूरह्ण शुरू होते ही पाक स्थित बहावलपुर, मुरीदके व मुजफ्फराबाद में आतंकी ठिकानों को सेना ने मिट्टी में मिला दिया। फिर एक बार भारतीय सेना प्रोफेशनल मानकों पर खरी उतरी। जिसमें वायुसेना-नौसेना की महत्वपूर्ण भूमिका रही। ह्यऑपरेशन-सिंदूरह्ण की कामयाबी से बौखालए पाक ने एलओसी समेत कई शहरों पर हमले किये, जिसे हमारे प्रतिरक्षातंत्र ने विफल किया। विदेशी डिफेंस सिस्टम के साथ मिलाकर बनायी गई कई परतों वाली प्रतिरक्षा प्रणाली ने पाकिस्तान के तमाम हमले विफल कर दिए। तमाम विदेशी रक्षा विशेषज्ञों ने इस प्रणाली की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। भारत के मारक हमलों के सामने असहाय पाकिस्तान ने अमेरिका, सऊदी अरब व चीन जैसे देशों से सीज फायर के लिये गुहार लगायी। लेकिन भारत ने अपनी शर्तों पर सीज फायर पर सहमति जतायी। साथ ही साफ किया कि भविष्य में कोई आतंकी घटना देश में होती है तो उसे युद्ध के तौर पर लिया जाएगा। प्रधानमंत्री ने दो टूक शब्दों में कहा कि सीमा पार से यदि कोई गोली चली तो उसका जवाब गोले से दिया जाएगा। सीज फायर के लिये प्रयास कर रहे अमेरिका को भी यह स्पष्ट कर दिया गया। वहीं दूसरी ओर विपक्ष लगातार कहता रहा कि इस मामले में तीसरे देश की भूमिका कतई स्वीकार नहीं की जाए। अमेरिकी राष्ट्रपति के कश्मीर में मध्यस्थता के कथन को भी सिरे से खारिज किया गया।

उल्लेखनीय है कि न्यूयार्क टाइम्स की एक खबर के अनुसार प्रधानमंत्री ने अमेरिकी उप राष्ट्रपति जेडी वेंस को साफ बताया था कि पाकिस्तान की किसी भी हरकत की प्रतिक्रिया विनाशकारी साबित हो सकती है। निस्संदेह, भारत की सटीक कार्रवाई और पाकिस्तान के हमलों को विफल बनाने से दुनिया में स्पष्ट संदेश गया कि भारत एशिया की एक बड़ी शक्ति है। यह भी कि भारत अपनी सु्रक्षा को लेकर न केवल सतर्क है बल्कि पाकिस्तानी हमलों को विफल बनाने की ताकत भी रखता है। भारतीय सेनाओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन इसकी मिसाल है। आधुनिक तकनीक व मजबूत प्रतिरक्षा तंत्र के बूते भारत पाक के सैन्य प्रतिष्ठानों, हवाई अड्डों व प्रतिरक्षा प्रणाली को करारी चोट देने में सफल हुआ। पाक को इसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ी। वहीं उसके मित्र तुर्की व चीन द्वारा दिए गए हथियारों, ड्रोन व प्रतिरक्षा प्रणाली को भारतीय सेनाओं ने नेस्तनाबूद कर दिया। हमने दुनिया को बताया कि हम अपनी संप्रभुता और नागरिकों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करेंगे। वहीं यदि पाकिस्तान ने फिर आतंकवादियों को मदद-हथियार देकर भारत पर हमले करवाये तो उसकी हर हरकत का जवाब पहले से ज्यादा ताकतवर होगा। हालांकि, शनिवार को हुए समझौते के कुछ ही घंटों के बाद सीज फायर के अतिक्रमण ने बता दिया कि पाकिस्तान में चुनी हुई सरकार के बजाय सेना ही समांतर रूप से सत्ता चला रही है। जिसे भारत-पाक के बीच शांति पसंद नहीं है। तभी भारत ने स्पष्ट किया है कि पाक के साथ बातचीत राजनीतिक, ईएएम स्तर पर या एनएसए के बजाय सिर्फ डीजीएमओ स्तर पर ही होगी।

# शानदार जीत से भारत एशिया की एक बड़ी शक्ति बना

**यह ठीक है कि सैन्य टकराव रोकने की घोषणा अमेरिकी राष्ट्रपति ने की, लेकिन इसका मूल कारण तो भारत का यह संकल्प रहा कि इस बार पाकिस्तान को छोड़ना नहीं है। भारत ने संघर्ष विराम केवल सैन्य टकराव रोकने तक सीमित रखकर कूटनीति एवं राजनीतिक परिपक्वता का ही परिचय दिया है। भारत ने पाकिस्तान को सही रास्ते पर लाने के लिए उसके खिलाफ सिंधु जल समझौते स्थगित करने जैसे जो कठोर फैसले लिए, वे यथावत रहेंगे। ये रहने भी चाहिए, क्योंकि धोखा देना एवं अपनी बात से बदलना पाकिस्तान की पुरानी आदत है। इस पर यकीन के साथ कुछ कहना कठिन है कि अब वह भारत में आतंक फैलाने से बाज आएगा। उसने और खासकर उसकी सेना ने भारत के प्रति जो नफरत पाल रखी है, उसके दूर होने में संदेह है।**

भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पर जारी तनाव एवं युद्ध की स्थितियों के बीच भारत ने बड़ा ऐलान करते हुए सीज फायर लागू किया। चार दिन चले सैन्य संघर्ष में परिस्थितियां और भी ज्यादा नाजुक हो गई थीं एवं पाकिस्तान की भारी तबाही हुई। दोनों परमाणु सम्पन्न देशों के बीच के बढ़ते तनाव के बीच समझौते के बाद भले ही पाकिस्तान के विनाश का सिलसिला थम गया हो, लेकिन उसकी एक भूल भारी का सबब बन सकता है। क्योंकि भारत ने यह बड़ा फैसले लेते हुए कहा था कि भविष्य में उसकी जमीन पर किसी भी आतंकवादी हमले को भारत के खिलाफ युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा और उसकी गोली का जवाब गोले से दिया जाएगा। पाकिस्तान की फितरत को देखते हुए भारत सरकार एवं भारतीय सेना अधिक चौकस, सावधान एवं सतर्क रहते हुए संघर्ष-विराम के लिये यदि सहमत हुई है तो उसका स्वागत होना चाहिए। जब भारत ने पाकिस्तान को सबक सिखाकर कड़ा संदेश दे दिया तो संघर्ष विराम को एक समझदारी भरा फैसला ही माना जायेगा। यदि पाकिस्तान ने फिर आतंकवादियों को मदद-हथियार देकर भारत पर हमले करवाये तो उसकी हर हरकत का जवाब पहले से ज्यादा ताकतवर, विनाशकारी एवं विध्वसंक होगा। शनिवार को हुए समझौते के कुछ ही घंटों के बाद सीज फायर के अतिक्रमण ने बता दिया कि पाकिस्तान में चुनी हुई सरकार के बजाय सेना ही समांतर रूप से सत्ता चला रही है। जिसे भारत-पाक के बीच शांति पसंद नहीं है। तभी भारत ने स्पष्ट किया है कि पाक के साथ बातचीत राजनीतिक, ईएएम स्तर पर या एनएसए के बजाय सिर्फ डीजीएमओ स्तर पर ही होगी।



पाकिस्तान को परमाणु ठिकानों पर हमले का डर सता रहा था, भय एवं डर की इन स्थितियों के बीच पाकिस्तान ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से सहयोग मांगा एवं युद्ध विराम के लिये अपनी सहमति दी, भारत ने अपनी शर्तों पर, पाकिस्तान को झटका देने के बाद इस सीज फायर पर सहमति जताई है तो यह भारत का बडप्पन है, उसकी बड़ी सोच का ही परिचायक है और भारत की कूटनीतिक जीत है। एक बार फिर पाकिस्तान को उसकी जमीन दिखाई गयी है। दुनिया ने भी भारत की सैन्य पराक्रम एवं स्वदेशी हथियारों की ताकत को देखा और समझा है। एक बानगी भर में जब पाकिस्तान ने पुंछ और राजौरी समेत रिहायशी इलाकों को निशाना बनाया तो जवाबी कार्रवाई करते हुए भारतीय सेना ने भी पाकिस्तानी सेना के कई महत्वपूर्ण अड्डों को तबाह कर दिया। सेना ने रावलपिंडी समेत पाक सेना के 4 एयरबेस नष्ट कर दिए। पाकिस्तान की फतेह मिसाइल को हवा में ही खत्म कर दिया गया। लाहोर एवं करांची सहित पाकिस्तान में अनेक स्थानों पर भारी तबाही से सहम गये पाकिस्तान ने घुटने टेक दिये। भारत ने उसके एयर डिफेंस सिस्टम की धज्जियां उड़ाकर जिस तरह उसके प्रमुख एयरबेस ध्वस्त किए, उसके बाद उसके सामने और अधिक तबाही एवं शर्मिंदगी झेलने के अलावा और कोई चारा नहीं रह गया था।

यह ठीक है कि सैन्य टकराव रोकने की घोषणा अमेरिकी राष्ट्रपति ने की, लेकिन इसका मूल कारण तो भारत का यह संकल्प रहा कि इस बार पाकिस्तान को छोड़ना नहीं है। भारत ने संघर्ष विराम केवल सैन्य टकराव रोकने तक सीमित रखकर कूटनीति एवं राजनीतिक परिपक्वता का ही परिचय दिया है। भारत ने पाकिस्तान को सही रास्ते पर लाने के लिए उसके खिलाफ सिंधु जल समझौते स्थगित करने जैसे जो कठोर फैसले लिए, वे यथावत रहेंगे। ये रहने भी चाहिए, क्योंकि धोखा देना एवं अपनी बात से बदलना पाकिस्तान की पुरानी आदत है। इस पर यकीन के साथ कुछ कहना कठिन है कि अब वह भारत में आतंक फैलाने से बाज आएगा। उसने और खासकर उसकी सेना ने भारत के प्रति जो नफरत पाल रखी है, उसके दूर होने में संदेह है। भारतीय नेतृत्व को पाकिस्तान के प्रति अपने संदेह से तब तक मुक्त नहीं होना चाहिए, जब तक वह आतंक से तौबा नहीं करता और कश्मीर राग अलापना बंद नहीं करता।

सीजफायर की कहानी 9-10 मई की रात से शुरू होती है, जब पाकिस्तान पर करारा पलटवार करते हुए भारतीय वायुसेना ने पाक सैन्य ठिकानों पर ब्रह्मोस-ए क्रूज मिसाइल दाग दी। इस दौरान रावलपिंडी के नूरखान, चकलाला और पंजाब के सरगोधा एयरबेस को निशाना बनाया गया। यह हमला रावलपिंडी में पाकिस्तानी सेना के मुख्यालय के बेहद करीब हुआ। इसके बाद पीओके में जकोबाबाद, भोलारी और स्कार्दू एयरबेस को भी तबाह किया गया। भारत के द्वारा पाकिस्तानी एयरबेस पर हमले से बौखलाए पाक को अगला निशाना उनके परमाणु कमांड और कंट्रोल इंफ्रास्ट्रक्चर पर होने का डर सताने लगा। ऐसे में पाकिस्तान ने अमेरिका से मदद मांगी। अमेरिका पहले से दोनों देशों के संपर्क में था। मगर, परमाणु की बात सुनकर अमेरिका भी हड़बड़ी में आ गया।

पहलगाम आंतकी हमले के बाद तेजी से बदले घटनाक्रम के चलते ह्यऑपरेशन सिंदूरह्ण शुरू होते ही पाक स्थित बहावलपुर, मुरीदके व मुजफ्फराबाद में आतंकी ठिकानों को सेना ने मिट्टी में मिला दिया। फिर एक बार भारतीय सेना प्रोफेशनल एवं सैन्य मानकों पर खरी उतरी। जिसमें वायुसेना-नौसेना की महत्वपूर्ण भूमिका रही। ह्यऑपरेशन-सिंदूरह्ण की कामयाबी से बौखलाए पाक ने एलओसी समेत कई शहरों पर हमले किये, जिसे हमारे प्रतिरक्षातंत्र ने विफल किया। विदेशी डिफेंस सिस्टम के साथ मिलाकर बनायी गई कई परतों वाली प्रतिरक्षा प्रणाली ने पाकिस्तान के तमाम हमले विफल कर दिए। तमाम विदेशी रक्षा विशेषज्ञों ने इस प्रणाली की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। भारत के मारक हमलों के सामने असहाय पाकिस्तान ने अमेरिका, सऊदी अरब व चीन जैसे देशों से सीज फायर के लिये गुहार लगायी। लेकिन भारत ने अपनी शर्तों पर सीज फायर पर सहमति जतायी। प्रधानमंत्री ने दो टूक शब्दों में कहा कि सीमा पार से यदि कोई गोली चली तो उसका जवाब गोले से दिया जाएगा।

पाकिस्तान का यह आरोप बेबुनियाद है कि तनाव की शुरूआत भारत ने की। भारत ने पाकिस्तानी सेना के ठिकानों को अभी तक निशाना नहीं बनाया है। दरअसल, आतंकवाद के मामले में पाकिस्तान लंबे अरसे से दुनिया को गुमराह करता आया है। ताजा मामले में भी वह झूठ फैला रहा है कि भारत की स्ट्राइक उसके धार्मिक स्थलों पर हुई और इसमें आतंकी नहीं, आम नागरिक मारे गए हैं। यह झूठ दरअसल उसी साजिश का हिस्सा है, जिसके तहत आतंकियों ने टारगेटेड किलिंग करके भारत में सांप्रदायिक तनाव फैलाने का प्रयास किया था। सच्चाई तो यह है कि धर्म को आतंक से पाकिस्तान ने जोड़ा है। आतंकवादियों को पालना-पोसना और उनके जरिये छद्म युद्ध लड़ना पाकिस्तान की पुरानी आदत रही है, लेकिन इस बार वह जिस तरह आम लोगों का इस्तेमाल ढाल की तरह कर रहा है, वह निंदनीय एवं शर्मनाक होने के साथ-साथ चिंताजनक भी है। इससे उसकी हताशा झलकती है।

भारत का मकसद आतंकवाद का खात्मा है, युद्ध नहीं है। प्रधानमंत्री ने अमेरिकी उप राष्ट्रपति जेडी वेंस को साफ बताया था कि पाकिस्तान की किसी भी हरकत की प्रतिक्रिया विनाशकारी साबित हो सकती है। निस्संदेह, भारत की सटीक कार्रवाई और पाकिस्तान के हमलों को विफल बनाने से दुनिया में स्पष्ट संदेश गया कि भारत एशिया की एक बड़ी शक्ति है। यह भी कि भारत अपनी सुरक्षा को लेकर न केवल सतर्क है बल्कि पाकिस्तानी हमलों को विफल बनाने की ताकत भी रखता है। भारतीय सेनाओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन इसकी मिसाल है। आधुनिक तकनीक व मजबूत प्रतिरक्षा तंत्र के बूते भारत पाक के सैन्य प्रतिष्ठानों, हवाई अड्डों व प्रतिरक्षा प्रणाली को करारी चोट देने में सफल हुआ। पाक को इसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ी। वहीं उसके मित्र तुर्की व चीन द्वारा दिए गए हथियारों, ड्रोन व प्रतिरक्षा प्रणाली को भारतीय सेनाओं ने नेस्तनाबूद कर दिया। हमने दुनिया को बताया कि हम अपनी संप्रभुता और नागरिकों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करेंगे। पाकिस्तान के पास विकल्प बहुत ज्यादा नहीं हैं। उसकी अर्थव्यवस्था इस संघर्ष को लंबा झेल पाने में असमर्थ है, युद्ध को तो वह भूल ही जाए। इसके बाद भी अगर वह दुस्साहस करने की सोच रहा है, तो यह जरूरी हो जाता है कि उस तक पहुंचने वाली मदद को भी रोका जाए। उसे आईएमएफ से नए राहत पैकेज का इंतजार है और भारत सरकार इसका विरोध करेगी। दुनिया को समझ लेना चाहिए कि पाकिस्तान को मिलने वाली कोई भी मदद आखिरकार आतंक फैलाने में ही इस्तेमाल होगी।

# मैं बागपत हूँ 2

**सुरेंद्र मलानिया**

सिनौलीः वह धरती जहाँ इतिहास सांस लेता है जब कोई पूछता है – इतिहास कहाँ छिपा होता है?तो मैं कहता हूँ – मैं बागपत हूँ, मेरी मिट्टी में इतिहास दबा नहीं, जीवित है। मैं वो भूमि हूँ जहाँ वीरों ने तलवारें चलाईं, जहाँ सभ्यताओं ने जन्म लिया और जहाँ आज भी धड़कनों में पुरखों की गूंज सुनाई देती है।

सिनौली की खोजः एक क्रांति की शुरूआत

2005 और पुनः 2018 में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (अरक) ने उत्तर प्रदेश के बागपत जिले के सिनौली गांव में खुदाई की, और जो सामने आया वह भारत की प्राचीनतम रहस्यमयी परतों को खोलने वाला था। यहाँ मिले अवशेषों में शामिल हैंः तांबे की तलवारेंः 3 फीट लंबी तलवारें जो घुमावदार थीं, इनके हैंडल पर विशिष्ट डिजाइन और क्राफ्टिंग देखी गई – यह सामान्य हथियार नहीं थे, ये वीर योद्धाओं की निशानी थे।

लकड़ी के युद्ध रथः तांबे की प्लेटिंग से ढके ये रथ किसी राजा या योद्धा वर्ग की विशेषता रहे होंगे। ये रथ आज तक केवल ग्रंथों में वर्णित थे, लेकिन अब धरती ने उन्हें जीवंत कर दिया है। ताबूत (उङ्मास्रल्ल२): यह भारत में अब तक का पहला प्रमाणित ताबूत संस्कृति का नमूना है। एक महिला का ताबूत मिला, जिसमें उसके साथ गहने, तलवार और प्रतीक रखे गए थे – यह संकेत है कि महिलाएं भी उस सभ्यता में शक्ति और सम्मान का प्रतीक थीं। उपकरण व धार्मिक प्रतीकः कलश, भाले, आभूषण, और पशु-पक्षियों की आकृतियों से सजे शस्त्र, जो उस युग की सौंदर्य और धार्मिक भावना को दिखाते इतिहास की दृष्टि से महत्वः सिनौली की खुदाई ने एक पूरी सभ्यता की परिकल्पना को जन्म दिया है जिसे अब सिनौली सभ्यता कहा जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह सभ्यताः सिंधु घाटी सभ्यता के बाद की और प्रारंभिक वैदिक काल , लगभग 2000-1800 BCE) की हो यह वही कालखंड है जिसमें महाभारत का घटनाक्रम भी अनुमानित किया जाता है। महाभारत से सिनौली का संबंधः अनुमान या प्रमाण?महाभारत में रथों, तलवारों, कवचों, धनुष-बाण और युद्ध संस्कृति का अत्यंत विस्तृत वर्णन है। सिनौली की खुदाई में मिले रथ और युद्ध-सामग्री उससे इतनी मिलती-जुलती है कि पुरातत्वविद भी यह प्रश्न पूछने लगे हैं – क्या यह वही सभ्यता है? क्या ये वही योद्धा थे, जो कौरवों और पांडवों जैसे कुलों से जुड़े रहे होंगे? यद्यपि अरकइसे प्रमाणित इतिहास मानने में अभी संयम बरत रहा है, परंतु यह भी सत्य है कि यह खोज भारत के मिथक से इतिहास तक की यात्रा में एक मील का पत्थर बन चुकी है।बागपतः अब केवल कृषि का नहीं, इतिहास का केंद्रञ्बागपत की पहचान अब बदल रही है। सिनौली गांव जो कभी आम ग्रामीण पहचान रखता था, आज अंतरराष्ट्रीय पुरातत्व मानचित्र पर दर्ज हो चुका है। बागपतवासी अब न केवल इस पर गर्व करते हैं, बल्कि अपने पूर्वजों के योगदान को पहचानने लगे हैं।

यह खोज यह भी सिद्ध करती है कि उत्तर भारत की सभ्यताएं सिंधु घाटी के बाद भी सक्रिय और विकसित थीं। बागपत की मिट्टी ने यह साबित किया कि दिल्ली से सटा यह क्षेत्र केवल राजधानी की छाया नहीं है, यह स्वयं भी एक ऐतिहासिक राजधानी रहा होगा – शस्त्रों और शौर्य का।

वर्तमान चुनौतियाँ और भविष्य की संभावना-सिनौली की खोज के बाद आवश्यक था कि यहाँ एक राष्ट्रीय पुरातात्विक संग्रहालय, रिसर्च सेंटर और पर्यटन स्थल विकसित किया जाता – लेकिन अभी तक यह सपना अधूरा है। जबकि विदेशों में ट्रॉय (तुर्की) जैसे स्थानों को अंतरराष्ट्रीय विरासत स्थल का दर्जा मिला, सिनौली अभी भी बुनियादी संरचना के लिए तरस रहा है। यदि सरकार, पुरातत्व विभाग और जनता मिलकर प्रयास करें, तोः यह भारत का अगला राष्ट्रीय पुरातात्विक तीर्थस्थल बन सकता है,

हजारों नौकरियाँ, स्थानीय पर्यटन और शिक्षा का केंद्र बन सकता है, और भारत को उसकी प्राचीन पहचान का प्रमाण मिल सकता है – न केवल ग्रंथों में, बल्कि जमीन पर। मैं बागपत हूँ – एक पहचान, एक जिम्मेदारी मैं वो धरती हूँ जहाँ रथ दौड़ते थे, जहाँ तलवारें शान थीं, जहाँ ताबूतों में भी गर्व दबा है। मैं महज एक जिला नहीं – मैं सभ्यता का केंद्र, संस्कृति का स्त्रोत और भविष्य का गर्व हूँ।इतिहास किताबों में नहीं लिखा जाता, वो मिट्टी में जन्म लेता है। और मेरी मिट्टी ने फिर से बताया – मैं बागपत हूँ, मैं भारत का स्वाभिमान हूँ।

# आपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए हुआ सत्संग का आयोजन

**एनपीटी ब्यूरो**



बरेली। विश्व जागृति मिशन बरेली मंडल एवं श्री भारत माता मंदिर कमेटी द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित भारतीय सेना एवं बॉर्डर पर हुए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के समर्थन में सत्संग का आयोजन किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बरेली लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद छत्रपाल गंगवार रहे । कार्यक्रम में भारत माता मंदिर कमेटी के अध्यक्ष गुलशन आनंद द्वारा कार्यक्रम की भूमिका प्रस्तुत की गई और भारतीय सेना, प्रधानमंत्री एवं तीनों सेना अध्यक्षों के नेतृत्व में हुए सफल ऑपरेशन सिंदूर की प्रशंसा की । विश्व जागृति मिशन के महामंत्री पवन कुमार अरोड़ा द्वारा भारतीय सेना का मनोबल बढ़ाने के लिए सभी भक्तों से अव्वाहन किया गया कि प्रतिदिन महामृत्युंजय मंत्र की एक माला का जाप किया करें । जिससे हमारी सेना का बाल बांका भी ना हो सके । मुख्य अतिथि सांसद छत्रपाल गंगवार द्वारा सभी से अपील की गई कि किसी भी भ्रामक सूचनाओं पर ध्यान ना दें एवं देश हित में जो भी प्रशासन द्वारा गाइडलाइन जारी की जाए उसके अनुसार वातावरण बनाने की अपील की । किसी प्रकार से पैनिक ना होने की अपील की और सभी को भरोसा दिलाया कि आदरणीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में निश्चित रूप से हमारा देश इस युद्ध में सफल होगा एवं विश्व में अपनी एक नई स्वरूप प्रस्तुत करेगा । वंदना अग्रवाल , सुमित्रा गंगवार, सविता अरोड़ा, रश्मि अग्रवाल, शांति बिस्ट, मंजू गोयल, किरन सिंह, प्रियंका मौर्या द्वारा सुंदर भजन गाए गए । कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संदीप मेहरा, विपिन भास्कर, शिवम सिंह , राज कुमार चोपड़ा, नरेंद्र नाथ खुराना, अभय भटनागर, मोहन लाल कालरा, सोमेश वार्ष्णेय, सुंदर सिंह बिस्ट, राजीव शर्मा, रवि पांडे, नीरज माथुर उपस्थित रहे ।

# अमरोहा में स्कूल में शराब पीने वाले दो शिक्षक निलंबित

**अमरोहा ' उ. प्र-** अमरोहा में दो शिक्षकों को स्कूल परिसर में शराब पीने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी डॉ. मोनिका ने डीएम निधि गुप्ता वत्स के आदेश पर यह कार्रवाई की है विकास खंड हसनपुर के प्राथमिक विद्यालय फैय्याजनगर के प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार और संविलियन विद्यालय सुतारी खुर्द के इंचार्ज प्रधानाध्यापक अनुपाल सिंह पर ग्रामीणों ने आरोप लगाए। ग्रामीणों ने वीडियो के साथ शिकायत की। खंड शिक्षा अधिकारी, हसनपुर ने वीडियो की जांच के बाद कार्रवाई की सिफारिश की। दोनों शिक्षकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। मामले की निष्पक्ष जांच के लिए खंड शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) अमरोहा को जांच अधिकारी बनाया गया है। शिक्षकों को आरोप पत्र जारी कर दिया गया है। जांच अधिकारी को 15 दिन के अंदर बिंदुवार जांच रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए हैं।

# अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की हुई बैठक नई कार्यकारिणी का हुआ गठन



**नेशनल प्रेस टाइम्स**

रामपुर शाहबाद।अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की एक बैठक ज्ञान ज्योति मोंटेसरी स्कूल में आयोजित की गई जिसमें संगठन को मजबूत बनाने के लिए नगर कार्यकारिणी का भी विस्तार किया गया। राजीव कुमार भटनागर को पुनः नगराध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है, वहीं महामंत्री की जिम्मेदारी कुलदीप भटनागर और विनीत सक्सेना को तथा उपाध्यक्ष पद पर सुभाष सक्सेना को नियुक्त किया गया । महिला मोर्चा की नगराध्यक्ष अल्पना सक्सेना तथा नगर महामंत्री श्वेता भटनागर को बनाया गया। सरिता भटनागर को उपाध्यक्ष एवं नेहा भटनागर को मंत्री पद की जिम्मेदारी दी गई। इसके साथ ही युवा नगराध्यक्ष पद के लिए सत्येंद्र कुमार सक्सेना उर्फ रानू को जिम्मेदारी दी गई। जिला पदाधिकारियों ने समस्त चुने गए पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे और आशा व्यक्त की कि समस्त पदाधिकारी संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में और तेजी से कार्य करेंगे। इस बैठक में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश महासचिव कमल सक्सेना, जिलाध्यक्ष रामपुर कृष्ण सेवक सक्सेना और महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष मीनू सक्सेना, युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष आशीष सक्सेनाके साथ साथ सुभाष भटनागर, राजीव भटनागर, सुमित भटनागर, कुलदीप भटनागर, कमल वीर सक्सेना, सुभाष सक्सेना, विनीत सक्सेना, सतेंद्र सक्सेना उर्फ रानू, सोनू सक्सेना, प्रदीप भटनागर, सरिता भटनागर, श्वेता भटनागर, अल्पना सक्सेना, नेहा भटनागर, रुचिका भटनागर, पिंकी भटनागर सहित अनेकों लोग रहे।

# राजनयिकों ने गांधी समाधी पर पुष्पांजलि अर्पित की, शाहबाद जाकर कोठी भी देखी



**नेशनल प्रेस टाइम्स**

रामपुर शाहबाद।ग्रीस, वेनेजुएला और नीदारलैंड्स के राजनयिकों ने रामपुर दौरे के दूसरे दिन गांधी समाधी पर पुष्पांजलि अर्पित की। शाहबाद जाकर नवाबी शासन की प्रतीक कोठी भी देखी।तीन देशों के राजनयिक शनिवार को पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां के बुलावे पर यहां आए थे। इन राजनयिकों में नीदारलैंड्स के बर्नहार्ड विलेम स्कॉल्टज, वेनेजुएला के ओस्वाल्डो अल्बर्टो और ग्रीस के दिमित्रियोस सिडेरिस शामिल रहे। पूर्व मंत्री के पीआरओ काशिफ खां ने बताया कि राजनयिकों ने रविवार को गांधी समाधी पर पुष्पांजलि अर्पित की और कोठी शाहबाद देखी। उन्होंने कोठी की जमकर प्रशंसा की। राजनयिकों ने कहा कि कोठी को पर्यटन स्थल के रूप में देश और दुनिया के नक्शे पर लाना चाहिए।ग्रीस के राजनयिक दिमित्रियोस सिडेरिस का जन्मदिन भी रामपुर में ही मना। पुलिस लाइन के निकट स्थित झील में केक काटकर उनके बर्थडे की खुशी मनाई गई। राजनयिकों को रामपुर की संस्कृति और इतिहास ने काफी प्रभावित किया। उन्होंने खुशी जताई कि इस छोटे शहर में ऐसा बहुत कुछ है जो रामपुर को अनूठा बनाता है। उन्होंने कहा कि रामपुर आकर बहुत अच्छा लगा, क्योंकि यहां का भोजन, वातावरण और मेहमान नवाजी बेमिसाल है।इससे पूर्व राजनयिकों ने कल रजा लाइब्रेरी, जामा मस्जिद और खासबाग पैलेस का भी दौरा किया।

# सैफनी में घर में आग लगने से हुआ लाखों का नुकसान, घर में लगी आग लाखों का सामान जलकर राख

**नेशनल प्रेस टाइम्स**



रामपुर सैफनी में मोहल्ला सुरंग निवासी शरीफ के घर लगभग सुबह 10 बजे अज्ञात कारणों से आग लगने से शरीफ के घर में रखा सामान जलकर खाक हो गया आग इतनी विकराल थी की आग की लपटे दूर से देखी जा सकती थी गनीमत यह रही कि घटना के समय घर में कोई मौजूद नहीं था, जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। आग लगने के बाद आसपास के ग्रामीणों ने तुरंत आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। बाल्टी और समरसेबल पंपों की मदद से पानी डालकर आग पर काबू पाने की कोशिश की गई, लेकिन आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना मिलने पर नगर पंचायत कर्मचारी भी घटनास्थल पर पहुंचे और अपने स्तर से आग बुझाने में जुट गए। इसके बाद पुलिस को घटना की सूचना दी गई, जिसने तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचित किया। हालांकि, फायर ब्रिगेड को घटनास्थल पर पहुंचने में करीब डेढ़ से दो घंटे का लंबा समय लग गया। फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने घंटों की मशक्कत के बाद आखिरकार आग पर काबू पाया। घर के मालिक शरीफ ने बताया कि आग लगने से घर में रखा खाने-पीने का सामान, कपड़े, दरी बुनने की खड्डी और कतरों के बोरे आदि जलकर राख हो गए हैं। उन्होंने इस अग्निकांड में लगभग लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान जताया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है

# भीम आर्मी ने युवा जिलाध्यक्ष का किया स्वागत

**नेशनल प्रेस टाइम्स**



रामपुर शाहबाद। थाना क्षेत्र के ग्राम चतरपुर में शनिवार को भीम आर्मी कार्यकर्ता सम्मेलन किया गया।ग्राम चतरपुर में जिला रामपुर के सभी भीम आर्मी कार्यकर्ता ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। नवनियुक्त युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम में सभी कार्यकताओं से अपील की पार्टी अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद के लिए हमेशा खड़े रहना है। इस मौके पर सुनील सागर जिला अध्यक्ष पूर्व मंडल उपाध्यक्ष प्रभाग सिंह पूर्व मंडल उपाध्यक्ष शिवम सागर पूर्व मंडल प्रचारक संजीव सागर पूर्व मंडल उपाध्यक्ष युवा मोर्चा राहुल गौतम आजाद समाज पार्टी जिला प्रभारी जुल्फिकार तुर्की युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह जिला उपाध्यक्ष शाकिर हुसैन जिला संगठन मंत्री विवेक कुमार जिला संगठन सचिन सोमवीर सिंह हर ज्ञान सिंह जिला महासचिव सोनू सागर जिला प्राचार्य कविता सागर तहसील अध्यक्ष शाहाबाद ओमवीर आजाद उपाध्यक्ष भी खिलाड़ी दीपक विमल आजाद मोदी संजीव कुमार रमेश कुमार विनोद कुमार राकेश बदन सिंह संजीव कुमार का और कमेटी सदस्य गौतम मोहित कुमार विशाल सागर विजेंद्र सिंह अन्य सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# स्प्रिंग डेल स्कूल में मदर्स डे कार्यक्रम का आयोजन

## मेधावी विद्यार्थी हुए स्कॉलर बैच से सम्मानित

**नेशनल प्रेस टाइम्स**



गाजियाबाद। पटेल नगर स्थित स्प्रिंग डेल स्कूल में मदर्स डे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि स्कूल चेयरमैन एनसी जैन ने दीप प्रज्वलन द्वारा किया। इस अवसर पर स्कूल निदेशक राकेश जैन ने कहा कि मां हमें जीवन देती है तथा संस्कार देकर हमें योग्य बनाती है अतः अपनी मां का हमेशा सम्मान करना चाहिए। स्कूल प्रधानाचार्या ने कहा कि मां की ममता अनमोल होती है, वह जीवन की सार्थक बातें सिखाती है। जीवन की गहरी सीख देती है और मां की ममता की छांव में बच्चों को संरक्षण मिलता है। इस कार्यक्रम में प्रधानाचार्या द्वारा विद्यालय में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों आर्य सिंह, सिद्धार्थ, सनी, शिवा पाल, उत्कर्ष कुशवाहा, वेदिका अरोड़ा, अवनी, ईशु अरोड़ा आदि विद्यार्थियों को स्कॉलर बैच प्रदान किए गए। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की और अतिथियों का स्वागत किया। बच्चों ने आ लेकर चलूं तुझको, उंगली पकड़ के फिर से सिखा दे, थोड़ी सी कूल है, छूना है मुझे आसमान आदि गानों पर नृत्य प्रस्तुत किया।

सोशल मीडिया पर आधारित लघु नाटिका के माध्यम से ज्वलंत विषय मोबाइल फोन के अत्यधिक प्रयोग से बच्चों को होने वाले नुकसान' से अवगत कराया गया। 'आशियाना है ना' नृत्य विशेष सराहनीय रहा। इस अवसर पर रेनू जैन, दीपा गुप्ता, प्रभजीत कौर, दीपिका जैन, आंचल अरोड़ा, परमजीत कौर, मंजू सिंह, पूनम रावत, टीना अग्रवाल, गर्विता गोयल आदि उपस्थित रहे। मंच संचालन दीपिका शर्मा ने किया।

# कानून व्यवस्था बनाए रखना ही मेरी पहली प्राथमिकता झूठी शिकायत पर लगेगा अंकुश



रामपुर थाना सैफनी क्षेत्र के गांव किशनपुर में जन चौपाल का आयोजन कर गांव के वर्तमान एवं पूर्व प्रधान, धर्मगुरु एवं अन्य संभ्रांत व्यक्ति,जन सामान्य को गांव में सद्भाव एवं भाईचारा बनाए रखने,अपराध नियंत्रण में पुलिस का सहयोग करने, सट्टा शराब जुआ आदि कुरीतियों से दूर रहने,साइबर अपराध से बचाव एवं यातायात नियमों का पालन करने आदि के संबंध में विस्तार से जागरूक किया गया वनवनियुक्त एसएचओ हमबीर सिंह जादौन ने सैफनी थाना क्षेत्र के गांव-गांव में करेंगे जन चौपाल कावो पर जोर दिया।

# सोशल मीडिया पर बंदूक लहराने का VIDEO:अमरोहा में युवक के घर से मिला अवैध हथियार, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**
**अमरोहा ' उ. प्र**

अमरोहा के गजरौला में एक युवक द्वारा सोशल मीडिया पर बंदूक लहराने का वीडियो वायरल करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपी को अवैध बंदूक के साथ गिरफ्तार कर लिया है।

सीओ श्वेताभ भास्कर के अनुसार, दो दिन पहले सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था। वीडियो की जांच चौपला चौकी इंचार्ज प्रवीण कुमार को सौंपी गई। जांच में पता चला कि आरोपी जितेंद्र आदमपुर थानाक्षेत्र के गांव निरयावली खादर का रहने वाला है।

एसआई प्रवीण कुमार ने टीम के साथ आरोपी के घर छापेमारी की। पुलिस को उसके घर से बिना लाइसेंस की एक नाली बंदूक बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने भाजपा नेता कुंवरपाल खड़गवंशी के पैराडाइज होटल में लकड़ी की नकली बंदूक से रील बनाई थी।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। उसका चालान किया जा रहा है। होटल तिगरिया खादर गांव में स्थित है

# महारानी अहिल्याबाई होलकर की जयंती की तैयारी को लेकर न्यू अपेक्स अस्पताल पर बैठक का आयोजन

एनपीटी ब्यूरो

बरेली। पाल,बघेल, धनगर समाज के लोगों की बैठक बदायूं रोड बुखारा स्थित न्यू अपेक्स अस्पताल के हाल में हुई। जिसमें 31 मई को महारानी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती मनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके लिए धनगर, पाल, बघेल समाज के लोगों ने तैयारियां तेज कर दी है। इस दौरान शोभायात्रा भी निकाली जाएगी। शोभायात्रा बरेली शोभा यात्रा बरेली के रामगंगा चौबारी चौराहे से कुंवर रिजॉर्ट चौपला चौराहे से चौकी चौराहा, वीरांगना रानी लक्ष्मी बाई चौक होते हुए मुकेश पाल सुनीता पाल के लाल फाटक आवास से होते हुए बुखारा मोड से न्यू बुखारा स्थित न्यू अपेक्स अस्पताल पर पहुंच कर समापन होगी। बैठक में कार्यक्रम संयोजक डाक्टर हृदेश पाल बघेल, कार्यक्रम संरक्षक डॉ० विश्व पाल सिंह पाल,कार्यक्रम व्यवस्थापक मनीष पाल,वरिष्ठ सलाहकार हकीम सिंह पाल,मुकेश पाल,कोषाध्यक्ष उमेश पाल

समिति के सदस्य प्रभु पाल और समिति के कार्यकर्ता मौजूद रहे !

# बुद्ध पूर्णिमा पर गंगा स्नान के लिए उमड़े श्रद्धालु:अमरोहा में लाखों लोगों ने किया स्नान, यातायात व्यवस्था प्रभावित

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**
**अमरोहा ' उ. प्र**



अमरोहा में बुद्ध पूर्णिमा पर लाखों श्रद्धालुओं ने गंगा में स्नान कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। श्रद्धालुओं ने गंगा किनारे पुरोहितों से हवन यज्ञ कराया। गरीबों को भोजन और कपड़े का दान भी किया गया।

दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, नोएडा, गाजियाबाद और मुरादाबाद मंडल से श्रद्धालु पहुंचे। तीर्थ नगरी ब्रजघाट में गढ़ के कच्चा घाट लठीरा, पुष्पावती पूठ और ब्रजघाट चौकी के नीचे कच्चे घाट पर स्नान किया गया

पंडित गंगासरन शर्मा के अनुसार, पूर्णिमा रविवार रात 8:01 से सोमवार शाम 10:25 तक रही। भारत-पाक के बीच तनाव को देखते हुए धार्मिक स्थलों पर विशेष निगरानी रखी गई। 100 से अधिक पुलिसकर्मी श्रद्धालुओं की सुरक्षा में तैनात रहे।

श्रद्धालुओं की अधिक संख्या के कारण तीर्थ नगरी की पार्किंग पूरी तरह भर गई। लोगों को गलियों और हाईवे पर वाहन खड़े करने पड़े। गंगा पुल पर डग्गामार बसों के खड़े होने से लंबा जाम लग गया। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि गंगा घाटों पर पुलिस बल तैनात है और संदिग्धों पर नजर रखी जा रही है

# अमरोहा के प्राथमिक विद्यालय में शराब पीते नजर आए शिक्षक:पकड़े जाने पर ब्लैकमेलिंग का आरोप लगाया, DM से की शिकायत

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**
**अमरोहा ' उ. प्र**



उत्तर प्रदेश के हसनपुर तहसील के फैयाज नगर में प्राथमिक विद्यालय के दो शिक्षकों का विवादित वीडियो सामने आया है। वीडियो में शिक्षक स्कूल में शिक्षण कार्य के दौरान शराब का सेवन करते नजर आ रहे हैं।

स्थानीय युवक ने इस घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा किया। वीडियो आने के बाद शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है। आरोपी शिक्षकों ने स्थानीय लोगों पर ब्लैकमेलिंग का आरोप लगाया है।

ग्रामीणों ने इस मामले की शिकायत जिलाधिकारी से की है। उनका कहना है कि विद्यालय को शिक्षा का मंदिर माना जाता है, लेकिन शिक्षक ही ऐसी गतिविधियों में लिप्त हैं।

शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि जांच के बाद दोषी शिक्षकों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

दु:खद : भारतीय पत्रकारिता जगत ने आज खो दिया अपना एक स्तंभ

# देश के वरिष्ठ पत्रकार एवं IFWJ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. के.विक्रम राव का निधन

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,**

मुरादाबाद।देश के प्रतिष्ठित वरिष्ठ पत्रकार एवं इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स (क्र्र्र्रख) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. के.विक्रम राव का सोमवार को प्रातः लखनऊ के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। श्री राव के निधन पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य बृजेश पाठक यूपी वर्किंग जनरलिस्ट यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष सेट सिद्दीकी यूपी प्रेस क्लब के अध्यक्ष रविंद्र कुमार यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट के मंडल अध्यक्ष शिव शरण सिंह यूपी वर्किंग जनरलिस्ट यूनियन के मुरादाबाद मंडल के अध्यक्ष मोहम्मद जान तुर्की समेत कई नेताओं और पत्रकारों ने शोक व्यक्त किया है।

वरिष्ठ पत्रकार और इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष के. विक्रम राव (80) का सोमवार सुबह लखऊ के एक अस्पताल में निधन हो गया। वह सांस संबंधी समस्या से पीड़ित थे और उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली।डॉ. राव पत्रकारिता के क्षेत्र में दशकों से सक्रिय थे और उन्होंने श्रमजीवी पत्रकारों की आवाज को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती से उठाया। उनका जीवन संघर्षशील पत्रकारिता, सिद्धांतनिष्ठ विचारों और निर्भीक लेखनी का पर्याय रहा।मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए एक्स पर कहा कि वरिष्ठ पत्रकार के विक्रम राव जी का निधन अत्यंत दु:खद एवं पत्रकारिता जगत की अपूरणीय क्षति है। विक्रम राव गौरवशाली परंपरा के ध्वजवाहक रहे। उनके पिता प्रख्यात संपादक, जानेमाने स्वाधीनता-सेनानी और प्रथम संसद (राज्य सभा) के सदस्य (1952), श्री कोटमराजू रामा राव अपने दौर के अकेले ऐसे पत्रकार थे जो 25 से अधिक दैनिक समाचार पत्रों में कार्यशील रहे। रामा राव के चार पुत्रों में प्रथम, स्व. प्रताप भारतीय विदेश सेवा (क्र्र) से रिटायर होने पर अमरीका में बस गये। दूसरे, नारायण ने भारतीय आडिट एवं एकाउंट्स सर्विस से रिटायर होकर नई दिल्ली के भारतीय विद्या भवन में ज्योतिष शोध केंद्र को स्थापित किया। बाद में भवन के त्रैमासिक जर्नल आफ एस्ट्रोलोजी के संपादक बनें। तृतीय पुत्र विक्रम लखनऊ में श्रमजीवी पत्रकार रहे। सुभाष सिंडीकेट बैंक में मैनेजर थे। चार पुत्रियों में ज्येष्ठ वसंत तथा कनिष्ठ हेमंत अमरीका में बस गईं। द्वितीय शरद तथा तृतीय शिशिर भारतीय सेना के अधिकारियों से विवाह कर कानपुर तथा हैदराबाद में बसीं। प्रपौत्र विश्वदेव लखनऊ में पत्रकार है। आज विक्रम राव के निधन के साथ एक युग का भी अंत हो गया। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्री राव के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए उनको श्रद्धांजलि अर्पित की प्रदेश के मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक ने उनके निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए इसको एक अपार क्षति बताया यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष हसीब सिद्दीकी ने अपने शोक संदेश में कहा कि आज हमने पत्रकारिता का एक मजबूत स्तंभ को दिया यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के लखनऊ इकाई के अध्यक्ष शिव शरण ने कहा कि यह पत्रकारिता जगत के लिए अपार क्षति है । इसकी भरपाई कर पाना बहुत मुश्किल है मुरादाबाद के मंडल अध्यक्ष मोहम्मद जान तुर्की ने श्री राव के निधन पर कहां की आज हमने पत्रकारिता जगत का एक ऐसा स्तंभ को दिया जो हमेशा पत्रकारों की आवाज को बुलंद करते थे। वरिष्ठ पत्रकार और इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष के. विक्रम राव के निधन पर यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के जिला अध्यक्ष रईस शेख अनिल गर्ग राजीव सक्सेना रामेंद्र कुमार गुप्ता नईम अहमद शाहिद हुसैन सोनू अरोड़ा नफीस अहमद आजादर अली मोहम्मद शावेज अंसारी भूरा अली नजाकत अली तमीम अहमद नसीम नाजिम हुसैन मंसूरी मोहम्मद परवेज खान भूरे अली मोहम्मद नासिर तुर्की मोहसिन अंसारी मोहम्मद आसिफ रामपाल सिंह मोहम्मद नसरुद्दीन एडवोकेट विरासत चौधरी मोहम्मद वाजिद डॉक्टर बाबू सिंह मेहताब नवी रईस अहमद अमित कुमार सैनी जाबिर हुसैन मोहम्मद रूषण तुर्की शारिक अली अली मिर्जा जिया मोहम्मद फैजान अली खान मोहम्मद मोहसिन मोहम्मद जफर अली मेराज आलम मोहम्मद इमरान मोहम्मद मोहसिन जाकिर हुसैन रिजवान राजा नकी अहमद रियासत अली आस मोहम्मद, मोहम्मद मोहसिन मोहम्मद सलमान इदरीसी कमर फारूक कमल चौधरी आसिम खान सैयद जावेद अली सलमान खान मोहम्मद दानिश साजिद वारसी नाजिम उद्दीन मुतुर्जा इकबाल मोहम्मद आसिफ सैफी नईम अहमद आजादर अली शाहरुख हुसैन नजाकत अली मुशाहिद हुसैन जफर हुसैन अब्दुल रहीम मोहसिन नकवी सतीश चौधरी नफीस अहमद जाकिर हुसैन मोहसिन सिद्दीकी आदि ने शोक व्यक्त किया।



# भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच हुए अमेरिका-चीन टैरिफ समझौते से हमारे देश को कितना फायदा?

मुंबई । सोमवार को चीन और अमेरिका ने एक संयुक्त बयान जारी कर बताया कि, वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए उनके द्विपक्षीय आर्थिक और व्यापार संबंधों के महत्व को समझते हुए उनके बीच सहमति बनी है। इस खबर के दुनिया के बाजार के लिए क्या मायने हैं, आइए विशेषज्ञों के नजरिए से समझते हैं।




सोमवार को चीन और अमेरिका ने एक संयुक्त बयान जारी कर बताया कि, वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए उनके द्विपक्षीय आर्थिक और व्यापार संबंधों के महत्व देखते हुए दोनों देशों के बीच टैरिफ पर सहमति बनी है। अमेरिका और चीन इस बात पर सहमत हुए है कि वे 90 दिनों के लिए अपने पहले से घोषित पारस्परिक शुल्क और जवाबी शुल्क वापस ले लेंगे। इस बीच चीन और अमेरिकी वस्तुओं पर 10 प्रतिशत शुल्क लगाएगा और अमेरिका चीनी वस्तुओं पर लगभग 30 प्रतिशत कर लगाएगा। बाजार के विशेषज्ञों के अनुसार वैश्विक स्तर पर होने वाले व्यापार में जो व्यावधान टैरिफ की वजह से पड़ रहे थे, उसके लिए यह घोषणा अच्छी है। भारत पर भी इसका असर होगा क्योंकि चीन एक बार फिर अमेरिका में अपनी वस्तुओं का व्यापार कर सकेगा और इससे भारत में डंपिंग की समस्या से निजात मिलेगी। इससे भारतीय बाजार अपनी तरह से आगे बढ़ते रहेंगे।

**अमेरिका-चीन के बीच सुलह पर जानकारों की क्या राय?**

**भारतीय बाजार को मिलेगा डंपिंग का समाधान**

बाजार के वरिष्ठ विशेषज्ञ किशोर ओस्तवाल का कहना है कि अमेरिका और चीन के बीच बनी सहमति विश्व व्यापार के लिए अच्छी खबर है। वैश्विक स्तर पर होने वाले व्यापार में जो व्यवधान टैरिफ की वजह से पड़ रहे थे, उसके लिए यह घोषणा अच्छी है। भारत पर भी इसका असर होगा क्योंकि चीन एक बार फिर अमेरिका में अपनी वस्तुओं का व्यापार कर सकेगा और भारत में डंपिंग की समस्या नहीं होगी। टैरिफ में कमी के बाद भी भारत के बाजार में बढ़त दिख रही है। अमेरिका के लिए भारतीय बाजार काफी महत्वपूर्ण है और वह भारत को प्राथमिकता देता है। इसलिए भारतीय बाजार अपनी तरह से आगे बढ़ते रहेंगे।

**भारतीय अर्थव्यवस्था ने दिखाया है लचीलापन**

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के प्राइस रिसर्च के प्रमुख देवर्ष वकील कहते हैं दोनों देशों के बीच पारस्परिक टैरिफ घोषणा के बाद, बाजारों में हुए नुकसान की भरपाई होने संभावना है। अमेरिका-चीन व्यापार तनाव कम होने के संकेतों ने निवेशकों की घबराहट को कम कर दिया है। भारत के बाजारों और अर्थव्यवस्था ने पहले से ही लचीलापन दिखाया है, जो लगातार बाहरी उथल-पुथल के बाद स्थिर रही। भविष्य में वैश्विक स्तर पर और घरेलू स्तर पर कारोबार अच्छा होने के संकेत है।

**बाजार के लिए सकारात्मक है यह समझौता**

इक्किरस सिक्योरिटीज की अर्थशास्त्री अनिता रंगन कहती हैं अमेरिका और चीन के बीच व्यापार समझौता 2 अप्रैल 2025 से टैरिफ-व्यापार असहमति पर अनिश्चितता के स्तर को कम करने के लिए कुल मिलाकर सकारात्मक है। हालांकि चीन दुनिया का सबसे बड़ा निर्यातक है, इसलिए इस समझौते से विश्व को कई गुना लाभ होगा।

**महंगाई को नियंत्रित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी सुलह**

सबसे पहला लाभ यह है कि महंगाई के तेजी से बढ़ने की जो अटकलें थी अब वह समाप्त हो गई हैं। हालांकि पहले से अधिक टैरिफ मुद्रास्फीति का कारण बन सकते हैं, लेकिन फिलहाल यह प्रबंधनीय स्तर पर है। दूसरा फायदा अमेरिका में मंदी पैदा होने डर कम होना है। इसका भारत के लिए सकारात्मक असर होगा क्योंकि भारत की सेवाओं पर अमेरिका काफी हद तक निर्भर करता है और यह भी नहीं भूलना चाहिए कि अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदारी भी है।

**भारत के लिए आगे की राह होगी आसान**

अमेरिका चीन के बीच सुलह से तीसरा महत्वपूर्ण लाभ भारत के लिए आगे की राह आसान होना है। भारत सकारात्मक और लाभकारी व्यापार विकास की उम्मीद कर सकता है। रंगन कहती हैं, कुल मिलाकर मुद्रास्फीति नियंत्रण में है और अमेरिकी विकास काफी हद तक बरकरार है। फेड के लिए राह कुछ नीतियों के बाद स्पष्ट हो सकती है। फेड 2025 की तीसरी या चौथी तिमाही में कभी भी अपने दर कटौती चक्र को फिर से शुरू कर सकता है। भारत के लिए यह घटनाक्रम सकारात्क होना चाहिए क्योंकि यह निर्यात की अनिश्चितताओं को कुछ हद तक दूर सकता है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि पूंजी प्रवाह की वापसी सकारात्मक होनी चाहिए। क्योंकि भारत सेमीकंडक्टर, आईटी हार्डवेयर, ऑटो और ऑटो पार्टस और अन्य संबंधित क्षेत्रों से जुड़ी हुई महत्वपूर्ण एफडीआई निवेश के साथ व्यापार में पूरी तरह से लाभ उठा सकता है, जहां भारत चीन+1 के साथ कुछ अन्य व्यापारिक लाभ भी उठा सकता है।

**अमेरिका का व्यापार घाटा कम होने की संभावना**

विशेषज्ञों का कहना है कि दोनों देशों ने पहले ही संकेत दे दिए थे कि व्यापार वार्ता सकारात्मक होगी, अब जब अमेरिका और चीन के बीच पारस्परिक टैरिफ घोषणा हो गई है, तो इससे व्यापार में वृद्धी होगी, इसके साथ ही अमेरिका के 1.2 ट्रिलियन डॉलर के विशाल व्यापार घाटे को कम करने काफी सहायता इस समझौते से मिलेगी। चीन और अमेरिका की घोषणा के बाद ही एशियाई बाजारों में उछाला आया, हांगकांग में 3 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि शंघाई में लगभग 1 प्रतिशत की वृद्धि हुई। व्यापार समझौता की घोषणा के बाद जापान और ताइवान के स्टॉक एक्सचेंजों में बढ़त दर्ज की गई। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमीसन ग्रीर के अनुसार अमेरिका ने चीनी वस्तुओं पर 145 प्रतिशत टैरिफ को 115 प्रतिशत अंक घटाकर 30 प्रतिशत करने पर सहमति व्यक्त की है, जबकि चीन ने दरों को घटाकर 10 प्रतिशत करने पर सहमति व्यक्त की है।

**घोषणा से चीन और अमेरिका के बीच तनाव होगा कम**

भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) के अध्यक्ष एससी रल्हन ने कहा कि यह घोषणा दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापार तनाव में महत्वपूर्ण कमी लाएगी। उन्होंने कहा, ₹हालांकि इस तरह के घटनाक्रम वैश्विक व्यापार स्थिरता के लिए मोटे तौर पर सकारात्मक हैं, लेकिन वे भारत के लिए चुनौतियां और अवसर दोनों प्रस्तुत करते हैं।

उन्होंने कहा कि टैरिफ में कमी से इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीनरी और रसायन जैसे उच्च मूल्य वाले क्षेत्रों में अमेरिका-चीन द्विपक्षीय व्यापार में वृद्धि होने की संभावना है।

# अधिवक्ता परिषद ब्रज मथुरा इकाई द्वारा ह्लऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर झंडा मार्च का आयोजन



मथुरा, दिनांक 12.05.2025 को अधिवक्ता परिषद बृज (मथुरा)इकाई के सदस्यों द्वारा आज ऑपरेशन सिंदूर की सफलतापूर्वक पूर्णता के उपलक्ष्य में एक भव्य झंडा मार्च का आयोजन किया गया। यह मार्च देश की सुरक्षा, वीरता और मातृभूमि के प्रति समर्पण को सम्मान देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। मार्च की शुरूआत जिला मथुरा कलेक्ट्रेट स्थित चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा से शुरू होकर प्रमुख मार्गों से होते हुए सिविल कंपाउंड कोर्ट परिसर होते हुए जिला अधिकारी कार्यालय पर समापन हुआ।

इस अवसर पर अधिवक्ताओं ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारे लगाए और वीर सैनिकों के साहस व बलिदान को नमन किया। अधिवक्ता परिषद के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने ऑपरेशन सिंदूर को भारत की सैन्य शक्ति और रणनीतिक दक्षता का प्रतीक बताया और कहा कि यह अभियान देश की रक्षा नीति में एक नया मील का पत्थर साबित हुआ है। इस कार्यक्रम मे प्रतिभा सिंह, चेतन शर्मा, राजेश तरकर,अनीता चावला, मंजू रानी, संगीता शर्मा, शशि शुक्ला, भावना सेंगर, पूजा शर्मा, शिवानी नरेंद्री सिंह, चंद्रकांता भदोरिया, सोनी वर्मा, शिल्पा रानी, शिखा शर्मा, हेमा परिषद के अध्यक्ष सूर्यवीर सिंह, उपाध्यक्ष असित शंकर जी, महामंत्री निमेष कुमार गर्ग, प्रदेश मंत्री चंद्र मोहन अग्रवाल, देवेंद्र उपाध्याय, सत्य स्वरूप सारस्वत, राय सिंह, बृजेश कुंतल, कृष्ण कुमार उपाध्याय, विवेक उपाध्याय, देवेंद्र सिंह, गौरव सिंह, पूरन चंद चंदनिया, पंकज चतुर्वेदी, पंकज जोशी, अरविंद सिंह, वरुण शर्मा, राहुल सिसोदिया सहित अनेक वरिष्ठ महिला अधिवक्ताओं एवं युवा अधिवक्ता साथी बड़ी संख्या में उपस्थित रहकर बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

# यूपी: कौन होगा प्रदेश का नया डीजीपी? 31 मई को खत्म हो जाएगा प्रशांत कुमार का कार्यकाल

**एनपीटी ब्यूरो**

लखनऊ। यूपी में नया डीजीपी कौन होगा ब्यूरोक्रेसी और राजनीतिक गलियारों में यह एक बड़ा प्रश्न बन गया है। वर्तमान डीजीपी का कार्यकाल 31 मई को खत्म हो रहा है।

सूबे का नया पुलिस विभाग का मुखिया कौन होगा, इसे लेकर कयास लगने लगे हैं। वर्तमान डीजीपी प्रशांत कुमार आगामी 31 मई को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उनकी जगह पर किसे डीजीपी बनाया जाएगा, इसे लेकर कौतूहल बढ़ता जा रहा है। फिलहाल गृह विभाग के अधिकारी नये डीजीपी के चयन के लिए संघ लोक सेवा आयोग को पैनल भेजने पर चुप्पी साधे हैं। वहीं बीते दिनों प्रदेश सरकार द्वारा डीजीपी के चयन के लिए बनाई गई नियमावली के तहत समिति का गठन भी नहीं किया गया है।

बता दें कि मई माह के अंत में तीन डीजी रैंक के अधिकारी सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इनमें डीजीपी प्रशांत कुमार के साथ डीजी जेल पीवी रामाशास्त्री और डीजी टेलीकॉम संजय एम. तरड़े शामिल हैं। इसके बाद आईपीएस अफसरों की वरिष्ठता सूची में अहम बदलाव होगा, जिसके बाद संदीप सांलुके, दलजीत सिंह चौधरी, रेणुका मिश्रा का नाम सूची में शीर्ष पर आ जाएगा। तत्पश्चात एमके बशाल, तिलोत्तमा वर्मा, आलोक शर्मा, पीयूष आंनद और राजीव कृष्ण का नाम है।

इनमें से दलजीत सिंह चौधरी, अतुल शर्मा और राजीव कृष्ण को डीजीपी के पद का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। हालांकि दलजीत सिंह चौधरी वर्तमान में बीएसएफ के डीजी हैं, जबकि आलोक शर्मा एसपीजी की कमान संभाल रहे हैं। दोनों अधिकारियों की सेवानिवृत्ति में छह माह से अधिक समय बाकी है। राजीव कृष्ण उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के अध्यक्ष के साथ विजिलेंस के निदेशक भी हैं। उनकी सेवानिवृत्ति में अभी चार वर्ष शेष हैं। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार इनमें से किस अधिकारी का चयन करती है।

दावेदारों की फेहरिस्त में डीजी प्रशिक्षण तिलोत्तमा वर्मा का नाम भी शामिल है। इनकी सेवाकाल अभी छह महीने से अधिक है। यदि राज्य सरकार उनको मौका देती है तो प्रदेश में पहली बार कोई महिला आईपीएस डीजीपी बनेगी। तिलोत्तमा लंबे समय तक सीबीआई में भी तैनात रह चुकी हैं। उनके पति आशीष गुप्ता भी यूपी काडर के आईपीएस हैं और वरिष्ठता सूची में उनका नाम सबसे ऊपर है। हालांकि वह बीते माह वीआरएस के लिए आवेदन कर चुके हैं।

# उन्नाव में 4000 करोड़ का निवेश करेगा यूएई का शाही परिवार, मछली पालन का सबसे बड़ा गढ़ बनेगा यूपी

लखनऊ। संयुक्त अरब अमीरात के इस निवेश से उत्तर प्रदेश संबसे बड़े मछली पालन हैब के रूप में विकसित होगा। मुख्य सचिव ने शेख मकतूम को राज्य सरकार की ओर से पूरे सहयोग देने का आश्वासन दिया है। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) का शाही परिवार उन्नाव में मत्स्य पालन में बड़ा निवेश करेगा। यूएई के शाही परिवार के सदस्य और एक्वॉब्रिज होल्डिंग्स के चेयरमैन शेख अहमद बिन मना बिन खलीफा अल मकतूम ने 461 मिलियन डॉलर (करीब 4000 करोड़ रुपये) के निवेश को मंजूरी दे दी है। दुबई में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने शेख मकतूम को राज्य सरकार की ओर से पूरे सहयोग का आश्वासन देते हुए यूपी आने का न्योता भी दिया।उन्नाव इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में होने वाले इस निवेश से राज्य में मत्स्य पालन को नई दिशा मिलेगी और यूपी बड़ा गढ़ बनकर उभरेगा। शाही परिवार की होल्डिंग कंपनी इस रकम का निवेश फिश हैचरी, फिश प्रोसेसिंग प्लांट, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस और फिश फीड प्लांट में करेगी।

# गोवर्धन में पग-पग में देखने को मिल रही आस्था



मथुरा। गोवर्धन की परिक्रमा आस्था व विश्वास का प्रतीक मानी जाती है। यहां न कोई छोटा न बड़ा सब एक भाव में भक्त नजर आते हैं। यहां आने वाले भक्तों की बस एक ही चाह होती है कि रज के स्पर्श के साथ 21 किलोमीटर की परिक्रमा पूरी हो जाए। हालांकि ज्यादा भीड़ होने पर यहां लेटकर दंडवती परिक्रमा पर रोक रहती है। ई रिक्शा व अन्य वाहन भी रोक दिए जाते हैं। परिक्रमा का पुण्य वही लोग ले पाते है जो कि सात कोस चलने की सामर्थ्य रखते हैं। अटूट श्रद्धा एवं आस्था का केंद्र गिरिराज धाम में हर महीने एकादशी से पूर्णिमा तक श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ता है। यहां आने वाले लाखों भक्त ब्रज की रज में माथा टेककर सात कोस की परिक्रमा लगाते हैं। गिरिराज महाराज के प्रमुख मंदिरों में दूध भोग चढ़ाया जाता है। श्रद्धालु भक्त मानसी गंगा में स्नान करते हैं। हर महीने पांच दिन में यहां आने वाले भक्तों की संख्या लाखों तक पहुंच जाती है। गिरिराज की जी परिक्रमा उत्तर प्रदेश व राजस्थान की सीमा को जोड़ती है।

# शिलान्यास के समय भावुक हुए विधायक



मथुरा। नौहझील के कस्बा बाजना स्थित ब्रजहितकारी इंटर कॉलेज में 50 लाख रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों का शिलान्यास शनिवार को विधायक राजेश चौधरी ने नारियल फोड़कर किया। इसी कॉलेज से हाईस्कूल उत्तीर्ण करने वाले राजेश चौधरी भाषण के दौरान भावुक हो गये। विधायक ने बताया कि वर्ष 1982 से 1986 तक कक्षा 6 से हाईस्कूल तक 5 वर्ष यहीं शिक्षा ग्रहण की। उन्होंने इसी कॉलेज से पढ़ाई की। अपने गांव सद्दीकपुर से प्रतिदिन साइकिल से 5 किलोमीटर दूर शिक्षा ग्रहण करने आते थे। ग्रामीण, शिक्षक व छात्रों की मांग पर विधायक निधि एवं प्रदेश सरकार की अलंकार योजना के तहत 50 लाख रुपये की लागत से कालेज में विकास कार्य कराए जाएंगे। इसमें विद्यार्थियों के लिए कमरे, लाइब्रेरी, आफिस आदि का निर्माण होगा। कॉलेज के प्रबंधक राजीव गर्ग, अध्यक्ष मुकेश, प्रधानाचार्य प्रेमपाल यादव, बाजना चेयरमैन सुभाष, प्रधान प्रशांत गुप्ता, मनीष जिंदल, राजकुमार, गिरीश वार्ष्णेय, हरिओम गर्ग, उमाकांत शर्मा आदि मौजूद रहे।

# तीन बार अनुपस्थित मिले प्रभारी प्रधानाध्यापक किए निलंबित

**एनपीटी ब्यूरो**




मथुरा। जिले के परिषदीय स्कूलों के शिक्षक छात्रों को पढ़ाने में रूचि नहीं ले रहे हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निरीक्षण में कई शिक्षक-शिक्षिकाएं अनुपस्थित मिले। बीएसए ने सभी का वेतन काटने के निर्देश जारी किए हैं। साथ ही तीन बार अनुपस्थित मिलने पर प्रभारी प्रधानाध्यापक को निलंबित किया है। बीएसए सुनील दत्त ने बताया कि बलदेव के परिषदीय स्कूलों में निरीक्षण किया गया। प्राथमिक विद्यालय इन्दावली साढ़े 7 बजे बंद मिला। विद्यालय स्टाफ का वेतन व मानदेय अग्रिम आदेशों तक रोकने की कार्रवाई के साथ तीन दिन में स्पष्टीकरण तलब किया है। पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय नगलाबली के निरीक्षण में शिक्षामित्र मीनाक्षी उपाध्याय अनुपस्थित मिलीं। पूर्व माध्यमिक विद्यालय अशोक नगर के निरीक्षण के दौरान उपस्थिति पंजिका का अवलोकन करने पर देखा कि खंड शिक्षाधिकारी बलदेव के निरीक्षण 8 अप्रैल को सहायक अध्यापक चंद्रमोहन ने उपस्थिति पंजिका में अनुपस्थित अंकित की थी लेकिन अनुपस्थिति पर ही ओवरराइटिंग कर अपने हस्ताक्षर करते हुए उच्चाधिकारी के आदेशों की अवहेलना कर मनमानी की गई, जिस पर उनका वेतन अग्रिम आदेश तक रोकने की कार्रवाई कर स्पष्टीकरण मांगा है। प्राथमिक स्कूल नगला लेखा, पूर्व माध्यमिक विद्यालय बरौली, प्राथमिक विद्यालय भूड़ा, प्राथमिक विद्यालय दघेंटा, प्राथमिक विद्यालय नगला विधि के स्कूलों का भी निरीक्षण किया गया। उधर, पूर्व माध्यमिक विद्यालय अशोक नगर के निरीक्षण में इंचार्ज प्रधानाध्यापक चितरंजन प्रसाद अनुपस्थित मिले। इससे पूर्व 8 अप्रैल, 17 अप्रैल व 4 मई को किए गए निरीक्षण में भी वह अनुपस्थित मिले थे। साथ ही कार्य में भी लापरवाही मिली। इस पर बीएसए ने इंचार्ज प्रधानाध्यापक चितरंजन प्रसाद को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश जारी किए।

# जम्मू जा रहीं ट्रेन खाली, आने वाली गाड़ियों के ठसाठस भरे कोच...

**एनपीटी ब्यूरो**



मथुरा जंक्शन पर भारत-पाकिस्तान के बीच बने तनावपूर्ण माहौल को देखते हुए जम्मू जाने वाली ट्रेनों में यात्रियों की संख्या घट रही है। जम्मू से वापस आने वाली ट्रेनों में यात्रियों को जगह नहीं मिल रही है। ऐसे में जम्मू तवी, झेलम एक्सप्रेस, मालवा एक्सप्रेस ट्रेनों के स्लीपर कोच जनरल जैसे हो गए हैं।

रेलवे अधिकारियों ने बताया कि जंक्शन से जम्मू की ओर जाने वाली सर्वोदय सुपरफास्ट, झेलम एक्सप्रेस, जम्मू तवी कटरा एक्सप्रेस, स्वराज एक्सप्रेस में जाने वाले यात्रियों की संख्या घट गई है। उन्होंने बताया कि ट्रेनों में सामान्य से भी कम यात्री हो गए हैं। गर्मी में जो भी जाना चाहते हैं तो उन्हें आराम से कंफर्म आरक्षण मिल रहा है। इसके साथ ही यात्रियों की सुरक्षा के लिए लगातार जीआरपी और आरपीएफ की टीमें निगरानी कर रही हैं। उन्होंने बताया कि जम्मू से आने वाली हमसफर एक्सप्रेस, जाम नगर एक्सप्रेस, इंदौर एक्सप्रेस, कोटा सुपरफास्ट में यात्रियों को सीट नहीं मिल रही है। वहां गर्मी में घूमने गए लोग अब वापस लौट रहे हैं। ऐसे में जम्मू से जंक्शन आने वाली ट्रेनों में प्रतिदिन 250 से अधिक यात्री आ रहे हैं। रेलवे पीआरओ प्रशस्ति श्रीवास्तव ने बताया कि सभी ट्रेनों की निगरानी आरपीएफ और जीआरपी की टीम कर रही है। स्टेशन पर भी लगातार चेकिंग की जा रही है।

# दुकान खुलते ही व्यापारी को रंगदारी की चिट्ठी मिलने से मचा हड़कंप

नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो
शामली। सोमवार सवेरे दुकान खुलते ही व्यापारी को रंगदारी की चिट्ठी मिलने से हड़कंप मच गया। बदमाशें द्वारा व्यापारी को 20 लाख रुपए की रंगदारी न दिए जाने पर व्यापारी सहित बच्चों की हत्या करने की धमकी दी गई है। सूचना मिलते ही व्यापारी नेता मौके पर एकत्रित हो गए और उन्होने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बदमाशों द्वारा दुकान में डाली गई चिटठी को कब्जे में लेकर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को भी कब्जे में लिया है।
शहर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला ब्रहमणान निवासी सुमित बंसल



सोमवार सवेरे करीब 9 बजे शहर के फव्वारा चौक स्थित प्रिया मोबाईल की दुकान को खोलने के लिए पहुंचे। दुकान खुलते ही सुमित बंसल को एक कम्प्यूटर से लिखी रंगदारी की चिटठी प्राप्त हुई। जिसमें बदमाशों द्वारा 20 लख रुपए की रंगदारी मांगी गई है। साथ ही रंगदारी के चिट्ठी में बदमाशों ने थानाभवन में करोडों की जमीन खरीदने, एक अन्य प्लॉट खरीदने और कैराना में बहुत मोटी कमाई करने जैसी बातों को दशार्या है। यही नही बदमाशों ने चिटठी में रोजाना कैराना से शामली आने की भी बात लिखी है। कहा कि अगर हमारी बात नही मानी और पुलिस के पास गया तो तुझे कोई बचा नही पायेगा। बच्चों की जिंदगी प्यारी है तो रकम का इंतजाम कर ले। बदमाशों ने रंगदारी कैसे लेनी है इसके लिए अगली चिटठी का इंतजार करने की बात कही है। पुलिस को बताने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी गई है। व्यापारी को रंगदारी की चिट्ठी मिलने की सूचना से वही पुलिस विभाग में भी हड़कम्प मच गया। सूचना पाकर शामली कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और रंगदारी की चिट्ठी को कब्जे में लेकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज कब्जे में ली है। व्यापारी सुमित बंसल के भाई दीपक बंसल ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है।

# मेरठ-करनाल हाईवे पर दो ट्रक की हुई भिडंत में प्याज से भरा ट्रक पलटा

शामली। सोमवार सवेरे शहर के मेरठ-करनाल हाईवे पर दो ट्रक की हुई भिडंत में प्याज से भरा ट्रक सिंभालका बाईपास पर पलट गया। हादसे में दोनों ट्रकों के चालक बाल बाल बच गए, जबकि हाईवे पर ट्रक पलटने से यातायात अवरूद्ध रहा। बाद में ट्रेफिक पुलिस ने किसी तरह ट्रक को खाली कराकर हाईवे से हटवाया और यातायात सुचारू हो सका।
सोमवार सवेरे करीब 5 बजे राजस्थान के धोलपुर निवासी ट्रक चालक किशन अपने ट्रक में प्याज भरकर बदनावर से पानीपत मंडी में जा रहा था। बताया जाता है कि जब वह सिंभालका बाईपास हाईवे पर पहुंचा तो वह रास्ता पूछने के लिए रूका और वापस मोडने



लगा। इसी दौरान पीछे से आ रहे दूसरे ट्रक चालक हरप्रीत सिंह ने अपनी नियंत्रण खोते हुए प्याज से भरे ट्रक में टक्कर मार दी, जिससे प्याज से भरा ट्रक हाईवे पर पलट गया। हादसे में दोनों ट्रक क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि दोनों के चालक बाल बाल बच गए। सूचना पाकर ट्रेफिक पुलिस मौके पर पहुंची और हाईवे पर पलटे ट्रक से यातायात प्रभावित होने पर बेरियर लगाकर रास्ता डायर्वट कराया गया। दोपहर बाद तक ट्रक खाली होने पर ही हाईवे से हटाया जा सका। हादसे में दोनो ट्रकों में लाखों रुपए का नुकसान हुआ है।

# भारत के वीर सैनिकों को कॉलेज की छात्राओं का नमन

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
शामली। शहर के श्री सत्यनारायण इंटर कालेज में सोमवार को छात्राओं ने ऑपरेशन सिन्दूर लिखकर भारत के वीर सैनिकों को नमन किया। इस दौरान छात्राओं ने भारत के वीर जवानों की सराहना करते हुए भारत माता की जय के जयकारे लगाये।

सोमवार को श्री सत्यनारायण इण्टर कॉलेज की छात्राओं ने ऑपरेशन सिन्दूर लिखकर भारत के वीर सैनिकों को बधाई दी। प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने कहा कि गत कई वर्षों से पाकिस्तान के द्वारा भारत पर आंतकवादी हमले किये जाते रहे हैं। परन्तु वो ये




भूल गया कि यह नया भारत है जो देश के दुश्मनों को उनके घर में घुस कर मारता है। हमें अपने देश की जल, थल एवं वायु सेना पर गर्व है। इस ऑपरेशन को आर्मी लेफ्टिनेन्ट कर्नल सोफिया कुरेशी एवं वायु सेना की विंग कमाण्डर व्योमिका सिंह के निर्देशन में चलाया गया जो कि भारतीय महिलाओं के शौर्य को प्रदर्शित करता है। छात्राओं के द्वारा आज विद्यालय में ऑपरेशन सिन्दूर लिखकर सेना को बधाई देना भी इसी का प्रतीक है। इस अवसर पर धनश्याम सारस्वत, अनिल कुमार कश्यप, रामनाथ, महेश नारायण गौड़, प्रियांक शर्मा, लक्ष्मी गर्ग, नीतू अग्रवाल, कीर्ति गर्ग, कविता मित्तल, मोहित मित्तल, अरविन्द कुमार, हरीश नामदेव मौजूद रहे।

# आंधी और बूंदाबांदी से गर्मी से आम की फसल को नुकसान



शामली। देर रात्रि आई तेज आंधी और बूंदाबांदी से गर्मी से आम की फसल को नुकसान पहुंचा है। रात्रि में तेज आंधी के साथ की शहर की विद्युत आपूर्ति बाधित रहने से नागरिकों को परेशानियों का सामना भी करना पडा। बारिश न होने से गर्मी बरकरार रही। रविवार देर रात्रि करीब 9 बजे अचानक मौसम में बदलाव हुआ। आसमान में काले बादल छा गए और तेज आंधी चली। तेज आंधी के साथ बूंदाबांदी भी होने लगी। ऐसा अंदेशा लग रहा था कि झमाझम बारिश होगी, लेकिन कुछ समय बाद आंधी शांत होने के साथ साथ मौसम भी पूरी तरह से साफ हो गया। तेज आंधी आने से कई स्थानों पर विद्युत फाल्ट आये जिस कारण विद्युत आपूर्ति बाधित रही और भीषण गर्मी में बिजली न होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पडा। वही दूसरी ओर तेज आंधी से किसानों की आम की फसल को भी नुकसान पहुंचा है। पेड पर लगे कच्चे काम टूटकर जमीन पर गिर पडे।

# आग उगल रहा है रात में भी उमस और गर्म हवाएं



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
शामली। भीषण गर्मी लगातार बढती जा रही है। दिन में सूरज आग उगल रहा है। रात में भी उमस और गर्म हवाएं लोगों को बेहाल कर रही हैं। सोमवार को दिन में तापमान 38 डिग्री सेल्सियस और रात में 24 डिग्री सेल्सियस के करीब रह रहा है। जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पडा। वही दूरी ओर बिजली कटौती और लो वोल्टेज ने भी लोगों को रूकलाकर रख दिय है।

मई के महीन में तापमान में लगातार उछाल व गिराव देखने को मिल रहा है। इसका असर लोगों की सेहत पर भी पड रहा है। हीट वेव, लू और उमस भरी रातों ने लोगों का सुख-चैन छीन लिया है। गर्मी के कारण लोगों में तनाव बढ़ता जा रहा है। तेज धूप, उमस व पसीने से शरीर में इलेक्ट्रोलाइट का संतुलन बिगड़ गया है। डी-हाइड्रेशन के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। इससे दिल का रिदम भी बिगड़ा हुआ है। सोमवार को भी गर्मी ने कहर बरपाया। दिन का अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रहा। भीषण गर्मी से बचाव को लोग घरों में दुबके रहे। दोपहर के समय सडके वीरान नजर आई। गत रविवार रात्रि में तेज आंधी और बूंदाबादी थी, लेकिन इसका गर्मी पर कोई असर देखने को नही मिल रहा है। भीषण गर्मी से बचाव को लोग टयूवैलों, स्विमिंग पूलों, नदी, तालाबों में जाकर गोते लगाते नजर आये। चिकित्सकों ने भी भीषण गर्मी को देखते हुए लोगों से अपने स्वास्थ्य की देखभाल करने की सलाह दी है।

## खाकी का खेल...एक ही आरोपी पर थोप दी छेडछाड की दोनो घटनायें... चौबीस घंटे तक एसपी भी होते रहे गुमराह

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
चौसाना। बीतें छह मई को एक लाईब्रेरी मे प्रतियोगी परीक्षा की तैंयारी करने आई युवती के साथ बाइक सवार युवक द्वारा छेडछाड की घटना कारित करने वाले आरोपी को पकडने का दावा पॉच घंटे मे ही घुस्स हो गया। दरअसल केरटू मे हुई घटना मे पीडिता ने नामजद शिकायत की तो पुलिस के हाथो घर बैठे बटेर लग गई। पुलिस ने आनन फानन मे उच्चाधिकारियो को आरोपी के पकडने की सूचना देते हुये प्रेस नोट जारी करा दिया। जिसमे पकडे गये आरोपी से एसपी शामली व एसओजी द्वारा भी पूछताछ की गई। लेकिन इसके विपरित चौसाना पुलिस की बहादुरी उस समय धरासाई हो गई जब पकडे गये आरोपी भरत पुत्र अतर सिंह निवासी ग्राम जैनपुर थाना झिंझाना के परिजनो ने भरत को बेकसूर बताते हुये पुलिस से गुहाकी लगाई लेकिन पुलिस ने एक ना सुनी तो उन्होने सीसीटीवी कैमरो की मदद से पडताल शुरू की ,तो आरोपी को ऊन तिराहे पर घंटो निगरानी करके आरोपी की पहचान कर ली। जिसके बाद डायल 112 को सूचना दी और सकौती गांव से आरोपी को पकड लिया गया। कब्जे से तमंचा व बाइक को बरामद किया गया। आरोपी की पहचान अक्षित पुत्र मोहित निवासी कमालपुर के रूप मे हुई। वही,दूसरी ओर आरोपी भरत को केरटू मे महिला से छेडछाड के आरोप मे जैल भेजा है।वही थानाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने बताया दोनों आरोपी ने छेड़छाड़ की है

## एसपी के सामने भी फर्जी तरीके से कबूल करवां दी घटना

चौसाना। भरत के परिजनो द्वारा तलाश करके चौसाना की छात्रा से छेडछाड के आरोपी को 24 घंटे के भीतर पकड लिया गया,जिस काम को चौसाना पुलिस पिछले आठ दिनो से नही कर सकी। जिसने सर्विलांस सहित प्रत्येक सरकारी मशीनरी का प्रयोग किया। इसके बाद भी चौसाना पुलिस की हौसला अफजाई इसलिये करनी उचित होगी कि एसपी शामली भी भरत के पकडे जाने की सच्चाई जानने को मौके पर पहुँचे,तो आरोपी भरत ने एसपी को भी दोनो घटनाओं को कबूलनामा दिया। लेकिन सच उस समय बाहर आया जब भरत के परिजनो ने चौसाना की छात्रा के सही आरोपी को पकडकर पुलिस को सौंपा।

## धरनारत महिलाओ ने ईदगाह का निर्माण कार्य रोका,नाराज लोग विरोध को आमने सामने आये -भूख हडताल पर महिलायें

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
चौसाना। ऊन तिराहे पर स्थित जिजौला गांव के रकबे की कृषि भूमि पर बेचे गये प्लाटो को लेकर विवाद बढता जा रहा है। सोमवार को भूख हडताल पर धरनारत महिलाओ ने तम्बू गाड लिए और ईदगाह परिसर मे निर्माण स्थल पर मजदूरी को पहुॅचें मजदूरो को भगा दिया। जिससे निर्माण प्रक्रिया बाधित हुई तो गांव मे मस्जिद से अलाउंसमेंट किया गया,जिससे मौके पर सैक्डो की संख्या मे ग्रामीण एकत्र हो गये। सूचना पर पहुॅची पुलिस को लोगो की भीड को समझाकर शांत किया। वही मामले को बढता देख एसडीएम ने राजस्व टीम को मौके पर भेजकर निस्तारण करने का आश्वासन दिया है।

## व्यापारी से मांगी गई रंगदारी की घटना से पुलिस विभाग में हडकंप मचा

शामली। मोबाईल व्यापारी से मांगी गई रंगदारी की घटना से पुलिस विभाग में हडकंप मचा हुआ है। रंगादारी की चिटठी में एक बार फिर कैराना का जिकर आने से कैराना सुर्खियों में बना हुआ है। पुलिस अधीक्षक रामसेवक गौतम भी घटना की जानकारी लेने के लिए व्यापारी की फव्वारा चौक स्थित दुकान पर पहुंचे और कई बिन्दुओं पर व्यापारी से बातचीत की। मौके पर ही एसओजी टीम को बुलाकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जांच के दौरान पाया गया कि व्यापारी की दुकान के सभी सीसीटीवी कैमरे बंद थे। संभवतः उन कैमरों से मदद मिलनी की उम्मीद थी। चिटठी में खास तौर से कैराना से प्रतिदिन आने जाने का जिक्र भी किया है। जिससे कैराना एक बार फिर रंगदारी के

# रामड़ा में आतंकवाद के विरोध में रक्तदान शिविर का आयोजन

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
कैराना/ नेशनल प्रेस टाइम्स। कांग्रेस पार्टी एवं भारतीय किसान यूनियन(महात्मा टिकैत) के कार्यकताओं द्वारा संयुक्त रूप से आतंकवाद के विरोध में गांव रामड़ा में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 20 रक्तदाताओं ने स्वैच्छिक रक्तदान किया।

सोमवार को क्षेत्र के गांव रामड़ा में युवा कांग्रेस व भारतीय किसान यूनियन(महात्मा टिकैत) के कार्यकताओं द्वारा एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ भाकियू(महात्मा टिकैत) के जिलाध्यक्ष सोनू शर्मा ने किया। इस दौरान करीब 20




रक्तदाताओं ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। शामली से पहुंची सर्वोदय ब्लड बैंक की टीम के द्वारा रक्त संग्रह किया गया। वहीं, युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव अश्वनी शर्मा ने बताया कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निदेर्शानुसार आतंकवाद के विरोध में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है, जिसमें लोगो ने स्वेच्छा से खूनदान किया है। आतंकवाद के खिलाफ कांग्रेस पार्टी का पूर्ण समर्थन सरकार के साथ है। उन्होंने लोगो से बढ़चढ़कर रक्तदान करने का आह्वान किया है। इस अवसर पर नासिर चौधरी, वीशू शर्मा, सीमा देवी, अफसर चौधरी, वाजिद अली, कमल किशोर शर्मा, रविन चौधरी, विशाल शर्मा, दीपक शर्मा, राकेश चौधरी आदि मौजूद रहे।

# विजय हत्याकांड के मामले में सड़कों पर उतरे कस्बे के लोग, निकाला कैंडल मार्च

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
कांधला। कांधला के चर्चित विजय हत्याकांड के मामले को लेकर आक्रोश शांत होने का नाम नही ले रहा है। मामले में कस्बे की 36 बिरादरी के लोगों ने विजय हत्याकांड के मामले में शामली में एफआईआर दर्ज करने व दोषी लोगों को फांसी दिए जाने की मांग को लेकर सड़कों पर उतर कर कैंडल मार्च निकाला आक्रोशित कस्बे के लोगों ने कैंडल मार्च निकालकर मृतक युवक को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शासन से पूरे मामले की व्यापक स्तर पर सीबीआई जांच कराने की मांग की

कस्बे मौहल्ला शेखजादगान निवासी अजब सिंह के 22 वर्षीय पुत्र विजय की 4 मई को कैराना सीमा के अंतर्गत यमुना पुल के समीप शव पड़ा मिला था। मामले में परी परिजनों ने हरियाणा जनपद पानीपत के सनौली थाना चौकी पर तैनात पुलिस कर्मियों पर हत्या का आरोप लगाया था।

मृतक युवक के आवास पर पहुंचे क्षेत्र जनप्रतिनिधियों के साथ परिजन शामली पुलिस प्रशासन से युवक की हत्या के मामले में अभियोग दर्ज कर कार्यवाही की मांग कर चुके हैं। मामले में घटना के 9 दिन भी जाने के बाद भी शामली पुलिस प्रशासन द्वारा अभियोग पंजीकृत ने किए जाने पर नगर क्षेत्र में गहरा रोष बना हुआ है। बीते रविवार की देर शाम कस्बे के लोगों ने सड़क पर उतरकर कैंडल मार्च निकाला। सैकड़ो लोग कैंडल लेकर सड़क पर उतरे और प्रशासन का पूरे हत्याकांड पर ध्यान आकर्षित करने के लिए नारेबाजी की। कैंडल मार्च कैराना मार्ग वीर शहीद अब्दुल हमीद चौक पर आकर संपन्न हुआ। जहां पर कैंडल मार्च में शामिल लोगों ने विजय कश्यप हत्याकांड में पीड़ित परिवार को न्याय दिलाते हुए हत्याकांड की व्यापक स्तर पर सीबीआई जांच करने की मांग की। इस दौरान देवीदास जयंत, किरण पाल, श्रवण, विजय सैनी, संजीव, बाबू, जयपाल, प्रदीप, सुभाष, इंद्र, रक्षक, बिट्टू सैनी, अरविंद, सहित दर्जनो लोग सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# कोतवाल ने गांव तीतरवाड़ा में ग्रामीणों के साथ की बैठक

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
कैराना/ नेशनल प्रेस टाइम्स।कैराना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने क्षेत्र के संवेदनशील गांवों की फेहरिस्त में शुमार गांव तीतरवाड़ा में ग्रामीणों के साथ बैठक आयोजित की। उन्होंने प्रबुद्ध ग्रामीणों से युवाओं का सही मार्गदर्शन करने का आह्वान किया है। साथ ही, गुंडागर्दी करने तथा कानून के साथ खिलवाड़ करने पर सख्त कार्यवाही किये जाने की भी चेतावनी दी है।

सोमवार को कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह क्षेत्र के हिन्दू-मुस्लिम आबादी वाले मिश्रित गांव तीतरवाड़ा में पहुंचे। जहां पर उन्होंने ग्रामीणों के साथ में बैठक आहूत की। कहा कि गांव में विगत दिनों से



आपराधिक घटनाओं में वृद्धि हुई है। इन घटनाओं में अधिकतर युवाओं की संलिप्तता देखने को मिल रही है। ऐसे में माहौल खराब हो रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अपने बच्चों के साथ में सामंजस्य स्थापित करें तथा उन्हें सदमार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करें। कोतवाली प्रभारी ने कहा कि शुरूआत में अपराध की दुनिया युवाओं को अपनी ओर आकर्षित करती है, परन्तु यह ऐसी दलदल है, जिसमें धंसने के बाद व्यक्ति बबार्दी के कगार पर पहुंच जाता है।

ऐसे लोगो का सामाजिक स्तर पर बहिष्कार होता है और कानून भी उन्हें दंडित करता है। उन्होंने प्रबुद्ध ग्रामीणों को गांव के युवाओं के भविष्य को संवारने के लिए आगे आने का आह्वान किया है। साथ ही, कानून के साथ खिलवाड़ करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही अमल में लाने की चेतावनी दी है। इस दौरान तीतरवाड़ा पुलिस चौकी प्रभारी एसआई राकेश गौतम व ग्रामीण मौजूद रहे।

# कोटड़ी आश्रम में हवन और भंडारे के साथ आठ दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का समापन

## हवन में पंडितों द्वारा मंत्रोचार के साथ पांच जोड़ों ने दी पूणार्हुति

## दिन भर चला भंडारा, हजारों श्रद्धालुओं ने पाई प्रसादी

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



खंडेला कोटड़ी। प्रसिद्ध प्राचीन संतों की तपोस्थली कोटड़ी धाम में सोमवार को पंडितों के द्वारा मंत्र उपचार के साथ हवन में पांच जोड़ों ने पूणार्हुति दी। महाआरती के पश्चात भगवान को प्रसाद का भोग लगाया गया। इसके बाद उपस्थित श्रद्धालुओं को भंडारे का प्रसाद वितरित किया गया। भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी पाई। सोमवार को महिलाओं द्वारा पूरे दिन भजन कीर्तन किए गए। गौरतलब है कि आश्रम में महंत लक्ष्मण दास महाराज के सानिध्य में 5 मई से आठ दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया था। तब से लगातार आश्रम में दूर दराज के संत महात्माओं और श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। सोमवार को हवन एवं विशाल भंडारे के साथ धार्मिक कार्यक्रमों का समापन किया गया। इन आठ दिनों में कोटड़ी धाम मिनी काशी बन गया। राम नाम की धुन और वैदिक मंत्रों के उच्चारण से आश्रम गुंजायमान रहा। एडवोकेट इंद्राज यादव और सुरेंद्र यादव ने बताया कि यह आश्रम तकरीबन 450 वर्ष पुराना है जिसमें कई संत महात्माओं ने तपस्या की है। हमारे पूर्वजों से यहां कई संत महात्माओं के चमत्कारों के किस्से सुनने को मिलते हैं। उन्होंने बताया कि जो भक्त आश्रम में सच्चे मन से आते हैं तो उनकी हर मुराद पूरी होती है। इस दौरान पूरण दास महाराज, नरसिंह दास महाराज, नेमीदास महाराज भादवाड़ी, मोहन दास महाराज, ज्ञानदास महाराज, मुख्य यजमान मोहन लाल यादव, रामकरण यादव, गोकुल यादव, ताराचंद यादव, बाबूलाल यादव, सोहनलाल, सुरेंद्र यादव दिल्ली पुलिस, हरफूल यादव, एडवोकेट इंद्राज यादव, महेंद्र यादव, लालचंद सोलेरा, श्रीराम मणकस, एडवोकेट चंदगी राम, सुमेर रावत, गोकुल चंद रावत, रमेश सेन, अशोक बजावा, रोहिताश सैनी, मनजी स्वामी, गोपाल सिंह पोंख, राधेश्याम स्वामी, कालूराम स्वामी एडवोकेट महेश कुमावत, विश्वेंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# बुद्ध पूर्णिमा महोत्सव धम्म स्थली जय पहाड़ी झुन्झनू में हर्षोल्लास से सम्पन्न

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



झुंझुनूं। बुद्ध विहार धम्म स्थली जय पहाड़ी में त्रिगुण पावन बुद्ध पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। आयोजन भंते विनय पाल के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। भंते विनय पाल ने अपने प्रवचन में बुद्ध धम्म को मानवता का कल्याणकारी बताया और कहा कि यह धम्म अंधविश्वास, पाखंड एवं आडंबर से रहित है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी झुंझुनू डॉक्टर भंवरलाल सर्वा ने कहा कि बुद्ध पूर्णिमा आज पूरे विश्व में आस्था के साथ मनाई जाती है। बुद्ध धम्म करुणा, शील, प्रज्ञा और मैत्री का प्रतीक है जो सम्पूर्ण मानवता को जोड़ता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर मधु तंवर ने की। उन्होंने बुद्ध धम्म में महिलाओं को प्राप्त न्याय, समानता, शिक्षा एवं धार्मिक सहभागिता के अधिकारों पर प्रकाश डाला।

विशिष्ट अतिथि बलबीर सिंह काला ट्रस्टी व सचिव ने तथागत बुद्ध की 84,000 शिक्षाओं और सम्राट अशोक द्वारा बनवाए गए 84,000 बौद्ध विहारों का उल्लेख करते हुए बताया कि अधिकतर विहार लुप्त या परिवर्तित हो चुके हैं। महाबोधि महाविहार, गया एकमात्र शेष बौद्ध धरोहर है जिसे पुनः प्राप्त करने का आंदोलन चल रहा है।

बुद्ध पूर्णिमा पर अम्बेडकर विचार मंच बगड़ की ओर से भंते विनय पाल बौद्ध को नगद पुरस्कार व प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।

पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सतवीर सिंह बरवड़, भीम आर्मी जिला अध्यक्ष विकास आल्हा, धर्मपाल बौद्ध, दारासिंह कलवा, भतेरी देवी व बी.एल. बौद्ध ने बुद्ध धम्म के त्रिशरण, शील, अष्टांगिक मार्ग व पारमिताओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन बी.एल. बौद्ध ने किया। कार्यक्रम के समापन पर खीर का प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं, बच्चों व श्रद्धालुओं ने भारी संख्या में सहभागिता निभाई।

## श्री कल्याण धणी का हुवा महाअभिषेक पुणार्हुति के साथ हुई महाआरती, आज मनाया जाएगा नारद जन्मोत्सव।

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

सीकर। श्री कल्याण धाम मन्दिर परिसर में 10 मई से चल रहे चार दिवसीय पाटोत्सव महोत्सव(स्थापना दिवस) के तहत सोमवार को हुवा महाअभिषेक व पूणार्हुति गाये बधाई गीत।

विस्तृत जानकारी देते हुए महन्त विष्णु प्रसाद शर्मा ने बताया की 10 मई से चल रहे चार दिवसीय पाटोत्सव महोत्सव व मन्दिर स्थापन दिवश के तहत विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हों रहे जिसके तहत आज सोमवार को मुख्य कार्यक्रम हुवा जिसके तहत प्रातःकाल से ही पूजा अर्चना शरू हुई एवं 10 बजे से सस्वर मंत्रोच्चार से विद्वान पंडितो द्वारा कल्याण धणी का दूध, दही, शहद, चीनी, घृत व अनेक फलों के रसो व पंचामृत द्वारा महाअभिषेक कराया गया, ततपश्चात साकुलय व घृत से यज्ञआहुतिया दी गई व हवन की पूणार्हुति हुईं। बताया की दोपहर 12 ,15 बजे महाआरती हुई इस महाआरती के साथ ही कल्याण धणी की दो लाख चौतीस हजारवीं आरती पूर्ण हुई महाआरती के बाद महाप्रसादी एवम सांस्कृतिक४ कार्यक्रमों व बधाई महोत्सव की शुरूआत हो गई। सायंकाल मन्दिर में दीपोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें हजारों दीपको की जगमगाहट से मन्दिर परिसर रोशन हो गया तथा आमंत्रित कलाकारो व भजन गायको द्वारा राधा कृष्ण रासलीला, शिव पार्वती, राम- हनुमान, कृष्ण सुदामा चरित्र व अन्य भजनों पर आधारित सजीव झांकियो का मंचन किया गया जो रात्रि सयन आरती तक चलता रहा।आयोजन में अनेक सन्त महात्माओ, राजनेताओं, गणमान्यजनों सहित भक्तो का सानिध्य व समागम रहा। व्यवस्थापक रवि शर्मा ने बताया की आज 13 मई मंगलवार को नारद जन्मोत्सव मन्दिर परिसर में धूमधाम से मनाया जायेगा जिसमे देश के चौथे स्तम्भ माने जाने वाले पत्रकारो का सम्मान व कार्यशाला का आयोजन दोपहर 12,05 बजे से होगा, पूजा अर्चना,कार्यशाला के साथ भगवान नारद की महाआरती होगी।

## सीकर की बेटी हिमांशी को मिली डॉक्टर की डिग्री।

नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।

सीकर । दार्जीलिंग मे नॉर्थ बंगाल गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज का दीक्षान्त समारोह आयोजित हुआ जिसमे 2019 बेंच के स्टूडेंट्स को डिग्री प्रदान की गई,समारोह में सीकर भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अनिता शर्मा व बनवारी शर्मा की बेटी डॉ हिमांशी भारद्वाज को अच्छे नंबरों से पास होने पर डॉक्टर की डिग्री प्रदान की गई एवं कॉलेज मे टॉपर आने पर मेडिकल कॉलेज में ही जूनियर रेजिडेंट की पोस्ट पर नियुक्ति दी गई परिवार के लिए गर्व की बात है कि समारोह के बाद डॉ हिमांशी ने अपनी पूरी ड्रेस अपनी माँ श्रीमती अनिता शर्मा को पहनाकर मातृ दिवस की बधाई देते हुए डिग्री व मैडल भेट कर दिये,डॉक्टर हिमांशी का भाई रितेश भी मिनिस्ट्री आफ रेलवे दिल्ली में असिस्टेंट सेक्शन ऑफिसर के पद पर कार्यरत है। डिग्री मिलने पर बधाई देने वालो मे अतिरिक्त जिला कलेक्टर मुरारी लाल शर्मा,एडवोकेट श्रीमती सुनीता शर्मा, भगवानी देवी,मनोज कुमार रामसेवजीका,ए एस ओ रितेश भारद्वाज,इंजनियर यश शर्मा,समृधि शर्मा,वैभव शर्मा आदि ने बधाइयाँ दी हैं।

## सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के साथ मातृ दिवस मनाया

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

सीकर। सेवार्थ फाउंडेशन की टीम द्वारा सावली सर्किल में बालिकाओं माताओं के साथ मातृत्व दिवस को मनाया। संस्था की जिला सहसंयोजक करिश्मा शर्मा ने बताया कि 11 मई को दुनियाभर में 'मदर्स डे' मनाया जाता है. ऐसे में जिन माताओं ने बचपन से हमें अपना सब कुछ देकर बड़ा किया, उनके लिए प्यार और देखभाल जताने का यह एक शानदार दिन है. मां'-यर एक ऐसा शब्द है, जिसमें पूरी दुनिया प्यार, ममता, त्याग और बलिदान समाया हुआ है।

इसी मातृत्व की महानता को सम्मानित करने और मां के प्रति अपने प्रेम-कृतज्ञता दिखाने के लिए हर साल 'मदर्स डे' का दिन मनाया जाता है। इसी के तहत बालिकाओं के लिए सामान्य ज्ञान की प्रतियोगिता रखी गई इसी के साथ केक काटा और इस दिन को एंजॉय किया । इस दौरान करिश्मा शर्मा, सुधा सोनी, पूजा सोनी, अलका सोनी, नीलम शेखावत, सुनीता सोनू, रिया, तनिष्का शर्मा, नव्या, चितरा, गुनगुन, श्रीवरा उपस्थित रही।

## चंदावल क्षेत्र के क्षतिग्रस्त आवासो में निवासरत परिवारो को नियमानुसार मिलेगी आर्थिक सहायता राशिः कलेक्टर



सिंगरौली। विगत दिवस आए हुए आंधी तूफान के कारण नगरी क्षेत्र अंतर्गत के ग्राम चंद्रावल में क्षतिग्रस्त मकानों के स्वामियों को नियमानुसार आर्थिक सहायता राशि प्रदान की जाएगी। विदित हो कि विगत दिवस क्षेत्र में आए हुए तीव्र आंधी तूफान के कारण नगरी क्षेत्र के ग्राम चंदावल में कुछ मकान क्षतिग्रस्त हो गए है विधायक रामनिवास शाह को जैसे ही इस आशय की जानकारी प्राप्त हुई उन्होंने मौके पर पहुंच कर क्षतिग्रस्त मकानों के स्वामियों को आश्वासन दिया कि क्षतिग्रस्त मकानों के लिए आर्थिक सहायता हेतु पहल की जाएगी। वहीं कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला के द्वारा राजस्व अधिकारियों को इस आशय के निर्देश दिए गए कि क्षतिग्रस्त मकानों का मौके पर निरीक्षण किया जाकर नियम अनुसार संबंधित मकान स्वामियों को आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने हेतु समय सीमा के भीतर कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान नगर निगम अध्यक्ष देवेश पाण्डेंय, भाजपा जिलाध्यक्ष सुन्दर लाल शाह सहित राजस्व अधिकारी उपस्थित रहे।

## पार्षद एवं प्राचार्य द्वारा किया प्रतिभा सम्मान वितरित की पाठ्य सामग्री एवं स्कूल बैग

**नेशनल प्रेस टाइम्स बैतूल**



बैतूल जाकिर हुसैन वार्ड बैतूल में आज बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का सामूहिक रूप से सम्मानित किया गया। जिसमें श्रेया पटने ने दसवीं में 96% ,श्रुति पटने में दसवीं में 91%, उमरा शेख ने कक्षा 12वीं में 80%, एवं संजना भाटिया ने 12वीं कक्षा में 75% अंक प्राप्त किया एवं प्रत्येक को स्कूल बैग और पठन-पाठन सामग्री प्रदान की गई।

प्रगति सोशल वेलफेयर समिति की प्रेरणा शर्मा एवं प्राची जी ने कहा कि सफलता उन्हीं को मिलती है जो अपने सपनों को साकार करने की हिम्मत रखते हैं। साथ ही वार्ड पार्षद नंदिनी श्रीराम तिवारी ने कहा कि सफलता की राह में कठिनाई आती है उन्हें पार कर सफलता पाई जाती है और हम लोगों के द्वारा यथासंभव हर सहायता प्रदान करेंगे। एवं इसी प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करते रहेंगे।

समिति के भरत सूर्यवंशी प्राचार्य ने कहा परीक्षा सिर्फ एक पड़ाव है असली सफलता आत्मविश्वास मेहनत और सकारात्मकता से ही मिलती है। इस अवसर पर गेंदाबाई, उमा तिवारी, सुनीता मिश्रा, शारदा ब्राह्मणे, मीना जयदेव, पुष्पा सूर्यवंशी,फुलवंती ठाकुर, रजजनी गुप्ता, अनूप ठाकुर ,जगदीश किरोदे, ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

कार्यक्रम में सुरेंद्र गौतम, कमलेश ब्राह्मणे, सुनील बोरबन, अंजलि सोलंकी, प्रीति वर्मा, प्रिया ठाकुर, अलका पटेल, कल्पना आर्य,आदि बड़ी संख्या में लोग एवं मातृशक्ति उपस्थित थे, मनीष ब्यूटी सेंटर एवं कॉस्ट्यूम द्वारा भी बधाई प्रेषित की गई। श्री राम (अनंत) तिवारी द्वारा बच्चों के लिए गीत के द्वारा प्रोत्साहन हेतु मनभावन प्रस्तुति भी दी। मनीष ब्यूटी सेंटर एवं कॉस्टयूम द्वारा सफल भी बच्चों को बधाइयां प्रेषित की।कार्यक्रम का संचालन कृष्णा चौधरी एवं भरत सूर्यवंशी द्वारा किया गया एवं बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए बधाइयां प्रेषित की गई।

## जिले में परशुराम जयंती पर ब्राह्मण समाज ने निकाली शोभायात्रा

**नेशनल प्रेस टाइम्स**

रविवार दोपहर सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा बैढ़न में भगवान परशुराम की जयंती के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा का शुभारंभ माजन मोड़ स्थित शिव मंदिर प्रांगण से हुआ तथा समापन बैढ़न स्थित हनुमान मंदिर में हुआ। समापन के पश्चात हनुमान मंदिर में भव्य भंडारे का आयोजन हुआ जहां हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। दोपहर को शिव मंदिर में भगवान परशुराम का विधिवत आह्वान तथा पूजन अर्चन के पश्चात लगभग चार बजे शोभायात्रा प्रारंभ हुई। शोभायात्रा जैसे ही निकलने वाली थी, तभी अचानक मौसम ने करवट बदली और हल्की बारिश शुरू हो गई। लेकिन हजारों की संख्या में लोग शोभायात्रा में चलते रहे। गाजा बाजा और आकर्षिक झांकियों से सजे भगवान परशुराम के वंशज लोगों को आकर्षित कर रहे थे। शोभा यात्रा में भगवान विष्णु के छठे अवतार, परशुराम की जय-जयकार से वातावरण गुंजायमान हो उठा। समाजसेवियों द्वारा शोभा यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। सर्व ब्राह्मण समाज की इस विशाल शोभा यात्रा में विभिन्न समुदाय के लोगों ने भी शिरकत की। बता दें कि भगवान परशुराम विष्णु जी के छठे अवतार हैं। मान्यता है कि कलियुग में मौजूद 8 चिरंजीवियों में से एक भगवान परशुराम जी भी हैं, जो आज भी धरती पर मौजूद हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार, परशुराम का नाम पहले राम था। लेकिन महादेव ने उन्हें शस्त्र विद्या दी थी। प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें 'परशु' (फरसा) दिया। परशु मिलने के कारण उनका नाम परशुराम पड़ गया।

## बैतूल झाल्लर शनिवार देर रात्रि मे माखन साहू ओर पत्नी के साथ कुछ बदमाशो नें घर में घुस

**नेशनल प्रेस टाइम्स बैतूल**

बैतूल झाल्लर शनिवार देर रात्रि मे माखन साहू ओर पत्नी के साथ कुछ बदमाशो नें घर में घुस कर बेहरमी से मारपीट की बताया जाता है की यें लोग झल्लार में जुये का खेल भी खिलवाते है आठ दस लोगों ने बहरामी से पीटा और जब वह कंप्लेन्ट लिखवाने थाने पहुंचे तो थाने में पुलिस अधिकारी के सामने भी मेरी पत्नी को मारा पर पुलिस ने कोई कार्रवाही नहीं की पुलिस अधिकारी खड़े होकर देख रहे थे मुझे ओर मेरी पत्नी को पेट पर लात मारी जिसकी वजह से मेरी मम्मी को सास लेने में दिक्कत ही रहे है उसे ऑक्सीजन में रखा गया और मुझे बेरहमी से पीटा गया सर में टाके लगे है और पुलिस थाने में मारने का वीडियो भी सीसीटीवी में रेकॉर्ड हुआ है और पुलिस अधिकारी कोई कारवाही नहीं कर रहे है जब में बैतूल पुलिसअधीक्षक निश्छल झरिया जी से मिलकर पूरी घटना क्रम बताया तो तुरंत ही झल्लार टी आई को मामला पंजीबद कर आरोपियों को शीघ्र पकड़ने को कहा आरोपगण नें यह भी धमकी दी है की किसी प्रकार की कोई कार्रवाही करते है तो अभी तो मारे है आगे जान से खत्म कर देंगें में ओर मेरा परिवार काफी भयभीत है आरोपी गण अमन वाघपांजरे पिता रमेश वाघपंजारे शिवम्‍ साहू पिता बब्लू साहू विक्की वाघपंजारे पिता दिनेश वाघपंजारे अल्केश वाघपंजारे पिता सुरेश वाघपंजारे लब्बू सातघोड़े पिता पांडुरंग सातघोड़े मनोज वाघपंजारे पिता रामकिशोर वाघपंजारे आकाश राठौर पिता लखन राठौ? तरुण साहू पिता जीवन साहू सभी आरोपी को धारा 173 बी एन एस के तहत धारा 2023;296115(2)357(2)3(5)में मामला पंजीबद कर आरोपी की तलाश जारी है सभी आरोपी पुलिस गिरप्त से बहार है।

## पवित्र नगरी मुलताई में अवैध शराब कारोबारियों पर ताबड़तोड़ कार्यवाही

**नेशनल प्रेस टाइम्स बैतूल**



बैतूल। मां ताप्ती के उद्गम स्थल मुलताई को पवित्र नगरी घोषित करने के बाद शासन के निर्देश पर यहां आबकारी विभाग द्वारा शराब का विक्रय पूरी तरह बन्द करवा दिया गया है। लेकिन चोरी छिपे शराब विक्रय की सूचना मिलने के बाद आबकारी ने कार्यवाहियां भी शुरू कर दी हैं। रविवार रात आबकारी अधिकारी अंशुमान सिंह चढ़ार के निर्देश पर आबकारी अमले ने ताबड़तोड़ कार्यवाही कर अवैध शराब बिक्री के अड्डों और ढाबों का तलाशी अभियान चलाया। आबकारी और पुलिस के संयुक्त अभियान में चार स्थानों से बड़े पैमाने पर देशी विदेशी शराब जब्त कर आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किए गए है।

जिला आबकारी अधिकारी अंशुमान सिंह ने बताया कि, कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक बैतूल के निदेर्शानुसार पवित्र नगरी में अवैध शराब बिक्री के खिलाफ धरपकड़ अभियान शुरू कर दिया गया है। पवित्र नगरी मुल्ताई शहर में अवैध शराब विक्रय की प्राप्त शिकायतों के मद्देनजर दबिश की कार्यवाही के दौरान शास्त्री वार्ड में सविता पति गोलू बढ़िये के मकान पर दबिश दी गई। यहां से 8 पावर केन बीयर,तथा मटन मार्केट निवासी अरुण पिता महादेव कब्जे से 8 बोतल बोल्ट बीयर,शिवाय ढाबा परमंडल में राजू पिता मधुकर पवार के कब्जे से 11 पाव विदेशी मदिरा, तथा 39 पाव देशी मदिरा , और सर्रा निवासी नंदू पिता धुंधकारी सूर्यवंशी को 18 पाव देशी प्लेन मदिरा बेचते पकड़ा गया है।

जब्त शराब की कीमत लगभग 8 हजार 500 रुपए आंकी गई है। आरोपियों के खिलाफ मप्र आबकारी अधिनियम की धारा 1915/2000 की धारा 34(1) क,36 के तहत कार्यवाही कर कुल 4 प्रकरण कायम किए गए है। इसके अलावा आसपास संचालित ढाबों में भी सघन तलाशी ली गई। जिनमे बाबा ढाबा, शिव ढाबा, बावर्ची ढाबा, नमो आस्था ढाबा, पूजा ढाबा और एमपी ढाबा शामिल हैं। हालांकि इन ढाबों में शराब नहीं मिल पाई ऐसी स्तिथि में तलाशी पंचनामा बनाया गया है। आबकारी अधिकारी के मुताबिक यह तय किया गया है कि, पवित्र नगरी में शराब की बिक्री प्राथमिकता से प्रतिबंधित की जाए इसके लिए सतत रूप से कार्यवाही जारी रहेगी। कार्यवाही में वृत्त मुल्ताई प्रभारी आबकारी उप निरीक्षक सुरेन्द्र देवांगन , आबकारी उप निरीक्षक राजेश वट्टी , आबकारी उप निरीक्षक गौरव पाण्डेय, आबकारी उप निरीक्षक दिलीप भादे, सहित पुलिस स्टाफ शामिल था।

# झारखण्ड के 2.88 करोड़ राशन कार्ड धारकों को एकमुश्त दी जायेगी राशन

**एनपीटी ब्यूरो**



झारखण्ड के 2.88 करोड़ राशन कार्ड धारकों को अगले 3 महीने का राशन एकमुश्त दिया जायेगा। केन्द्र सरकार के आदेश के बाद राज्य सरकार ने भी राशन कार्ड धारकों को जून, जुलाई और अगस्त महीने का राशन एकमुश्त देने का आदेश दिया है। लाभुक 1-30 जून के बीच राशन का उठाव कर सकते हैं। बताया गया है कि आगामी मानसून में बाढ़ के सम्भावित खतरे की वजह से लाभुकों को 3 महीने का राशन एकमुश्त देने का आदेश दिया गया है। खाद्य, सार्वजनिक वितरण और उपभोक्ता मामले के विभाग ने सभी जिलों से कहा है कि वे लाभुकों को 3 महीने का राशन एकसाथ उपलब्ध कराए। निर्देश मिलते ही जिलों के विशेष अनुभाजन पदाधिकारी और खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी ने रविवार को विशेष बैठक बुलाकर राशन आपूर्ति कार्यों की समीक्षा की। प्रतिमाह 5 किलो चावल मिलता है गौरतलब है कि झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के तहत ग्रीन राशन कार्ड धारकों को प्रतिमाह 5 किलो चावल मिलता है वहीं जनवरी 2023 से इसी योजना के तहत लाभुकों को 5 किलो खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है। झारखण्ड में लगभग 7,89,106 ग्रीन कार्ड धारक परिवार हैं, जिसमें करीब 24,17,220 सदस्य हैं। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत जनवरी 2023 से केंद्र सरकार द्वारा राज्य को मुफ्त में खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है. इसमें पात्र गृहस्थ योजना और अन्त्योदय अन्न योजना के लाभुक शामिल होते हैं। अधिनियम के तहत ही दोनों ही योजना में परिवार को खाद्यान्न उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार को खाद्यान्न खरीदना पड़ता है। इसमें राज्य सरकार कोई राशि खर्च नहीं करती हालांकि खाद्यान्न परिवहन, हथालन और डीलर के कमीशन पर राज्य सरकार को व्यय करना पड़ता है। झारखण्ड में दो तरीके से होता है राशन वितरण। गौरतलब है कि झारखंड के 2.87 करोड़ लाभुकों को राशन का वितरण 2 तरीके से किया जाता है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत 2.63 करोड़ लाभुक शामिल हैं वहीं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम से वंचित रह गये लाभुकों को जनवरी 2021 से राज्य सरकार द्वारा झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के जरिये राशन मुहैया करवाया जाता है। इसके लिए ही ग्रीन कार्ड जारी किया जाता है।

# हेमन्त सोरेन ने सीएम आवास निर्माण की रखी आधारशिला

**एनपीटी ब्यूरो**



रांची, मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन अपनी पत्नी कल्पना सोरेन संग सोमवार को मुख्यमंत्री आवासीय परिसर में नये सीएम आवास निर्माण की आधारशिला रखी, साथ ही विधि- विधान से पूजा अचार्ना भी किया। सीएमओ की ऑफिशियल एक्स हैंडल पर तस्वीरों को साझा किया गया। जिसमें लिखा है मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन अपनी धर्मपत्नी और विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन के संग मुख्यमंत्री आवासीय परिसर में पूजा- अर्चना कर नए मुख्यमंत्री आवास निर्माण की आधारशिला रखी। गौरतलब हो कि, कांके रोड़ स्थित सीएम हॉउस जिसे कैफोर्ड हाउस के नाम से भी जाना जाता है. इसे तोड़कर पुनः नये सिरे से नए सीएम आवास का निर्माण किया जाना है। जिसे लेकर ही सीएम हेमन्त सोरेन ने सोमवार पत्नी कल्पना संग विधि- विधान से पूजा कर नए भवन की आधारशिला रखी। बता दें कि मुख्यमंत्री के नये आवास का काम भवन निर्माण विभाग द्वारा किया जा रहा है।

# भारतीय सेना और देश की रक्षा के लिए मदरसे में मांगी गई दुआ

नेशनल प्रेस टाईम्स व्यूरो



महागामा( गोड्डा ): भारतीय सेना की सुरक्षा और देश की रक्षा को लेकर मुस्लिम समुदाय द्वारा प्रखंड स्थित बदरुल मदरसे में एक विशेष आयोजन किया गया। इस दौरान मदरसे में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भारतीय सेना की सुरक्षा और देश की रक्षा के लिए विशेष दुआ की। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सीमा पर भारतीय सेना की तैनाती के बीच यह आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मदरसे के छात्र, शिक्षक और स्थानीय मुस्लिम समुदाय के सैकड़ों लोग उपस्थित थे। सभी ने एक स्वर में भारत की सुरक्षा और सेना की विजय के लिए प्रार्थना की।

मदरसा के शिक्षक मोहम्मद सरमुद्दीन ने कहा कि देश के लिए दुआ करना सबसे बड़ी इबादत है। उन्होंने कहा कि भारत की सलामती और सेना की सफलता उनकी सबसे बड़ी कामना है। उन्होंने कहा कि उनके लिए सबसे पहले उनका देश है। सभी ने मिलकर सैनिकों की सुरक्षा और विजय के लिए दुआ की। समुदाय ने भारतीय सेना की सफलता में पूर्ण विश्वास जताया।

# गहरे पानी में निष्प्राण पड़ा मिला नन्हे बच्चे का शरीर



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुर नगर थाना क्षेत्र के कालिकापुर शिव मंदिर के समीप तालाब से एक छोटे बच्चे का शव बरामद हुआ है। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि इस बच्चे के माता - पिता रविवार से ही उसकी तलाश कर रही थी। काफी खोजबीन करने के बावजूद भी उन्हें अपना बच्चा नहीं मिला। लेकिन दर्दनाक सिलसिले में उस वक्त नया माया मोड़ आया, जब तालाब किनारे पैंट शर्ट दिखाई दी। वही सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर आये और स्थानीय लोगों और गोताखोरों की सहयोग से तालाब की गहरे पानी में तलाशी अभियान चलाया गया और अंततः मासूम का नन्हा शरीर ठंडे पानी में निष्प्राण पड़ा मिला। वही वही इस हृदय विदारक घटना को लेकर मोहल्ले वासी सदमे में है कि आखिर यह हृदय विदारक दृश्य कैसे घटित हो गया।

# बसंतराय के धपरा गांव में आयोजित अखंड हरी कीर्तन में पहुंचे श्रम मंत्री



**एनपीटी ब्यूरो**

गोड्डा : बसंतराय प्रखंड अंतर्गत धपरा गांव में 24 घंटे के अखंड हरी कीर्तन में झारखंड सरकार के श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव शामिल हुए। वहीं इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की विभिन्न समुदायों को सुना और जल्द से जल्द सभी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। इस मौके पर पहुंचे मंत्री संजय यादव का ग्रामीणों ने फूल माला पहनाकर और भगवा अंग वस्त्र देकर उनका भव्य स्वागत किया। वहीं ग्रामीणों की समस्या सुनने के बाद मंत्री संजय यादव ने कहा कि मुख्य सड़क से प्लस टू उच्च विद्यालय घपरा तक बहुत जल्द पक्की सड़क का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने कहा की क्षेत्र में जल्द ही विकास के सारे काम पूरे कर लिए जाएंगे। कहा कि क्षेत्र में किसी तरह का आयोजन होता है तो मैं भाई, बेटा और परिवार के नाते पहुंचता हूँ, मुझे लोगों का प्यार मिलता रहा है। आज भी यहां के लोगों का प्यार हमें खींचकर इस चिलचिलाती धूप में भी ले आया है, जहां अपनों के बीच आकर सुकून सा लगता है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष के पास आलोचना के सिवा कोई काम नहीं बचा है। उन्होंने मौके पर मौजूद दर्जनों फरियादियों से उनकी फरियाद सुनी और निष्पादन का भरोसा दिलाया। मौके पर उप प्रमुख बजरंगी यादव, मुखिया आलमगीर, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि जयनारायण भगत, कैलाश पंडित, मोहम्मद कुद्दूस आलम, भोला रविदास, मोहम्मद हसनैन, आदि ग्रामीण मौजूद थे।

# अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर नर्सों को किया गया सम्मानित

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**



गोड्डा : अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन, गोड्डा के अंतर्गत संचालित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, रौटारा में एक गरिमामय सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शहरी क्षेत्र की समर्पित नर्सें- मीरा कुमारी, जूली कुमारी, सोनम कुमारी, अल्बीना सोरेन, रूपम कुमारी, पुष्पा कुमारी एवं रीना कुमारी के द्वारा केक काटकर नर्सिंग सेवा की जननी मानी जाने वाली नाइटिंगेल फ्लोरेंस को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया। वहीं कार्यक्रम के दौरान नर्सिंग सेवा के उच्च आदर्शों को अपनाते हुए सभी नर्सों ने फ्लोरेंस नाइटिंगेल के पदचिह्नों पर चलने और सेवा भावना से समाज की सेवा करने की सामूहिक शपथ ली। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण में वरिष्ठ एएनएम अराधना कुमारी द्वारा सभी नर्सों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

यह सम्मान उनके निःस्वार्थ सेवा और समर्पण को एक सराहनीय श्रद्धांजलि के रूप में प्रदान किया गया। यह कार्यक्रम न केवल नर्सों के योगदान को सम्मानित करने का अवसर बना, बल्कि स्वास्थ्य सेवा के प्रति जागरूकता और प्रेरणा का माध्यम भी रहा। मौके पर जिला शहरी स्वास्थ्य प्रबंधक जयशंकर, लैब टेक्नीशियन प्रभात कुमार झा, एवं शहरी स्वास्थ्य मिशन के ढेर सारे हेल्थ स्टाफ उपस्थित रहे।

## कतरासगढ़ स्टेशन पर ओवरब्रिज निर्माण को लेकर पावर ब्लॉक,ट्रेन परिचालन रहा बाधित

**एनपीटी ब्यूरो**

धनबाद (झा०खं०), बीते सोमवार को समय करीब शाम 4 बजकर 45 मिनट के बाद कार्य पूरा होने के बाद रेल परिचालन सामान्य रूप से बहाल कर दिया जायेगा। कतरासगढ़ स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या दो पर ओवरब्रिज निर्माण कार्य के लिए सोमवार को धनबादझ्रचंद्रपुरा रेलखंड में दो घंटे 30 मिनट का पावर ब्लॉक लिया गया। इस दौरान इस रेलखंड पर ट्रेनों का आवागमन पूरी तरह से बंद है। पावर ब्लॉक के चलते कई पैसेंजर और मेल-एक्सप्रेस ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हुआ। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, सुरक्षा कारणों से यह अस्थायी रोक आवश्यक थी, ताकि ब्रिज निर्माण का कार्य बिना किसी जोखिम के पूरा किया जा सके। यात्रियों को असुविधा से बचाने के लिए रेलवे ने पहले से सूचना जारी कर दी थी।

## बस स्टैंड से अज्ञात व्यक्ति का शव हुआ बरामद, जांच में जुटी पुलिस

एनपीटी ब्यूरो,

पाकुड़ (झा०खं०), जिले के महात्मा गांधी बस स्टैंड पर सोमवार सुबह एक दिल दहला देने वाला घटना प्रकाश में आया है। दरअसल यात्रियों की भीड़ से भरे इस बस अड्डे पर एक व्यक्ति चुपचाप अपनी अंतिम सांस ले चुका था। जिसकी खबर किसी को भी नहीं हुई। करीब 50 वर्षीय इन अज्ञात व्यक्ति यात्री शेड में लेटा हुआ था। लोगों को लगा कि वह आराम कर रहा है, लेकिन जब घंटों बीत जाने के बावजूद भी कोई हरकत नहीं हुई तो शंका हुआ। सूचना मिलते ही पाकुड़ नगर पुलिस मौके पर पहुंचे और वरीष्ठ अधिकारी के निर्देश पर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सोनाजोड़ी ले जाया गया। वही शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाने से पहले तक पुलिस उपस्थित लोगों से मृतक व्यक्ति के संदर्भ में जानने की कोशिश की। लेकिन वहां मौजूद किसी भी व्यक्ति ने मृतक के बारे में कुछ भी बताने में असमर्थ रहे। आशांका जताया जा रहा है कि इन अज्ञात व्यक्ति का मृत्यु हृदयरोग यानी हार्ट अटैक से हुआ होगा। समाचार लिखे जाने तक पुलिस आगे की कारवाई कर रही थी।

## बालूमाथ में संगठन सृजन अभियान को ले प्रखण्ड कांग्रेस की हु बैठक सम्पन्न

एनपीटी ब्यूरो,लातेहार (झा०खं०). लातेहार जिला अन्तर्गत बालूमाथ प्रखण्ड कांग्रेस कमिटी की बैठक का आयोजन प्रखण्ड कांग्रेस अध्यक्ष आमिर हयात की अध्यक्षता में किया गया।बैठक में बालूमाथ प्रखंड के विभिन्न पंचायतों से आए कांग्रेस कार्यकताओं ने भाग लिया।बैठक का आयोजन कांग्रेस पार्टी के संगठन सृजन अभियान के तहत आयोजित की गई थी ।जिसका उद्देश्य संगठन को बूथ स्तर तक मजबूती प्रदान करना और कार्यकताओं में नई ऊर्जा का संचार करना है। कार्यक्रम के दौरान संगठन की मजबूती, बूथ कमेटियों के गठन, जनसंपर्क अभियान को लेकर चर्चा की गई।इस अवसर पर प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष मो. आमिर हयात ने कहा, कांग्रेस पार्टी की जड़ें आम जनता से जुड़ी हुई हैं। संगठन सृजन अभियान के माध्यम से हम एक बार फिर गांव-गांव, घर-घर पार्टी को मजबूत करने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं। कार्यकताओं को संगठित कर, हर बूथ को मजबूत बनाना हमारा लक्ष्य है।वहीं बैठक में मौजूद वरिष्ठ कांग्रेस नेता मो. जुबैर ने कहा,आज का दौर संगठन को पुनः जीवंत और सशक्त बनाने का है। हमें कांग्रेस की मूल विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाना है।

# कब्जाधारियों के खिलाफ पीड़ित योगी दरबार मे लगायेगा गुहार

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**



थानाभवन। थानाभवन क्षेत्र के जलालाबाद नगर में दबंग कब्जाधारियों ने सरकारी बेशकीमती भूमि पर किया अवैध कब्जा स्थानीय निवासी एक व्यक्ति ने योगी दरबार में लगाई कब्जा हटाने की गुहार। थानाभवन क्षेत्र के जलालाबाद नगर निवासी पीड़ित आकिल पुत्र बसीर ने बताया कि कस्बे के ही दबंग कब्जाधारियों द्वारा गंगोह रोड स्थित करोडो की बेशकिमती भूमि को साठ गांठ कर कब्जा कर निर्माण कर लिया है। नगर के ही दबंग कब्जाधारियो गुड्डू , शराफत खा, तोहिद खा, करीम बेग द्वारा अवैध कब्जे किये है। जब भी इन दबंग कब्जाधारियों के खिलाफ अवैध कब्जो को लेकर कोई भी शिकायती पत्र दिये जाते है तो कब्जाधारियों द्वारा सफेद पोश नेताओं व अन्य अधिकारी से मिलीभगत कर कार्यवाही नही होने देते है। दबंग कब्जाधारियों द्वारा कस्बा जलालाबाद में सरकारी बेशकिमती भूमियो पर अवैध कब्जा कर लाखो रुपए में बेच देते हैं और जब पीड़ित द्वारा इस सम्बंध में कोई शिकायत करने पर दबंगो द्वारा पीडित शिकायकर्ता आकिल को उल्टे सीधे मुकदमे में फसाने और अंजाम भुगतने की धमकी दी जाती है। दबंग कब्जाधारियों की दहशत की वजह से मेरे दो भाई मानसिक बीमार हो गए है। पीड़ित आकिल का कहना है कि उच्चाधिकारी दबंग कब्जाधारियों के खिलाफ कारवाई करते हुए सरकारी भूमियो से अवैध कब्जा हटाये जाए। वही पीड़ित आकिल ने कहा कि अगर इन दबंग कब्जाधारियों के खिलाफ कार्रवाई और अवैध कब्जे नही हटे तो देश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दरबार जाकर लगाऊंगा न्याय की गुहार।

# पूर्व मंत्री बैद्यनाथ राम ने किया बायो फ्यूल्स पेट्रोल पंप का किया उद्घाटन

**एनपीटी ब्यूरो**



लातेहार (झा०खं०). लातेहार जिले के बारियातू प्रखण्ड मुख्यालय स्थित एनएच-99 रांची-चतरा मुख्य मार्ग पर सोमवार को जिले के पहले बायोफ्यूल्स पेट्रोल पंप का उद्घाटन भव्य समारोह के साथ किया गया। शाहदेव ब्रदर्स द्वारा संचालित इस पेट्रोल पंप का उद्घाटन पूर्व मंत्री बैद्यनाथ राम, बायोफ्यूल्स के डायरेक्टर अशुतोष कुमार सिंह, बालूमाथ के पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी बिनोद रवानी, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष राजेन्द्र गंझू, संचालक के माता पदमावती कुंवर, संचालक जय कालीनाथ शाहदेव व लाल आशिष नाथ शाहदेव, साल्वे पंचायत के मुखिया राजीव भगत, प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, उपप्रमुख निशा शाहदेव, पूर्व कांग्रेसी नेता मोतिउर्रहमान सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से वैदिक रीति से पूजा-अर्चना कर, नारियल फोड़ व फीता काटकर किया। कार्यक्रम के दौरान शाहदेव ब्रदर्स की ओर से सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ, शॉल व मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बायोफ्यूल्स के डायरेक्टर अशुतोष कुमार सिंह ने कहा कि ग्रामीण व पिछड़े क्षेत्रों के लिए बायोफ्यूल्स एक सस्ता, टिकाऊ व विश्वसनीय समाधान प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि यह ईंधन पूरी तरह सुरक्षित है और इससे वाहनों को किसी प्रकार की तकनीकी हानि नहीं होगी। साथ ही यह पारंपरिक ईंधन की तुलना में अधिक माइलेज व कम प्रदूषण सुनिश्चित करता है। डायरेक्टर सिंह ने बताया कि कंपनी उच्च गुणवत्ता वाले बायोफ्यूल्स की आपूर्ति सुनिश्चित करेगी, जिससे लोगों की पारंपरिक ईंधन पर निर्भरता घटेगी। साथ ही इसका उपयोग पर्यावरण संरक्षण में भी सहायक होगा। उन्होंने कहा कि कंपनी का उद्देश्य ग्रामीण जनता को बेहतर विकल्प देना है, जिससे आमजन को आर्थिक रूप से भी लाभ होगा। शाहदेव ब्रदर्स निभाएंगे जिम्मेदारी पंप के संचालक जय कालीनाथ शाहदेव ने कहा कि कंपनी ने जो जिम्मेदारी हमें सौंपी है, उसे पूरी ईमानदारी और निष्ठा से निभाएंगे। ग्राहकों को सुगमता से इंधन उपलब्ध कराना मेरी प्राथमिकता होगी। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री बैद्यनाथ राम ने कहा कि लातेहार जिले के लिए यह एक ऐतिहासिक क्षण है। जिले का पहला बायोफ्यूल्स पेट्रोल पंप बारियातू प्रखंड में खुला है, यह न केवल क्षेत्र को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाएगा, बल्कि स्थानीय युवाओं को रोजगार का अवसर भी देगा। उन्होंने शाहदेव ब्रदर्स को बधाई देते हुए कहा कि यह पंप विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर टोंटी पंचायत समिति सदस्य सह जेएमएम संगठन सचिव मो. होजैफा,कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रीगन कुमार,कांग्रेस नेता कामेश्वर भोगता, प्रदीप गंझू, मो. जुबैर, पूर्व कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष आमिर हयात, पूर्व जिलाध्यक्ष अवध।

# हाई-टेक वर्ल्ड स्कूल में धूमधाम से मनाया गया दो दिवसीय मदर्स डे समारोह

एनपीटी ब्यूरो

**गाज़ियाबाद।** वेव सिटी, गाज़ियाबाद स्थित हाई-टेक वर्ल्ड स्कूल में मदर्स डे के अवसर पर एक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें माताओं के सम्मान में विविध रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस उत्सव का मुख्य उद्देश्य माताओं की भूमिका को सम्मान देना और उन्हें एक मंच प्रदान करना था, जहाँ वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें। इस प्रतियोगिता में नर्सरी, प्री-नर्सरी, कक्षा एक और दो के बच्चों की माताओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम में कुकिंग विदाउट फायर, सलाद मेकिंग, और विशेष रूप से रैंप वाक जैसी प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। रैंप वाक में माताओं ने आत्मविश्वास से भरी



कॉन्फि डेंट वाक, बेस्ट ज्वैलरी, और रेट्रो थीम पर आधारित पोशाकों में भाग लेकर सभी का मन मोह लिया। उनकी प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और मातृत्व की गरिमा को एक नई पहचान दी। स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती इंदु शर्मा ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा, ₹यह मंच माताओं की प्रतिभा को उजागर करने का एक बेहतरीन अवसर है। हम ऐसे आयोजनों के माध्यम से उनके योगदान को सम्मानित करना चाहते हैं।

साथ ही, स्कूल के डाइरेक्टर डा० विहंग गर्ग महोदय ने भी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके प्रयासों की सराहना की और सभी विजेताओं को शुभकामनाएँ दीं।

चीफ एडमिन अखिलेश वर्मा ने बताया कि मातृशक्ति को और प्रशस्त करने के लिए फुटबॉल मैच का भी आयोजन किया गया, जिसमे 100 से अधिक बच्चों ने अपने -अपने माँ के नाम की टीशर्ट पहन कर उनके सम्मान में प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को सम्मानित किया गया और सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान किए गए। इस आयोजन ने न केवल माताओं को आत्म-अभिव्यक्ति का अवसर दिया बल्कि विद्यालय और परिवारों के बीच एक मजबूत संबंध को भी बढ़ावा दिया। हाई-टेक वर्ल्ड स्कूल परिवार द्वारा आयोजित यह समारोह सभी के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव बन गया।

# गोविंदपुरम में बुद्ध जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई

एनपीटी ब्यूरो

गाजियाबाद -भगवान गौतम बुद्ध की जयंती बड़ी ही धूमधाम से गोविंदपुरम में मनाई गई। डॉक्टर अंबेडकर जन कल्याण समिति के द्वारा अध्यक्ष हीरालाल की अध्यक्षता में तथागत गौतम बुद्ध की 2569 वी जयंती में गोविंदपुरम, कपूर्री पुरम, स्वर्ण जयंतीपुरम, गौड़ होम के समस्त बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर एवं तथागत गौतम बुद्ध के अनुयायियों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरूआत में धमाचार्य ललित चंद्र जी ने धमाचार्य श्री विशुद्ध नाथ जी के द्वारा बुद्ध वंदना कराई गई। सभी के द्वारा तथागत गौतम बुद्ध के चरणों में पुष्प अर्पित कर किए



गए धमाचार्य श्री ललित चंद्र जी ने उपस्थित उपासक, उपशिकाओं को संबोधित करते हुए कहा भगवान बुद्ध का धर्म स्वतंत्रता समानता बंधुता पर आधारित है तथा इनकी शिक्षाओं पर चलकर समाज व राष्ट्र का विकास हो सकता है। इस अवसर पर रिशाल सिंह के गीत भारत के भगवान बुद्ध का दुनिया में उजियारा जहां ज्ञान का दीपक जला वहां क्यों रहता आज अंधियारा। श्री गंगा चरण भारती के द्वारा गीत तेरा नाम बुद्ध स्वामी सुबह शाम गुनगुनाऊं। मांगे राम बौद्ध द्वारा गीत धम्मयक बुद्ध तथागत तुम करुणा बरसाने वाले हो, अज्ञान के घोर सदन में नवजोत जगाने वाले हो। इस अवसर पर शैलेंद्र जी, श्री रूप किशोर जी, बाबा वीर जी आदि ने लोगों को संबोधित किया संचालन सचिव आरपी सिंह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के पश्चात भोजन प्रसाद का व्यवस्था भी रही।

# समाजवादी पार्टी के कार्यालय पर भगवान बुद्ध की जयंती मनाई

एनपीटी ब्यूरो

**गाज़ियाबाद।** समाजवादी पार्टी के कार्यालय 4-आर.डी.सी, राजनगर गाजियाबाद पर भगवान बुद्ध की जयंती मनाई गई तथा उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए । इस अवसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन एवं महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट ने कहा कि भगवान गौतम बुद्ध ने हमेशा समाज को अहिंसा, त्याग और सत्य का संदेश देकर मानवता के कल्याण का मार्ग दिखाया। उन्होंने पूरे विश्व में शांति का संदेश दिया।भगवान बुद्ध ने करुणा, अहिंसा और समता का मार्ग दिखाया था। आज



जब देश में नफरत,भेदभाव और असमानता की राजनीति हावी है, भगवान बुद्ध का संदेश और भी प्रासंगिक हो गया है।बुद्ध पूर्णिमा हमें याद दिलाती है कि शासन का धर्म सेवा और न्याय है, सत्ता का घमंड नहीं। भगवान बुद्ध के द्वारा दिए गए अनमोल वचन प्रत्येक व्यक्ति को ज्ञान और जागरूकता के मार्ग पर ले जाने के लिए प्रेरित करते रहेंगे। इस अवसर पर फैसल हुसैन एडवोकेट जिला अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट महानगर अध्यक्ष राजन कश्यप महानगर महासचिव वरिष्ठ सपा नेता रमेश यादव एडवोकेट महानगर उपाध्यक्ष मनोज पंडित संदीप प्रधान जिला अध्यक्ष बाबा साहब बहिनी ताहिर हुसैन प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ कृष्ण कुमार यादव जिला सचिव अवधेश यादव जिला सचिव धीरेंद्र यादव अरुण सिंह सुभाष सिंह नवीन कुमार शर्मा रामपाल सिंह राजोरा अखिलेश सिंह खालिद हुसैन रिजवान चौधरी राहुल रावत कार्यालय प्रभारी।

# राष्ट्रीय सेवक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रोफेसर विनोद नागर का हुआ जोरदार स्वागत



नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो

अमरोहा,गजरौला।भारत राष्ट्रीय सेवक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रोफेसर विनोद नागर का जनपद आगमन पर जोरदार स्वागत हुआ।वह सोमवार को अमरोहा जनपद के ब्लॉक गजरौला के क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम टोकरा पट्टी में पहुंचे। वहां पहुंचते ही उनके समर्थको में खुशी की लहर दौड़ पड़ी।उनके समर्थकों ने उनके गले में फूल मालाएं डालकर कर गर्म जोशी के साथ उनका भव्य स्वागत किया।स्वागत के बाद उन्होंने अपने समर्थको से मुलाकात कर उनसे बातचीत कर उनका हाल चाल जाना और राष्ट्रीय सेवक संघ के बारे जानकारी दी।इस दौरान ग्राम टोकरा पट्टी निवासी डॉक्टर सतपाल यादव को राष्ट्रीय सेवक संघ के राष्ट्रीय संगठन प्रभारी के रूप में मनोनीत किया गया।इस बैठक में भारत राष्ट्रीय सेवक संघ के प्रदेश अध्यक्ष जसपाल सिंह चपराना और केके वर्मा भाटी की उपस्थिति में दर्जनो लोगो ने भारत राष्ट्रीय सेवक संघ की सदस्यता ग्रहण की।

# श्री ठाकुरद्वारा बालिका विद्यालय में मातृ दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

एनपीटी ब्यूरो

गाजियाबाद। श्री ठाकुरद्वारा बालिका विद्यालय में 10 मई को मातृ दिवस के अवसर पर क्ले मॉडलिंग तथा ग्रीटिंग कार्ड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय की छठी से दसवीं तक की छात्राओं ने प्रतिभाग किया। छात्राओं ने विभिन्न कलाकृतियों के माध्यम से मां के महत्व को दशार्या, कि किस प्रकार मां अपने जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग होती है। जो हमारे लिए बहुत कुछ करती है। प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 8 ग्रीटिंग कार्ड प्रतियोगिता में आराध्या, अरुशना सैफी, अनावीया, शिरीषा, वैष्णवी, कशिश, आफिया, शीजा, दृष्टि, माही, मन्नत शर्मा, ज्योत्सना शर्मा, अंशिका राय, अंकिता वर्मा व कुलसुम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

कक्षा नौ से ग्यारहवीं में क्ले मॉडलिंग प्रतियोगिता में लक्षिता, मन्नत अरोड़ा, जाकिया, अन्शीता, वीनी, दिव्या सैनी, अपर्णा, साक्षी सिंह, रवीशका त्यागी, तनवी राजपूत को उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इन सभी छात्राओं को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या पूनम शर्मा ने छात्राओं के प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए कहा कि मां बच्चों के जीवन में एक मार्गदर्शक का काम करती है। वास्तव में मां के बराबर कोई नहीं, जो अपने बच्चों को सही मार्ग पर चलने को प्रेरित कर देश का आदर्श नागरिक बनाती है।

# रायन इंटरनेशनल स्कूल गाज़ियाबाद में मदर्स डे का आयोजन, 80 से अधिक माताओं ने कार्यक्रम में लिया भाग



गाजियाबाद। माँ के निस्वार्थ प्रेम, देखभाल एवं त्याग को सम्मान अर्पित करने के उद्देश्य से रायन इंटरनेशनल स्कूल, गाज़ियाबाद में मदर्स डे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थापक डॉ. ए. एफ. पिन्टो एवं निदेशिका डॉ. ग्रेस पिन्टो के मार्गदर्शन में 9 मई को मदर्स डे का समारोह बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। इस विशेष अवसर पर 80 से अधिक माताओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। समारोह का शुभारंभ प्रभु वंदना, विशेष प्रार्थना एवं विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत भावपूर्ण प्रार्थना व नृत्य के साथ हुआ। कक्षा दो के नन्हे-मुन्ने छात्रों ने मनमोहक वेलकम डांस प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। विद्यालय की प्राचार्या अंजु शर्मा ने मुख्य अतिथि, निर्णायकगण रजत दीक्षित (एग्जीक्यूटिव शेफ, ट्राइडेंट होटल, मुंबई) एवं पूजा शर्मा (पैशनेट एजुकेटर एवं आर्टिस्ट) का नवोदित पौधा भेंट कर अभिनंदन किया तथा माताओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। माताओं द्वारा अपने बच्चों के जीवन निर्माण में किए गए अमूल्य योगदान को हृदय से सराहा गया। इस अवसर पर कई मनोरंजक एवं रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनमें प्रमुख रूप से मॉम एंड मी आर्ट अटैक प्रतियोगिता में माताओं और बच्चों ने मिलकर रचनात्मकता का परिचय देते हुए आकर्षक ग्रीटिंग कार्ड बनाए। म्यूज़िकल मॉम एक संगीतमय खेल था, जिसमें माताओं ने पूरे उत्साह और आनंद के साथ भाग लिया। वहीं कुकिंग विद लव प्रतियोगिता में माताओं ने बिना आग के स्वादिष्ट व्यंजन तैयार कर अपनी अद्भुत पाक-कला का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं में सक्रिय भागीदारी निभाने वाली सभी माताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभागी माताओं में प्रथम स्थान सारा फरीदी (मॉम एंड मी आर्ट अटैक), रेनू यादव (कुकिंग विद लव) तथा रुचिका (म्यूज़िकल मॉम) रहीं। यह दिन सभी माताओं के लिए मनोरंजन, उत्साह और अविस्मरणीय पलों से परिपूर्ण रहा।

# समाजवादी पार्टी कार्यालय पर महात्मा बुद्ध की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई

नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो

बाराबंकी। समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय बाराबंकी पर बोधिसत्व महात्मा बुद्ध जी की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई, महात्मा बुद्ध जी के पांच सिद्धांत व अष्टांग नियम को आत्मसात करते हुए अपने जीवन में धारण करने पर बल दिया गया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक रतनलाल राव ने अपने संबोधन में कहा कि महात्मा बुद्ध ने अपने तप बल और ज्ञान के बदौलत भारतवर्ष का नाम पूरे विश्व में आलोकित किया और बौद्ध धर्म को



भारत की सीमा से परे ले जाने का काम किया आज भी भारत वर्ष को महात्मा बुद्ध की धरती के रूप में जाना जाता है महात्मा बुद्ध ने सत्य और अहिंसा पर बल दिया महात्मा बुद्ध ने संदेश दिया कि जो तत्व और तर्क की कसौटी पर खरा उतरे वही सत्य है ऐसे महामानव ने सामाजिक समरसता का संदेश दिया, कार्यक्रम में जिला महासचिव हिमांशु यादव ,जिला उपाध्यक्ष विजय कुमार यादव, कोषाध्यक्ष प्रीतम वर्मा, जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार वर्मा, जिला उपाध्यक्ष कामता यादव, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य पूर्व ओएसडी सुरेश चंद्र गौतम, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र वर्मा पप्पू भैया, प्रदेश सचिव हुमायूं नईम खान, मोहम्मद आफाक, यशवंत यादव, जिला उपाध्यक्ष जसवंत यादव, बाबुल मिश्रा, जिला सचिव निषात खान एडवोकेट, पवन वर्मा, हिमांशु दीक्षित, शान सिद्दीकी, आजम मालिक, मेराज, कार्यालय प्रभारी राजकुमार वर्मा आदि लोग शामिल रहे।

# पुल निर्माण कार्य के लिए भूमि पूजन लगभग 40 लाख में बनेगा पुल

नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।

बाराबंकी । विधानसभा रामनगर के ब्लॉक सूरतगंज के भाई लाल रेती मजरे बसंतपुर मँझारा में पुल निर्माण कार्य के लिए भूमि पूजन आज क्षेत्र के विधायक फरीद महफूज किदवई ने किया , जिसकी लागत 40 लाख रुपए है। पुल के निर्माण शुरू होने से क्षेत्र की जनता में बेहद खुशी की लहर है , इस पुल के निर्माण से आस पास के दर्जनों गांवों ने राहत की सांस ली , यहां के लोग बताते है आजादी से लेकर आज तक किसी नेता विधायक ने हमारी तकलीफों को नहीं समझा, पुल न होने के कारण, 12 से 15 किलोमीटर दूर घूम कर जाना पड़ता था, अपने बच्चों को दूरी के कारण स्कूल नहीं भेज पाते थे, जिससे हमारा क्षेत्र शिक्षा के मायने में भी पीछे है , जब आमजन को इलाज की



आवश्यकता पड़ती थी बारिश के महीने में आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था, जिनको सिर्फ भगवान ही समझ सकते हैं गरीबों के मसीहा कहे जाने वाले अबकी बार विधायक फरीद महफूज किदवई ने, राष्ट्रीय प्रवक्ता फैजान किदवई, व विधायक प्रतिनिधि/प्रदेश सचिव लल्लन वर्मा ने लोगों के आवागमन के लिए पुल का भूमिपूजन किया ' इस पुल के बनने से ग्राम गोड़ा,मोहड़वा,बसंतपुर,भाई लाल रेती, बिझला, बेलपुरवा, भैरमपुर, गोवा,मोहड़िया, नयापुरवा आदि गांवों को लाभ होगा पूजा स्थल पर पहुंचे ही लोगों तांता उमड़ने लगा '।

इस मौके पर विधायक फरीद महफूज किदवई ने कहा रामनगर विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास और क्षेत्रवासियों को हर आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में हम निरंतर प्रयास रत हैं। इस पुल से न केवल लोगों को आवागमन में सहूलियत होगी बल्कि आर्थिक और सामाजिक रूप में भी में यह पुल एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित होगी '

# महिला स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर एमआईटी में जागरूकता कार्यशाला आयोजित

मेरठ। परतापुर बाईपास स्थित मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) में महिला स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एमआईटी वूमेन सेल और पिंकिशी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ पिंकिशी फाउंडेशन की राजरानी शर्मा, वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सीमा मलिक, करुणा शर्मा, रितु कौशिक, एमआईटी वूमेन सेल की प्रमुख डॉ. हेमा नेगी तथा मेरठ उद्यमी फाउंडेशन की सीईओ डॉ. माधुरी गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला के दौरान डॉ. सीमा मलिक ने छात्राओं को



मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाए रखने के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को रासायनिक साबुनों के प्रयोग से बचने और गुप्तांगों की सफाई के लिए केवल स्वच्छ पानी का उपयोग करने की सलाह दी। डॉ. मलिक ने बताया कि पानी पीएच स्तर को संतुलित बनाए रखता है, जिससे संक्रमण और सूखापन की आशंका कम होती है।

राजरानी शर्मा ने पिंकिशी फाउंडेशन द्वारा विद्यार्थियों के लिए किए जा रहे विभिन्न जनकल्याणकारी प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित किया कि वे अपने आसपास की महिलाओं को स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूक करें तथा निर्भीक होकर इन विषयों पर चर्चा करें।

करुणा शर्मा ने छात्राओं को योग के माध्यम से मासिक धर्म के दौरान होने वाले दर्द से राहत के उपाय बताए। उन्होंने बताया कि नियमित योग अभ्यास जीवनशैली को स्वस्थ बनाने में सहायक होता है और महिलाओं को शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनाता है। एमआईटी वूमेन सेल की हेड डॉ. हेमा नेगी ने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य महिलाओं को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और मासिक धर्म जैसे विषयों पर खुलकर संवाद की भावना विकसित करना है। इस अवसर पर छात्राओं को निःशुल्क सेनेटरी पैड वितरित किए गए।

कार्यक्रम में डॉ. माधुरी गुप्ता, डॉ. हेमा नेगी, सोनल अहलावत, रितिमा,रूपल चौधरी रही । मंच संचालन प्रिया चौधरी ने किया।

'नेशनल प्रेस टाइम्स'
दैनिक समाचार पत्र में एनसीआर के
विज्ञापन, न्यूज, आदि के लिए संपर्क करें।
सुखपाल सिंह (संपादक)
प्रमोद मिश्रा (सह-संपादक)
8448184482
एस.के. राणा (सह-संपादक)
8938805409
पता : 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद
फोन- 0120-4549844, मो. 9312606107
nationalpresstimes@gmail.com/
www.nationalpresstimes.com
नेशनल प्रेस टाइम्स की तरफ से मुफ्त कानूनी सलाह के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।
एडवोकेट आदर्श कुमार राय
(इलाहाबाद हाईकोर्ट)
09415624173

स्वामी' प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक सुखपाल सिंह ने 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं **बैकुंठ मीडिया, 47 बेसमेंट, नवयुग मार्केट, गाजियाबाद** (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित। RNI No. : UPHIN/2015/64579 मुख्य कार्यालय-209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद। मो. 9312606107, फोन- 0120-4549844, **nationalpresstimes@gmail.com/ www.nationalpresstimes.com** नोटः- समाचार पत्र से संबंधित किसी भी विवाद के निपटारे के लिए न्याय क्षेत्र गाजियाबाद ही होगा। *पीआरबी अधिनियम के अनुसार समाचार चयन और संपादन के लिए उत्तरदायी। समाचार पत्र में छपने वाले विज्ञापन की सत्य/ असत्य की जानकारी स्वयं करें, किसी भी विज्ञापन की असत्यता की जिम्मेदारी समाचार पत्र की नहीं होगी।